CMYK

अधिकतम :38°C
न्यूनतम: 27°C
सेंसेक्स 82,391.72
निफ्टी 25,104.25
सोना 99,070
चांदी 1,09,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, बुधवार 11 जून 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 290 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 14 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**कैटरीना कैफ बनीं मालदीव की ग्लोबल टूरिज्म एम्बेसडर**
विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**यार्कशायर के लिए खेलेंगे ऋतुराज गायकवाड़**
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### विदेश मंत्री का दावा: पाक को फिर उसी की भाषा में समझाएंगे

# पाक का तबाह एयरबेस राफेल की दक्षता का सबूत

**संघर्ष के मूल कारण यथावत बने हुए हैं, भारत ने दी पाकिस्तान को चेतावनी**



**ब्रुसेल्स।** भारत ने पाकिस्तान पर सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के लगभग तीन सप्ताह बाद पुन: चेतावनी दी है कि संघर्ष के मूल कारण अब भी यथावत बने हुए हैं और आगे कभी भी आतंकवादी हमलों से उकसाए जाने पर भारत पाकिस्तान में कहीं भी और किसी भी हद तक हमला करने के लिए तत्पर है।

विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने ब्रुसेल्स की यात्रा के दौरान बेल्जियम के समाचारपत्र पोलिटिको के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि यह (पाकिस्तान) एक ऐसा देश है जो राज्य की नीति के साधन के रूप में आतंकवाद के उपयोग में पूरी तरह से लिप्त है। यही पूरा मुद्दा है। यह पूछे जाने पर कि क्या पिछले महीने युद्ध शुरू होने की परिस्थितियां अभी भी हैं, उन्होंने कहा कि यदि आप आतंकवाद के प्रति प्रतिबद्धता को तनाव का मूल कारण कहते हैं, तो बिल्कुल, यह है। दस मई को सैन्य कार्रवाई रोकने के बाद से एक भारतीय अधिकारी द्वारा भारतीय पक्ष को हुए नुकसान के बारे में कुछ टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने कहा कि भारत के लड़ाकू विमानों और मिसाइलों ने पाकिस्तानी वायुसेना को इसके विपरीत कहीं अधिक व्यापक नुकसान पहुंचाया है, जिससे पाकिस्तान को शांति के लिए गुहार लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि जहां तक मेरा संबंध है, राफेल कितना प्रभावी था या अन्य प्रणालियां कितनी प्रभावी थीं – स्पष्ट रूप से, मेरे लिए प्रसन्नता का सबूत पाकिस्तानी पक्ष में नष्ट और अक्षम हवाई क्षेत्र हैं। लड़ाई 10 तारीख को एक कारण से और केवल एक कारण से बंद हुई, जो यह था कि 10 तारीख की सुबह हमने इन आठ पाकिस्तानी, मुख्य आठ पाकिस्तानी हवाई क्षेत्रों पर प्रहार किया और उन्हें अक्षम कर दिया।

## आतंकवाद का एकमात्र उद्देश्य भय फैलाना और समाज को अस्थिर करना है: नित्यानंद राय

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि आतंकवाद का एकमात्र उद्देश्य दुनिया भर में भय फैलाना और समाज को अस्थिर करना है इसलिए इसे निर्णायक रूप से पराजित करना जरूरी है। श्री राय ने मंगलवार को यहां 23वें राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में कहा कि आतंकवाद वैश्विक शांति, विकास और मानवाधिकारों के लिए सबसे गंभीर खतरा बन गया है। उन्होंने कहा कि हमारा अनुभव है कि आतंकवाद को पूरी तरह से हराने के लिए हमें केवल सैन्य कार्रवाई से ज्यादा की जरूरत है। इसके लिए वैश्विक सहयोग जरूरी है। देशों को एक साथ आना चाहिए, खुफिया जानकारी साझा करनी चाहिए और आतंकवादियों के इरादों तथा तंत्र का पर्दाफाश करना चाहिए जिससे कि उनके नेटवर्क को प्रभावी ढंग से खत्म किया जा सके। आतंकवाद की प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यह किसी एक देश की भौगोलिक सीमाओं तक सीमित नहीं है।

## यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड पर लगा 15 हजार हर्जाना

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने तथ्यों को छिपाकर निगरानी याचिका दाखिल करने पर यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड पर 15 हजार रुपये का हर्जाना लगाकर याचिका खारिज कर दी। यह मामला बरेली के एक मकान व इमामबाड़े के पास की 17 दुकानों की वक्फ डीड का था। न्यायाधीश जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने यह फैसला यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड की ओर से दाखिल पुनरीक्षण (निगरानी) याचिका पर दिया। इसमें विवादित संपत्तियों के लिए मुतवल्लियों की तैनाती के वक्फ ट्रिब्यूनल के वर्ष 2024 के एक फैसले को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया था।

## बेंगलुरु भगदड़: आरसीबी के मार्केटिंग हेड को राहत नहीं

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु भगदड़ मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट ने आरसीबी के मार्केटिंग प्रमुख निखिल सोसले को अंतरिम राहत देने से इन्कार कर दिया है। अदालत ने 11 जून तक आदेश सुरक्षित रखा है। चार जून को बेंगलुरु में चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने और उसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने इस मामले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विपणन प्रमुख निखिल सोसले को किसी प्रकार की अंतरिम राहत देने से मंगलवार को इन्कार कर दिया। अदालत ने सोसले की याचिका पर अपना आदेश 11 जून तक सुरक्षित रखा। सोसले को केंद्रीय अपराध शाखा ने छह जून को गिरफ्तार किया था। सोसले ने अपनी याचिका में छह जून को सुबह उन्हें गिरफ्तार किए जाने की वैधता पर सवाल उठाया था।

# पिछले 11 वर्षों में रक्षा क्षेत्र में दिया गया आत्मनिर्भरता पर विशेष जोर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देशवासी भारत को और मजबूत बनाने के संकल्प के साथ जिस तरह से एकजुट हुए हैं यह देखकर खुशी होती है: मोदी**



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा है कि देश में पिछले 11 वर्षों में रक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है और सरकार ने रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता पर विशेष जोर दिया है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के मौके पर शीर्ष नेतृत्व की ओर से सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया जा रहा है।

इसी कड़ी में प्रधानमंत्री ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में देशवासियों के सामूहिक संकल्प और रक्षा क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भरता तथा प्रौद्योगिकी में उत्कृष्टता की ओर ले जाने के अटूट दृढ़ संकल्प पर गर्व व्यक्त किया। श्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि पिछले 11 वर्षों में हमारे रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं, जिसमें आधुनिकीकरण और रक्षा उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बनने पर स्पष्ट ध्यान दिया गया है। देशवासी भारत को और मजबूत बनाने के संकल्प के साथ जिस तरह से एकजुट हुए हैं यह देखकर खुशी होती है।

## राजघाट पर अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की प्रदर्शनी आज से

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राजधानी में राजघाट पर 11 से 15 जून तक एक प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है, जिसमें सशक्तिकरण, समावेशिता और सांस्कृतिक गौरव के साथ सरकार की विभिन्न उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। मंत्रालय की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार राजघाट पर गांधी दर्शन के बिरसा मुंडा लॉन में 'लोक संवर्धन पर्व' नाम से इस कार्यक्रम की परिकल्पना समावेशी विकास के उत्सव के रूप में की गई है।

## यूपी में बदलेगा मौसम, गरजेंगे बदरा

**लखनऊ।** प्रचंड गर्मी और लू का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश में अगले 36 घंटों में आंधी और गरज चमक के साथ वर्षा का अनुमान व्यक्त किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 36 घंटों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं वर्षा अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने के आसार हैं, वहीं 12 जून से पूरे प्रदेश में कहीं-कहीं आंधी और बूंदाबांदी का अनुमान है। मौसम का बदला मिजाज 16 जून तक जारी करने की संभावना है। इस दौरान आंधी और वर्षा के चलते गर्मी से फौरी राहत मिलने की आशा है। विभाग के अनुसार मंगलवार को प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे में झांसी और आगरा में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। इस दौरान उष्ण हवाएं (लू) और उमस भरी गर्मी लोगों को झुलसाती रही।

## दिल्ली के अपार्टमेंट में आग, कूदने से दो बच्चों समेत तीन की मौत



**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका जिला स्थित एक अपार्टमेंट में आग लगने से दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। यह घटना पूर्वाह्न करीब 10:00 बजे द्वारका सेक्टर 13 स्थित शब्द अपार्टमेंट की है। आग की लपटों में घिरे फ्लैट से जान बचाने के लिए करीब 35 साल के यश और उनके परिवार के दो अन्य बच्चों ने सातवीं मंजिल की बालकनी से छलांग लगा दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को तत्काल पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि आग की इस घटना में यश की पत्नी और बड़े बेटे भी घायल हो गए। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने दमकल की आठ गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया।



## संक्षिप्त समाचार

### मुंबई में एमबीबीएस तीसरे वर्ष के छात्र ने की आत्महत्या

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में सरकारी सहायता प्राप्त मेडिकल कॉलेज और सर जे जे अस्पताल में एमबीबीएस के तीसरे वर्ष के एक छात्र ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा प्राथमिक जांच से पता चला है कि छात्र अवसाद में था। पुलिस के अनुसार रोहन रामफेर प्रजापति (22) ने रविवार रात सर जे जे अस्पताल परिसर में अपने छात्रावास के कमरे के छत पंखे से कथित तौर पर फांसी लगा ली। घटना का पता तब चला जब उसका रूममेट रितेश विश्वकर्मा उसी दिन रात 10-50 बजे छात्रावास के कमरे में आया। उन्होंने बताया कि प्रजापति को अस्पताल के आपातकालीन खंड में ले जाया गया लेकिन उसे मृत घोषित कर दिया गया। प्रजापति का शव उसके माता-पिता को सौंप दिया गया है और जांच जारी है।

### बस्ती में हाईटेंशन तार से चिपककर सगे भाइयों की मौत

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश में बस्ती जिले के नगर थाना क्षेत्र मे मंगलवार को हाईटेंशन तार की चपेट में आने से दो सगे भाईयों ी मौत हो गई। पुलिस सूत्रो ने बताया कि क्षेत्र के खुटहन गांव निवासी विश्वबल्लभ यादव (23) और शशि भूषण (25) सगे भाई है। मंगलवार को किसी काम के लिए दोनो एक लोहे की सीढ़ी ले जा रहे थे कि रास्ते में सीढ़ी हाईटेंशन तार में स्पर्श हो गई और दोनो गंभीर रुप से झुलस कर अचेत हो गए। दोनो को आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि 10 फिट पर लटक रहे हाईटेंशन तार को ऊपर करने के लिये कई बार बिजली विभाग में शिकायत किया गया लेकिन बिजली विभाग द्वारा कुछ नहीं किया गया।

### आरक्षण पर जम्मू-कश्मीर कैबिनेट ने मसौदा तैयार किया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में मौजूदा आरक्षण नीति के खिलाफ शिकायतों पर गौर करने के लिए पिछले साल गठित जम्मू-कश्मीर कैबिनेट उप-समिति ने अपनी रिपोर्ट का मसौदा तैयार कर लिया है, जिसे कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा। यह जानकारी कैबिनेट उप-समिति की प्रमुख जम्मू-कश्मीर की मंत्री सकीना इटू ने दी है।

### फारूक अब्दुल्ला वंदे भारत में सवार हुए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को श्रीनगर के नौगाम रेलवे स्टेशन से कटरा तक वंदे भारत ट्रेन में सफर किया और इस सेवा की सराहना की तथा इसे स्थानीय लोगों और पर्यटन के लिए वरदान बताया। गौरतलब है कि नौगाम रेलवे स्टेशन उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो कश्मीर को जम्मू क्षेत्र और शेष भारत से जोड़ता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई घाटी को जम्मू के कटरा शहर से जोड़ने वाली दो सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनों का परिचालन सात जून को शुरू हुआ। अब्दुल्ला ने ट्रेन में सवार होने से पहले संवाददाताओं से कहा कि ट्रेन सेवा पर्यटन को महत्वपूर्ण बढ़ावा देगी और निवासियों के लिए यात्रा को आसान बनाएगी।

# भारतीयों पर अत्याचार को लेकर ट्रम्प से बात करें पीएम

नई दिल्ली, वार्ता

■ अमेरिकी राष्ट्रपति दबाव बना रहे: कांग्रेस

कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिका में भारतीयों को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारतीयों पर हो रहे अत्याचार को रोकने में विफल रहे हैं, इसलिए अब श्री मोदी को तत्काल अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से इस बारे में बात करनी चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने मंगलवार को यहां सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका में भारतीय नागरिकों के सम्मान को ठेस पहुंचाई जा रही है और अपमानित करने की घटना ट्रम्प के राष्ट्रपति पद पर बैठने के साथ से आरंभ हो गई थी जो रुकने का नाम नहीं ले रही है। रमेश ने कहा कि मोदी सरकार भारत और भारतीयों के सम्मान की रक्षा करने में विफल हो रही है। पहली बार किसी अमे. रिकी राष्ट्राध्यक्ष ने वॉशिंगटन डीसी में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति लगातार भारत पर दबाव बनाए रखने का श्रेय ले रहे हैं। इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी युद्ध विराम या अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों पर बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पाए हैं। भारत और भारतीयों के सम्मान की रक्षा करना पीएम की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों में से एक है। हम मांग करते हैं कि मोदी राष्ट्रपति ट्रंप से बात करें और भारतीयों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों और अमेरिका में भारतीय छात्रों में व्याप्त भय के मामले में हस्तक्षेप करने की अपील करें।

# छह राज्यों में लू का अलर्ट, बारिश की संभावना नहीं

नई दिल्ली, वार्ता



■ 47.3 डिग्री पारे के साथ श्रीगंगानगर सबसे गर्म, असम में अब भी 1.63 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित

देश के उत्तरी राज्यों में तेज गर्मी का दौर जारी है। देश के 6 राज्यों के 18 शहरों का तापमान सोमवार को 45 डिग्री के ऊपर रहा। इन राज्यों में राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली और ओडिशा शामिल हैं। राजस्थान का श्रीगंगानगर 47.3 डिग्री पार के साथ देश में सबसे गर्म रहा।

दिल्ली-एनसीआर समेत पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के ज्यादातर जिलों में मंगलवार को भी हीट वेव और तेज गर्मी की चेतावनी जारी रही। दिल्ली में आज भी तापमान 45 डिग्री पार के पास जा सकता है। राज्य में अगले दो दिन के लिए हीट वेव-गर्मी का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने राजस्थान में तेज हीट वेव का रेड अलर्ट जारी किया है।

सबसे ज्यादा असर पश्चिमी जिलों जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, पाली, जालोर, सिरोही में है। हरियाणा में भी सोमवार को तापमान 45 डिग्री के आंकड़े को भी पार कर गया। प्रदेश में सिरसा 46.4 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म रहा। असम में बाढ़ की स्थिति में सुधार तो हुआ है, लेकिन राज्य के 1.63 लाख लोग अभी भी बाढ़ से प्रभावित हैं। राज्य में इस साल बाढ़ और लैंडस्लाइड की घटनाओं में 27 लोगों की मौत हो चुकी है। फिलहाल कोई भी नदी खतरे के निशान के ऊपर नहीं बह रही है। पिछले 6 साल की तुलना में इस साल आंध्र प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून पहले आया, लेकिन यह भरपूर नहीं रहा। जून के पहले नौ दिनों में 59प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई। इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून 4 जून की अपनी सामान्य तारीख से 9 दिन पहले 26 मई को आंध्र प्रदेश पहुंचा था।

इन दिनों में राज्य में 24.4 एमएम की सामान्य औसत बारिश के मुकाबले केवल 10.1 एमएम औसत बारिश दर्ज की गई। पूरे राज्य में चार जिलों- कोनासीमा, बापटला, पूर्वी गोदाव. री और कृष्णा के अलावा केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के खास इलाके में पहले 9 दिनों में बारिश नहीं हुई। आंध्र प्रदेश के तटीय इलाके, यनम मंडल के दो जिले अनकापल्ली-विजयनगरम में सामान्य वर्षा हुई। श्रीकाकुलम में ज्यादा बारिश हुई। एलुरु में 80प्रतिशत, गुंटूर 95 प्रतिशत, काकीनाड़ा 66 प्रतिशत, एनटीआर 81प्रतिशत, एसपीएसआर नेल्लोर 64 प्रतिशत और पश्चिम गोदावरी जिलों में 96 प्रतिशत कम बारिश हुई।

## सीएम योगी ने सपा पर हमला बोलते हुए पूछा सवाल

# विदेशी आक्रांताओं के खिलाफ क्यों नहीं बोली

बहराइच, वार्ता



■ सुहेलदेव समेत सभी महापुरुषों का सम्मान क्यों नहीं किया गया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि मुस्लिम वोट बैंक के कारण समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के नेता विदेशी आक्रांताओं के खिलाफ एक भी शब्द नहीं बोलते थे। कांग्रेस, सपा व अन्य दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने सवालिया अंदाज में कहा कि सपा कांग्रेस के लोगों ने क्या किया।

महाराजा सुहेलदेव समेत अन्य महापुरुषों को पहले क्यों सम्मान नहीं मिल पाया। इनके नाम पर भव्य स्मारक, मेडिकल कॉलेज, विश्व. विद्यालय पहले क्यों नहीं बना, क्योंकि उन्हें वोटबैंक की चिंता थी। महापुरुषों का नाम रखने पर तुष्टिकरण की नीति फेल न हो जाए। जब भाजपा देश-प्रदेश में लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मना रही थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के नाम पर सरदार पटेल की सबसे बड़ी प्रतिमा केवड़िया गुजरात में स्थापित कराई, तब सपा राष्ट्रतोड़क जिन्ना का गुणगान कर रही थी। जब हम लोग महाराजा सुहेलदेव के विजयोत्सव को मनाने की बात करते थे, तब सपा व कांग्रेस में होड़ लगती थी कि गाजी मियां का विवाह होना चाहिए। हमने कहा कि विदेशी आक्रांताओं का महिमामंडन बंद और राष्ट्रनायकों का सम्मान होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को चित्तौरा ब्लॉक के मसीहाबाद ग्रामसभा में महाराजा सुहेलदेव के विजयोत्सव कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होने 40 करोड़ से बने महाराजा सुहेलदेव स्मारक का उद्घाटन और महाराजा सुहेलदेव की कांस्य की 40 फिट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने 1243 करोड़ की 384 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास भी किया। उन्होने यहां 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधरोपण भी किया। गाजी के नाम पर होने वाले आयोजनों को इस बार से पूरी तरह से बंद कराने वालों को सीएम ने धन्यवाद दिया। उन्होने जयंती पर महाराजा बलभद्र सिंह को भी याद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक हजार वर्ष पहले महाराजा सुहेलदेव ने विदेशी आक्रांताओं को जवाब देने की मिसाल प्रस्तुत की थी, लेकिन इतिहास में उन्हें जो सम्मान मिलना चाहिए था, वह नहीं मिला। पीएम मोदी के विकास व विरासत के अभियान को बढ़ाते हुए भाजपा की डबल इंजन सरकार ने उन्हें सम्मान देने का संकल्प लिया था।

### बदायूं, बिजनौर समेत चार जिलों के धार्मिक स्थलों की विकास योजनाओं को मिली स्वीकृति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आध्यात्मिक और विरासत पर्यटन को सशक्त बनाने के प्रयासों के तहत पर्यटन विभाग ने बदायूं, कौशांबी, प्रतापगघ और बिजनौर जिले के महत्वपूर्ण धार्मिक एवं बौद्ध स्थलों के विकास के लिए दो करोड़ 45 लाख रुपए से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को कहा कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य न केवल पर्यटन स्थलों की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करना है, बल्कि पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाना तथा पर्यटन क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को गति देना भी है।

### खुद को तपाकर मोदी ने भारतीयों को बनाया विश्वास का प्रतीकः सीएम

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के अब तक के 11 वर्षों के कार्यकाल को विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का स्वर्णिम काल करार देते हुए यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को न केवल वैश्विक पहचान दी है, बल्कि स्वयं को तपाकर और खपाकर 140 करोड़ भारतवासियों को भी एक विश्वास का प्रतीक बनाया है। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का 11 वर्ष का यह कार्यकाल नए भारत को एक विकसित, आत्मनिर्भर, स्वर्णिम कालखंड के रूप में प्रस्तुत करता है। इस स्वर्णिम कालखंड के लिए हम उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तर प्रदेश वासियों की ओर से प्रधानमंत्री को बधाई देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, आजादी के 65 वर्षों में कांग्रेस नेतृत्व और अन्य अस्थिर सरकारों के कारण आमजन का विश्वास टूटा था, विश्वास खंडित हुआ था, वैश्विक मंच पर भारत की छवि तार-तार हुई थी। पिछले 11 वर्षों के अंदर प्रधानमंत्री मोदी के रूप में भ्रष्टाचार से मुक्त, परिवारवाद से मुक्त, तुष्टिकरण की राजनीति से मुक्त, एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने वाला एक ऐसा नेतृत्व मिला है जिन्होंने पूरे भारत को विश्वास का प्रतीक बनाकर भारत को विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की एक सुदृढ़ नींव का निर्माण करते हुए अगले 25 वर्ष के व्यापक कार्य योजना पूरे भारतवासियों के सामने प्रस्तुत की है। उन्होंने कहा कि इन 11 वर्षों में भारत में न केवल सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से बल्कि सुरक्षा की मोर्चे पर, सुशासन के मोर्चे पर और आर्थिक मोर्चे पर भी एक नई पहचान बनाई है। शासन की नीति स्पष्टता, कार्य प्रणाली की पारदर्शिता और जनता के प्रति जवाबदेही अब शासन की एक नई पहचान बनी है।

# यूपी में जल्द आएंगे नए ईएसआई अस्पताल

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मेरठ, शाहजहांपुर व बरेली में चल रहा तेजी से निर्माण कार्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश का श्रम एवं सेवायोजन विभाग कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) योजना के तहत श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार कर रहा है और इसी कड़ी में सरकार ने मेरठ, बरेली, शाहजहांपुर, गोरखपुर और ग्रेटर नोएडा में नए अस्पतालों के निर्माण के साथ-साथ ग्रेटर नोएडा और वाराणसी में ईएसआई निगम मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि ईएसआई योजना के तहत वर्तमान में श्रमिकों को प्राथमिक और द्वितीयक चिकित्सा देखभाल, सुपर स्पेशियलिटी उपचार और आकस्मिक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके तहत बीमांकित कर्मचारियों और उनके परिजनों को राजकीय मेडिकल कॉलेजों या जिला अस्पतालों में रेफर कर उपचार सुनिश्चित किया जाता है, साथ ही स्वयं के खर्च पर उपचार की प्रतिपूर्ति भी की जाती है। प्रदेश में ईएसआई निगम के 109 अनुबंधित निजी चिकित्सालयों में कैशलेस उपचार उपलब्ध है। इसके अलावा, रोग रोकथाम और स्वास्थ्य संवर्धन के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। डाट्स सेंटर के माध्यम से टीबी की निष्शुल्क जांच और उपचार प्रदान किया जा रहा है। चिकित्सा अवकाश प्रमाणीकरण की सुविधा भी इस योजना का हिस्सा है। उन्होने बताया कि सरकार की भावी योजनाओं में स्वास्थ्य ढांचे का विस्तार और आधुनिकीकरण प्राथमिकता पर है। मेरठ, शाहजहांपुर और बरेली में नए अस्पतालों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जबकि गोरखपुर और ग्रेटर नोएडा में नए अस्पतालों के लिए गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण को भूमि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। ग्रेटर नोएडा और वाराणसी में ईएसआई निगम मेडिकल कॉलेज की स्थापना भी करने का निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त, 12 नए औषधालयों की स्थापना की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के पीआईपी प्लान के तहत 237.50 लाख रुपये और 2025-26 के लिए 80.90 लाख रुपये के उपकरणों की स्वीकृति ईएसआई निगम से प्राप्त हो चुकी है, जिससे अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध होंगे।

## अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार

# बिकवाली से शेयर बाजार की तेजी थमी

मुंबई, वार्ता



विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं, दूरसंचार, और रियल्टी समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार की पिछले लगातार चार दिनों की तेजी आज थम गई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 53.49 अंक गिरकर 82,391.72 अंक रह गया वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी मामूली बढ़त के साथ 25104.25 अंक पर सपाट बंद हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2991 कंपनियों के शेयरों में से 1609 में तेजी जबकि 1302 में गिरावट रही वहीं 80 में टिकाव रहा। बीएसई के आठ समूहों में बिकवाली हुई। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। शुरुआती कारोबार में संसेक्स 199 अंक की तेजी के साथ 82,643.73 अंक पर खुला, लेकिन भारी बिकवाली से थोड़ी देर बाद ही 82,240.40 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 82,445.21 अंक के मुकाबले 0.06 प्रतिशत उतरकर 82,391.72 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी भी25,199.30 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 25,103.20 अंक की तुलना में मामूली बढ़त के साथ 25,104.25 अंक पर सपाट बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में एशियन पेंट 1.27, बजाज फाइनेंस 1.16, टाटा स्टील 0.99, बजाज फिनसर्व 0.92, आईसीआईसीआई बैंक 0.84, मारुति 0.82, रिलायंस 0.69, महिंद्रा एंड मलहद्रा 0.65, एचडीएफसी बैंक 0.64, भारती एयरटेल 0.62, इटरनल 0.45, एसबीआई 0.37, सन फार्मा 0.29 और टाइटन 0.28 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, टेक महिंद्रा 2.27, टाटा मोटर्स 2.01, इंफोसिस 1.51, एचसीएल टेक 1.18, इंडसइंड बैंक 1.17, टीसीएस 1.16, अल्ट्रासिम्को 1.16, आईटीसी 0.96, एक्सिस बैंक 0.93, नेस्ले इंडिया 0.78, एनटीपीसी 0.64, अदानी पोर्ट्स 0.51, कोटक बैंक 0.42, पावरग्रिड 0.18 और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर लाभ में रहे।

### यूपी को निवेश का हब बनाने के लिए जुटेंगे निवेशक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वैश्विक निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से 10 जून को लखनऊ में एक दिवसीय ' वैश्विक क्षमता केंद्र कॉन्क्लेव' का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान उद्योग जगत के निवेशकों, नीति निर्माताओं और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ गहन विचार-विमर्श भी होगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार, तथा आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग यादव इस कॉन्क्लेव के मुख्य वक्ता होंगे। इनके साथ नासकॉम के उत्तर भारत क्षेत्र के प्रमुख अमित वर्मा भी उपस्थित रहेंगे, जो उद्योग की दृष्टि साझा करेंगे।

# खाद्य तेल चढ़ा, अन्य जिंसों के भाव रहे स्थिर

नई दिल्ली, वार्ता



■ चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस पर रहे दालों में भी रहा टिकाव

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव बढ़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल महंगा हो गया, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 40 रिंगिट उतरकर 3880 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.15 सेंट की तेजी के साथ 47.53 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सरसों तेल में 182 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5700-5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3650-3750 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 16666 रुपये, मूंगफली तेल 17802 रुपये, सूरजमुखी तेल 16116 रुपये, सोया रिफाइंड 13919 रुपये, पाम ऑयल 13765 रुपये और वनस्पति तेल 14798 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# यूपी के 28 हजार चौराहों का होगा कायाकल्प

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उत्तम कनेक्टिविटी युक्त प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश में 2000 रुपए की धनराशि खर्च कर 28,830 चौराहों का कायाकल्प करेगी। लोकनिर्माण विभाग द्वारा इस विषय में एक खाका तैयार किया गया है। इसके अनुसार, प्रदेश में वर्ष 2021 से 24 के बीच 1435 ब्लैक स्पॉट्स पर दीर्घकालिक व अल्पकालिक सुधार कार्यों को पूरा किया गया है। वहीं, प्रदेश में बड़े स्तर पर दो लेन से कम चौड़ाई वाले मार्गों को न्यूनतम दो लेन (पेव्ड शोल्डर युक्त) करने की तैयारी है जिससे पैदल यात्रियों को सहूलियत मिलेगी। इसके साथ ही, 50 किमी से अधिक लंबाई वाले राज्यमार्गों पर ट्रक ले-बाई के निर्माण कार्य में भी तेजी लाने की तैयारी है। इन सभी कार्यों के जरिए प्रदेश में रोड सेफ्टी को बढ़ावा देने और यातायात सुधार की प्रक्रिया में तेजी लायी जाएगी। विभाग द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार, ऐसे राज्य मार्ग जिनकी चौड़ाई 2 लेन से कम है या फिर दो लेन होने के बावजूद वहां पेव्ड शोल्डर कार्यों को पूरा नहीं किया गया है उसे पूरा करने पर योगी सरकार का फोकस है। प्रक्रिया के जरिए 748 करोड़ रुपए की लागत से 895 पेव्ड शोल्डर की चौड़ाई के कार्यों को पूरा किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी राज्यमार्ग कम से कम 2 लेन चौड़े तथा पेव्ड शोल्डर युक्त हों जिससे पैदल यात्रियों व साइकिल इत्यादि से चलने वाले राहग. ीरों की सुविधा व सुरक्षा में इजाफा होगा। प्रक्रिया के अंतर्गत 50 किमी से अधिक लंबाई वाले राज्यमार्गों पर ट्रक ले-बाई के निर्माण कार्य को पूरा करने की तैयारी है। इसके लिए कुल 102 कार्य निर्धारित हैं जिसके जरिए 8,887-88 किमी की लम्बाई पर इन कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रदेश में ऐसे स्थान जहां यातायात परिवहन की वास्तविक गति उसने निर्माण के दौरान प्रस्तावित डिजाइन गति से 50 प्रतिशत या कम है, ऐसे सभी मार्गों को चिन्हित कर लिया गया है।

# निजीकरण का टेंडर होते ही करेंगे हड़ताल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स की राष्ट्रीय कोर कमेटी की दिल्ली में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण का टेंडर होते ही पूरे देश के 27 लाख बिजली कर्मी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल करेंगे।

कोऑर्डिनेशन कमिटी के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने बताया यह भी निर्णय लिया गया कि उत्तर प्रदेश में चल रहे बिजली के निजीकरण के विरोध में आगामी 02 जुलाई को पूरे देश में व्यापक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उप्र में चल रही बिजली की निजीकरण की प्रक्रिया के विरोध में आगामी 09 जुलाई को देशभर के तमाम बिजली कर्मी निजीकरण के विरोध में राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स ने केंद्र सरकार से मांग की है कि किसानों, आम घरेलू उपभोक्ताओं और गरीब उपभोक्ताओं के व्यापक हित में केंद्र सरकार तत्काल हस्तक्षेप कर उत्तर प्रदेश में चल रही बिजली की निजीकरण की प्रक्रिया को निरस्त कराए। बैठक में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे, ऑल इंडिया पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन के सेक्रेटरी जनरल अभिमन्यु धनकड़, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज के जनरल सेक्रेटरी मोहन शर्मा, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी सुदीप दत्ता, ऑल इंडिया पावर मेंस फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी आर के शर्मा, तमिलनाडु इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइज फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी ए सेकीजार, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के उपाध्यक्ष सुभाष लांबा, ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के ए के जैन ,यशपाल शर्मा और सत्यपाल मुख्यतया उपस्थित थे। लखनऊ में आगामी 22 जून को किसानों, आम घरेलू उपभोक्ताओं और बिजली कर्मियों की हो रही महापंचायत में कोऑर्डिनेशन कमेटी के राष्ट्रीय पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। 22 जून की महापंचायत बिजली के निजीकरण के विरोध में निर्णायक जन आंदोलन का फैसला लिया।

### निजीकरण के खिलाफ उपभोक्ता परिषद ने की सीबीआई जांच की मांग

**लखनऊ।** विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश में 43454 करोड़ खर्च कर सिस्टम में व्यापक बदलाव के जरिये 42 जिलों के 51 प्रतिशत शेयर निजी घरानो को बेचने की साजिश की जा रही है। इस संबंध में उपभोक्ता परिषद ने प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति शिकायती प्रस्ताव भेज कर कहा कि इसमें केंद्र का धन भी शामिल है जिसके कुछ नौकरशाहों की भूमिका संदिग्ध है। उन्होने मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा कि यह देश का पहला ऐसा मामला जहां पर सरकारी धन का उपयोग करके निजी घरानो को उपकृत करने की साजिश चल रही है। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा की तरफ से एक साक्ष्य आधारित प्रस्ताव राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजते हुए सरकारी धन का दुरुपयोग बताते हुए पूरे मामले पर हस्तक्षेप करते हुए इस भ्रष्टाचार से पर्दा उठाने के लिए सीधे सीबीआई जांच की मांग उठाई गई है और कहां गया है इसमें ऊर्जा सेक्टर के कुछ नौकरशाह की भूमिका संदिग्ध है। श्री वर्मा ने कहा कि आरडीएसएस योजना में बिजली कंपनियों पर जो लगभग 43454 करोड़ खर्च हो रहा है उसका ज्यादातर भाग भारत सरकार के खजाने से आ रहा है इसलिए इस पर भ्रष्टाचार के मामले में सीधे भारत सरकार सीबीआई की जांच करा सकती है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer — HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CMYK



## पंचायतों में आरक्षण का नोटिफिकेशन जारी

**50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा आरक्षण**

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** उत्तराखंड शासन ने पंचायतों में प्रशासकों का कार्यकाल बढ़ाने के बाद अब आरक्षण का नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। मंगलवार को पंचायतों में आरक्षण का नोटिफिकेशन जारी करते हुए पंचायती राज सचिव चंद्रेश यादव ने कहा कि सेवानिवृत न्यायाधीश बीएस वर्मा की अध्यक्षता में गठित एकल सदस्य समर्पित आयोग ने 27 फरवरी 2025 को प्रदेश के 12 जिलों में सभी स्तरों की पंचायत में पद और स्थान का आरक्षण निर्धारण से संबंधित रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपी थी। ऐसे में प्रदेश के हरिद्वार जिले को छोड़ बाकी 12 जिलों में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 के लिए पद और स्थान पर आरक्षण का निर्धारण साल 2011 की जनगणना के आधार पर किया जाएगा। आरक्षण की सूची, अनुसूचित जनजातियों की महिलाएं, अनुसूचित जनजातियों, अनुसूचित जातियों की महिलाएं, अनुसूचित जातियां, पिछड़े वर्गों की महिलाएं, पिछड़े वर्ग और महिलाएं के क्रम में जारी किए जाएंगी। जिला पंचायत अध्यक्ष के पदों का आरक्षण, अनुसूचित जनजाति के शून्य पद, अनुसूचित जाति के 02 पद और अन्य पिछड़ा वर्ग के दो पद आरक्षित किये जायेंगे।

# पीएम ने तय की परफॉर्मेंस ऑफ पॉलिटिक्स की नई संस्कृति: धामी

■ बदला सरकार का अर्थ, जन सहभागिता शासन की आत्मा बनी
■ कहा -पीएम मोदी के नेतृत्व में वैश्विक शक्ति बना भारत
■ मोदी सरकार ने जन आकांक्षाओं को धरातल पर उतारने का काम किया: सीएम



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पीएम मोदी ने देश की राजनीति मे परफॉर्मेंस ऑफ पॉलिटिक्स की एक नयी संस्कृति स्थापित की है। अब सरकार का अर्थ बदल गया है। अब सरकार रिफॉर्म, परफॉर्म तथा ट्रांसफॉर्म की भावना से संचालित हो रही है। वहीं जन सहभागिता शासन की आत्मा बन गयी है।

मोदी सरकार के शानदार 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा मुख्यालय मे आयोजित कार्यक्रम मे मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के इतिहास में पीएम मोदी का कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होगा। भारत ने वैश्विक मंच पर आज सशक्त, सक्षम और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में अलग पहचान बनाई है । विकसित भारत निर्माण में योगदान के लिए हम भी उत्तराखंड को विकसित बना रहे है, जिसमें प्रत्येक ग्राम, तहसील, शहर का उत्थान शामिल है। वहीं इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्री महेंद्र भट्ट ने कहा, विकसित भारत संकल्प सिद्धि तक पीएम मोदी के नेतृत्व में 140 करोड़ देशवासियों का यह प्रयास अनवरत जारी रहेगा।

सीएम ने प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट के साथ वहां केंद्र की 11 वर्ष की उपलब्धि आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। सीएम ने कहा कि, मोदी सरकार का कार्यकाल श्विकसित भारतश् और श्आत्मनिर्भर भारतश् के ष्संकल्प की सिद्धिष् का स्वर्णिम काल बन रहा है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ कार्य किये जा रहे हैं। बीते 11 वर्षों की यह यात्रा मोदी जी ने अकेले नहीं बल्कि खुद को तपा कर 140 करोड़ देशवासियों के परिश्रम, त्याग और सपनों को परवाज देते हुए की है।

उन्होंने कहा, 2014 से अब तक का कालखंड भारत के भविष्य के लिए एक मजबूत नीवं रखने का है। धामी ने कहा कि इन 11 साल में विकास और विरासत के इस सफर ने देश की तस्वीर और देशवासियों की हालात बदलने का ऐतिहासिक काम किया है। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत की सोच में जहाँ तकनीक है, वहाँ तरक्की है, वहीं गरीबों का कल्याण है और यह सब वहां है जहां जहाँ भाजपा की सरकार है। हमारी सरकार में शासन ही सेवा है और सुशासन ही संस्कृति है। 11 वर्षों में भारत को विकसित बनाने के अमृतकाल की शुरुआत की गई है। 2014 से पहले यह धारणा थी कि काम कैसे होगा, ये नहीं हो पायेगा, ये हो ही नहीं सकता जबकि आज की सोच है ये होगा और जरुर होगा क्योंकि मोदी है तो मुमकिन है। मोदी सरकार देश की राजनीति में पालिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस की संस्कृति लेकर आई है। अब सरकार का मतलब रिस्पॉंसिव गवर्नमेंट, रिस्पॉन्सिबल गवर्नमेंट, अकाउंटेबल गवर्नमेंट है। ये रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म गवर्नमेंट वाला पब्लिक पार्टिसिपेशन का शासन है।पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक कुलदीप कुमार, प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान मौजूद रहे।

### पूरी दुनिया में बज रहा ऑपरेशन सिंदूर का डंका

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज पूरी दुनिया में ऑपरेशन सिंदूर का डंका बज रहा है। अब भारत सिर्फ शांति की बात नहीं करता है बल्कि जरूरत पड़ने पर हर में घुसकर मारता है।श्ऑपरेशन सिंदूरश से मोदी ने दुनिया को स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ घर में घुसकर बदला लिया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान को भी संदेश दिया गया है कि किसी भी आतंकी हमले को युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर सैन्य शक्ति बना है। अब भारत रक्षा उपकरण बन रहा है वह निर्यात कर रहा है। 23600 करोड़ का सैन्य उपकरण निर्यात बढ़ा है।

### मोदी सरकार में 27 करोड़ से ज्यादा लोग आ गए गरीबी रेखा से बाहर

सीएम पुष्कर धामी ने कांग्रेस पर निशाना साधा कि कांग्रेस के राज में इंदिरा से लेकर मनमोहन तक सिर्फ गरीबी हटाओ के नारे दिए जाते थे, लेकिन अब आंकड़े बताते हैं कि मोदी सरकार में 27 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए हैं। आज भारत का गरीब सिर्फ आंकड़ों में नहीं है, बल्कि नीति निर्माण का केन्द्र बन गया है। आज हम देख सकते हैं कि केन्द्र सरकार की योजनाओं में गरीब केन्द्र बिन्दु है जैसे पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास, जल जीवन मिशन, पीएम जनधन योजना, आयुष्मान भारत, पीएम किसान सम्मान निधि आदि अनेक योजनाओं के माध्यम से गरीबों का कल्याण हो रहा है।

### अब सोचना नहीं पड़ता, आयुष्मान भारत योजना से होता है मुफ्त इलाज

पीएम मोदी के नेतृत्व में अब सरकार जनता के स्वास्थ्य की सीधे चिंता कर रही है। क्योंकि पहले इलाज के लिए सोचना पड़ता था, अब आयुष्मान भारत योजना से अस्पतालों में मुफ्त इलाज होता है। पहले हम इंपोर्ट पर आश्रित थे, आज मेक इन इंडिया की ताकत से एक्सपोर्ट में लीड कर रहे हैं। रक्षा क्षेत्र में भी भारत आत्मनिर्भर बन रहा है, आज भारत मेक इन इंडिया पाकिस्तान में टेस्टेड और दुनिया में ट्रस्टेड बन गया है। पहले हम दुनिया की अस्थिर अर्थव्यवस्था में आते थे, आज दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं।

### आज देश का हर नागरिक बदलते भारत को देख रहा

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि ये 11 साल विकास, विश्वास और बदलाव के रहे हैं, आज देश का हर नागरिक बदलते भारत को देख रहा है और अनुभव कर रहा है। आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश सशक्त निर्णय लेने में सक्षम हो रहा है। अब आतंकवाद जैसे हमले पर युद्ध जैसे कार्यवाही की जायेगी। धामी ने कहा, सुखद संयोग है कि विकसित भारत के अमृत काल के 11 वर्ष तब पूरे हो रहे हैं।

### अब होती हैं विकास, अविष्कार व नवाचार की बातें

मुख्यमंत्री धामी ने सरकारों की तुलनात्मक चर्चा करते हुए कहा, 2014 से पहले के भारत में भ्रष्टाचार, घोटालों और तुष्टिकरण की ही बात सामने आती थी, लेकिन अब मोदी सरकार में विकास, अविष्कार और नवाचार की बातें हो रही हैं।



**केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सीएम धामी ने चारों धामों का प्रसाद भेंट किया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के देवभूमि उत्तराखण्ड से प्रस्थान पर उन्हें चारों धामों का प्रसाद भेंट किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों का अम्ब्रेला ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के मिलेट्स उत्पाद भी भेंट किए।

# विकसित भारत की दिशा में तेज कदमों से काम कर रही सरकार: भट्ट

■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, सभी जिलों में होंगी प्रेस वार्ता

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि मोदी शासन के 11 सालों के कार्यकाल को लेकर सभी जिलों में कार्यक्रम शुरू कर दिए गए हैं।

11 जून से राज्य से सभी जिलों में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन किया जाएगा। साथ ही सभी जिलों में प्रेस कॉन्फ्रेंस भी आयोजित की जाएंगी। जिसमें सरकार के मंत्री, सांसद और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे। इसके अलावा प्रमुख सम्मेलन भी आयोजित किए जाने हैं, जिसमें 19 संगठनात्मक जिलों में 57 वक्ताओं को भेजा जाएगा। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हर वर्ग के लिए विकसित भारत की दिशा में तेज कदमों से सरकार काम कर रही है। इन 11 वर्षों में वैश्विक स्तर पर पहचान के साथ सुशासन, सुरक्षा और आर्थिक मोर्चे पर ऐतिहासिक कार्य हुए हैं।

### 11 साल के कार्यकाल पर लगाई प्रदर्शनी का किया अवलोकन

मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रेस वार्ता से पूर्व पार्टी प्रदेश मुख्यालय में मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों ,परियोजनाओं और विकास कार्यों पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में 11 साल की कार्यों की झलक दिखाई गई है। उन उपलब्धियां को भी दर्शाया गया है जो मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल में केंद्र सरकार ने हासिल की हैं।वहीं केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी में प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, विधायक खजान दास, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बिष्ट, प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल, प्रदेश कार्यालय सचिव कुस्तुभानंद जोशी, सरकार में दायित्वधारी ज्योति गैरोला, विनोद उनियाल, हेमंत द्विवेदी, सुभाष बड़थ्वाल के अतिरिक्त अजयेंद्र अजेय, राजेंद्र सिंह नेगी, मानिक निधि शर्मा, संजीव वर्मा, कमलेश रमन, सुनीता विद्यार्थी, डॉ आर पी रतूड़ी समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जनअदालत के दोषी हरदा को भगवान की अदालत से भी नहीं मिलेगी राहत : भगत

**देहरादून( शाह टाइम्स )।** भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को गोल्ज्यू मंदिर में न्याय की अर्जी लगाने के बजाय जनता के सामने पश्चाताप और अपराधिक स्वीकारोक्ति करने की सलाह दी है। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं वरिष्ठ विधायक बंशीधर भगत ने तंज किया कि जनअदालत में कई बार दोषी साबित होने के बाद, अब उन्हें भगवान की अदालत से भी राहत नहीं मिलने वाली है। क्योंकि यही दाग वर्ग विशेष के बीच उन्हें अच्छे लगते हैं और वहां इस मुद्दे पर उन्हें सांप सूंघ जाता है। विभिन्न माध्यमों पर पूछे मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने, पूर्व सीएम हरीश रावत के मुस्लिम यूनिवर्सिटी और नमाज की छुट्टी के मुद्दे पर मंदिर में अर्जी लगाने को उनकी राजनैतिक हताशा बताया। कहा कि, जिस प्रकार हरदा इन दोनों प्रकरणों पर जनता के बीच स्वयं को दोष मुक्त साबित करने की बार बार कोशिश में लगे रहते हैं, वो इस बात का इशारा करता है कि उनकी दाल पूरी तरह काली है। क्योंकि आज के इस हाईटेक युग में प्रदेश की बुद्धिमान जनता को कोई भी गलत मुद्दों से बरगला नहीं सकता है। उन्होंने चुनाव जीतने के लिए तुष्टिकरण की नीति पर चलते हुए यह सब किया और कहा, तभी मीडिया और सोशल मीडिया में उनपर आरोपों की विश्वसनीयता बनी।

# महाराज के एक्शन के बाद कंपनी का अनुबंध निलंबित



■ गुमखाल से सतपुली एनएच 119 पर हुए विवाद में युवक की हत्या के मामले में हुई कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के लोकनिर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने एनएच 119 (नया एनएच-534) के किमी 175.00 से किमी 196.00 (गुमखाल से सतपुली) तक पक्की सड़क के साथ दो लेन का पुनर्वास और उन्नयन और सुदृढ़ीकरण का कार्य करवाने वाली मेसर्स कल्याण-शिवालिक इंफ्रा (जेवी) के पोकलैंड चालक की ओर से मलबा हटाने और सड़क खोलने को लेकर हुए विवाद के बाद डांडामंडी, दुगड्डा निवासी युवक की हत्या का संज्ञान लेते हुए उक्त कंपनी का अनुबंध तत्काल निलंबित करने के एनएच अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

लोकनिर्माण मंत्री महाराज ने मेसर्स कल्याण-शिवालिक इंफ्रा (जेवी) के पोकलैंड चालक की और से मलबा हटाने और सड़क खोलने को लेकर हुए विवाद के बाद डांडामंडी, दुगड्डा निवासी युवक सुमन देवरानी की हत्या का संज्ञान लेते हुए उक्त कंपनी का अनुबंध तत्काल निलंबित करने और दोषी पोकलैंड चालक के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। ज्ञात हो कि 7 जून 2025 की रात्रि में पहाड़ कटान के पाश्चात मार्ग को खोले जाने के सम्बन्ध में मेसर्स कल्याण-शिवालिक इंफ्रा (जेवी) के पोकलेन चालक और आवागमन करने वाले यात्रियों के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई जिसके बाद पो. कलेन वाहन चालक की और से 01 यात्री को पोकलेन मशीन द्वारा क्षति पहुंचाई गई जिसके बाद उसकी मृत्यु हो गयी। उक्त प्रकरण का लोक निर्माण मंत्री महाराज ने विस्तृत संज्ञान लेते हुए कहा कि कार्यदायी कंपनी को अपने कर्मचारियों द्वारा या उनके बीच किसी भी गैरकानूनी, उपद्रवी या अव्यवस्थित आचरण को रोकने के लिए तथा कार्य स्थल के आसपास के क्षेत्र में शांति और लोगों तथा संपत्ति की सुरक्षा बनाए रखने के लिए हर समय सभी उचित सावधानियां बरतनी चाहिए थीं लेकिन वह ऐसा करने में असफल रही है।

# एनएच-7 व 34 के सुधार कार्यों के लिए 720 करोड़ मंजूर

■ सीएम पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के देहरादून जिले में सड़क कनेक्टिविटी और यातायात सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग-7 के देहरादून-लाल टप्पर-नेपाली फार्म खंड और राष्ट्रीय राजमार्ग-34 के नेपाली फार्म-मोतीचूर खंड (कुल लंबाई 36.82 किमी) के सुधार कार्य के लिए 720.67 करोड़ की लागत की परियोजना को स्वीकृति दी है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना न केवल देहरादून-हरिद्वार-ऋषिकेश के बीच तेज और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करेगी, बल्कि चारधाम यात्रा मार्ग को भी अधिक सुलभ एवं सुगम बनाएगी।

इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य मौजूदा व्यस्त जंक्शनों पर ग्रेड सेपरेशन और स्थानीय यातायात को मुख्य मार्ग के ट्रैफिक से अलग कर सड़क सुरक्षा में व्यापक सुधार करना है। इसके अंतर्गत अतिरिक्त सर्विस रोड का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी और यातायात का दबाव कम होगा।

धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड में बुनियादी ढांचे का तीव्र विकास हो रहा है और यह परियोजना राज्य के विकास की दिशा में एक और मजबूत कदम है।

# आईएसबीटी फ्लाईओवर के नीचे युवक ने चलाई गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** आईएसबीटी फ्लाईओवर के नीचे एक व्यक्ति ने उसे वक्त अफरा तफरी का माहौल बना दिया जब युवक युवती के बीच हो रही कहा सूनी के बीच कूद कर तमंचे से फायरिंग कर दिया। फायरिंग के बाद वहां मौजूद लोगों ने खट्टा होकर युवक के साथ मारपीट की।



सूचना पर पहुंची पुलिस में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तमंचा बरामद किया। आईएसबीटी चौकी प्रभारी हर्ष अरोरा के मुताबिक फ्लाईओवर के नीचे लड़का और एक लड़की का आपसी बातों को लेकर वाद विवाद हो रहा था।जिसमे ऑटो वाले व आसपास खड़े अन्य लोग लड़की की ओर से बीच बचाव करने लगे। शोर गुल सुनकर आयुष राठी भी मौके पर चला गया और बीच बचाव करने लगा तभी वहां खड़ी भीड़ ने आयुष राठी पुत्र नरोत्तम सिंह निवासी बिजनौर उत्तरप्रदेश को लड़के का साथी समझ कर उसके साथ भी वाद विवाद किया व आयुष राठी पर हावी होने लगे जिस पर युवक ने बचाव में अपने पास रखा देसी कट्टा निकाल के हवा में फायर कर दिया।युवक द्वारा केवल हवाई फायर किया गया। तत्काल मौके पर जा कर पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़ा जिससे कुछ लोगों द्वारा मारपीट की जा रही थी। पुलिस द्वारा उस व्यक्ति को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई तो एक देसी तमंचा बरामद हुआ। पकड़े गए यारों पीके विरुद्ध पुलिस में कानूनी कार्यवाही कर उसे जेल भेजा।

# जोशी ने की केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र शेखावत से मुलाकात

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से शिष्टाचार भेंट की।



मंत्री जोशी ने केंद्रीय मंत्री शेखावत को गंगाजलि और उत्तराखण्ड के पारंपरिक औद्योनिक उत्पाद भेंट की। मुलाकात के दौरान राज्य में पर्यटन सुविधाओं को बेहतर बनाने और नए पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए केंद्र सरकार से सहयोग मांगा। कृषि मंत्री जोशी ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि राज्य के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जैसे मसूरी और नैनीताल पर पर्यटकों का अत्यधिक दबाव है। उन्होंने इस समस्या को कम करने और पर्यटकों को अधिक विकल्प प्रदान करने के लिए इन स्थलों के आसपास के क्षेत्रों में भी पर्यटन गति. विधियों को बढ़ावा देने का आग्रह किया। जिस पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए जल्द से जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया।

**मुख्य सचिव ने राज्य से जुड़े मुद्दों पर विभिन्न केंद्रीय सचिवों से की भेंट**

# पंतनगर एयरपोर्ट का विस्तारीकरण जल्द



■ छह माह के भीतर निविदा प्रक्रिया की जाएगी प्रारंभ ■ हेलीकॉप्टर क्रॉस लैंडिंग पर डीजीसीए से सख्त कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के सचिवों से मुलाकात कर राज्य से जुड़े अहम विकास मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने एयर कनेक्टिविटी, ट्रैफिक मैनेजमेंट, पर्यावरणीय स्वीकृतियाँ, आपदा राहत, एमएसएमई सेक्टर, पर्यटन और ब्रांड प्रमोशन जैसे विषयों पर सहयोग का अनुरोध किया।

मुख्य सचिव ने नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा से मुलाकात कर पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तार पर चर्चा की। सचिव ने आश्वस्त किया कि छह माह के भीतर टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। देहरादून एयरपोर्ट पर देर रात लैंडिंग की सुविधा, हेली एम्बुलेंस सेवा की बहाली और पिथौरागढ़ एयरपोर्ट को सुदृढ़ करने की मांग भी की गई। मुख्य सचिव ने केदारनाथ में हाल में हुई हेलीकॉप्टर क्रॉस लैंडिंग की घटना को लेकर डीजीसीए से सख्त कार्रवाई की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकी जा सकें।

### रोपवे और जलविद्युत परियोजनाओं को मंजूरी की अपील

वन एवं पर्यावरण सचिव सचिव तनमय कुमार से त्यूणी-प्लासू, सिरकारी भ्योल और ऋषिकेश-नीलकंठ रोपवे जैसे प्रोजेक्ट्स को वन एवं पर्यावरणीय क्लीयरेंस देने का अनुरोध किया गया। शहरी कार्य मंत्रालय सचिव श्रीनिवास कटिकिथला से आरआरटीएस का विस्तार ऋषिकेश तक करने और देहरादून में ट्रैफिक समस्या के समाधान को सहयोग की मांग की गई। पेयजल सचिव सचिव अशोक केके मीणा से राज्य के लिए लंबित धनराशि जल्द जारी करने और चारधाम यात्रा के दौरान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में विशेष सहायता की अपील की गई। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंहसे आग्रह किया गया कि आपदा के दौरान वायुसेना सेवाओं के लिए लिया जाने वाला शुल्क माफ किया जाए।

### एमएसएमई को पूर्वोत्तर की तर्ज पर प्रोत्साहन की मांग

सचिव सुभाष चंद्र लाल दास से उत्तराखंड में एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए 90 प्रतिशत तक लागत सहायता देने और टूल रूम, फ्लैट फैक्ट्री जैसे उद्योग केंद्र विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया। ग्रामीण विकास सचिव शैलेश कुमार सिंह से 'हाउस ऑफ हिमालय' को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने और देश के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट्स पर इसके आउटलेट खोलने का अनुरोध किया गया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू से राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल की मेजबानी और शूटिंग को बढ़ावा देने के लिए सहयोग मांगा गया। वहीं, वित्त मंत्रालय के सचिव व्यय सचिव वी. वुअलनम से हरिद्वार कुंभ 2027 के लिए विशेष सहायता की मांग की गई।

# सहकारी बैंकों में शीघ्र होगी बंपर भर्ती



■ युवाओं को मिलेंगे रोजगार के मौके
■ सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दी भर्ती प्रस्ताव को मंजूरी
■ आईबीपीएस के माध्यम से 177 पदों पर आयोजित की जायेगी परीक्षा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड के बेरोजगार युवाओं के लिये खुशखबरी है। प्रदेश के सहकारी बैंकों में शीघ्र ही भारत सरकार के उपक्रम आईबीपीएस के माध्यम से 177 पदों पर भर्ती होने जा रही है। सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इस भर्ती प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने और शीघ्र ही भर्ती विज्ञापन जारी करने के निर्देश दिये।

सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि सहकारिता विभाग के अंतर्गत जिला सहकारी बैंकों एवं राज्य सहकारी बैंकों के वर्ग-1, 2 एवं 3 के कुल रिक्त 177 पदों पर शीघ्र भर्ती की जायेगी।

जिसमें वर्ग-1 के अंतर्गत वरिष्ठ शाखा प्रबंधक के 8 पद, वर्ग-2 में कनिष्ठ शाखा प्रबंधक के 65 पद और वर्ग-3 के तहत लिपिक/कैशियर के 104 पद शामिल हैं। विभागीय मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने इस भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिये इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सलेक्शन (आईबीपीएस) को जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय उपक्रम आईबीपीएस के माध्यम से पारदर्शिता तरीके से सहकारिता विभाग में दो बार भर्ती हो चुकी है। आईबीपीएस भारत सरकार का एकमात्र संस्था है जो राष्ट्रीयकृत बैंकों के कार्मिकों की भर्ती करती है। उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जो सहकारी बैंक के कार्मिकों की भर्ती के लिये इसी संस्था को चुना है ताकि पारदर्शिता तारीके से भर्ती की जा सके और योग्य युवाओं को मौका मिल सके।




CMYK

## एक नजर

### डम्पर को जबरन छुड़ा ले गए लोग

**काशीपुर।** आईटीआई थाना क्षेत्र के दभौरा मुस्तहकम में अवैध खनन की सूचना पर पहुंची फ्लाइंग टीम पर हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। हमलावर जब्त किए गए डंपर को भी जबरदस्ती ले भागे। टीम ने थाने में तहरीर दी है। तहरीर के अनुसार, कैलाश रिवर बेड मिनरल्स एलएलपी से जुड़ी फ्लाइंग टीम को रॉयल्टी चेक करने और अवैध खनन रोकने के लिए अधिकृत किया गया है। बीती रात करीब साढ़े दस बजे टीम प्रभारी अंबादी भास्कर अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि दभौरा मुस्तहकम में नीम करोली की ओर खेतों के रास्ते अवैध खनन किया जा रहा है। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि करीब 3-4 जेसीबी और 10 डंपर मशीनों से खनन कार्य चल रहा था। फ्ला. इंग टीम के पहुंचते ही अधिकतर वाहन मौके से फरार हो गए, लेकिन एक डंपर को पकड़ लिया गया। इसी दौरान पट्टी कलां निवासी चार-पांच व्यक्ति दो काली रंग की थार गाड़ियों से मौके पर पहुंचे और आते ही टीम के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। उन्होंने जान से मारने की धमकी दी और पुलिस कांस्टेबलों की मौजूदगी के बावजूद जब्त किया गया डंपर भी जबरदस्ती छुड़ाकर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### ई-रिक्शा व सीएनजी ऑटो चालकों का सत्यापन

**काशीपुर।** नगर क्षेत्र में जाम का कारण बन रहे ई-रिक्शों के खिलाफ यातायात पुलिस ने 26 मई से 8 जून तक दो चरणों में सत्यापन किया। 1364 ई-रिक्शा और सीएनजी ऑटो चालकों का वेरिफिकेशन किया गया। यातायात प्रभारी जितेंद्र पाठक ने बताया कि सत्यापन के बाद से यूपी क्षेत्र के ई-रिक्शों का शहर में काफी हद तक आना बंद हो गया है। उन्होंने बताया 26 मई से 8 जून तक चालकों के सत्यापन के दौरान 1201 ई-रिक्शा चालकों और 163 सीएनजी ऑटो चालकों ने अपना सत्यापन कराया है। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे सत्यापन और अपने कागज दुरुस्त रखें। पुलिस समय-समय पर जांच अभियान चलाएगी।

### बार एसोसिएशन ने निधन पर शोक जताया

**काशीपुर।** काशीपुर बार एसोसिएशन भवन में शोकसभा आयोजित कर काशीपुर बार एसोसिएशन के सदस्य सरफरोज़ भारती के आकस्मिक निधन पर शोक जताया गया तथा 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना कर शोकाकुल परिवार के प्रति सहानुभूति प्रकट की गई। उक्त शोकसभा में काशीपुर बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनूप शर्मा, उपसचिव सूरज कुमार, कोषाध्यक्ष सौरभ शर्मा, ऑडिटर हिमांशु विश्नोई, गोपाल कृष्ण, सुहेल आलम अंसारी, मुजीब अहमद, सुरेंद्र पाल सिंह, अनिल कुमार शर्मा, अमित रस्तोगी, सुनील पवार, गिरिराज किशोर, अशोक कुमार शर्मा, अरविन्द सिंह, नरेश कश्यप, समर्थ विक्रम, रामकुंवर चौहान, यशवंत सिंह सैनी, राजाराम व सुभाष पाल रहे।

### तमंचा व चाकू के साथ दो भाई गिरफ्तार

**काशीपुर।** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान दो सगे भाइयों को एक 315 बोर के तमंचा व चाकू के साथ गिरफ्तार कर दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। सोमवार की रात एसआई सुनील सुतेड़ी व एसआई गणेश पांडेय टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी। कहा गंगेबाबा कब्रिस्तान रोड पर दो संदिग्ध युवक खड़े हैं। उनके पास हथियार हो सकते हैं, जिसके बाद टीम वहाय स्थान पहुंच गई। जहां दो युवक संदिग्ध परिस्थितियों में खड़े थे। इस दौरान टीम ने दोनों युवकों को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना नाम अमन और रोहन पुत्रगण जयदेव बताया। तलाशी के दौरान अमन की जेब से एक अवैध चाकू व रोहन की जेब से एक 315 बोर का तमंचा बरामद हुआ। जिसके बाद ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

### चार सड़कों को मिली वित्तीय स्वीकृति

**बागेश्वर।** जनपद की कपकोट विधानसभा क्षेत्र की चार सड़कों के सुधारीकरण कार्य के लिए 875.87 लाख रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। इससे स्थानीय निवासियों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। जिन सड़कों के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिली है, उनमें रिखाड़ी-बाछम मोटर मार्ग 218.18 लाख रुपये, कपकोट मोटर मार्ग (18 किमी) से लीली मोटर मार्ग 165.29 लाख रुपये, भानी-रीठाबगड़-हरसिंगियाबगड़-शामा-नौकोड़ी मोटर मार्ग 232.64 लाख रुपये, तथा हरसीला से पुड़कुनी मोटर मार्ग 259.76 लाख रुपये शामिल है। जिलाधिकारी आशीष भटगाईं ने कहा कि इन सड़क मार्गों के सुधारीकरण से लोगों को यातायात में आसानी होगी और उनके समय की भी बचत होगी।

### अराजकता और नशेड़ियों के खिलाफ पार्षद मुखर

**अल्मोड़ा।** नगर में लगातार बढ़ रही अराजकता और नशेड़ियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को नगर निगम के पार्षद मुखर हो गए हैं। मंगलवार को पार्षदों ने एसएसपी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पुलिस से नगर में गश्त बढ़ाने और अराजकतत्वों पर कार्रवाई की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा कि इन दिनों शहर में नशे का चलन तेजी से बढ़ रहा है। वहीं, सार्वजनिक स्थान नशेड़ियों का अड्डा बने हुए हैं। इससे यहां घुमने आने वाले लोगों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि इससे अल्मोड़ा की छवि पर धुमिल हो रही है। उन्होंने एसएसपी से मामलों की सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में पार्षद ज्योति साह, अमित साह, अर्जुन बिष्ट, अभिषेक जोशी, सुनील कर्नाटक, नमित जोशी, पियूष कुमार, मनोज तिवारी आदि मौजूद रहे।

# नौले की मरम्मत में लापरवाही पर नाराज हुए बीडीओ खजान जोशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सोमेश्वर।** ग्राम सूपाकोट (लक्ष्मीपुर) में अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त प्राचीन नौले और गधेरे की निकासी कार्य में देरी पर खंड विकास अधिक. ारी (बीडीओ) खजान चन्द्र जोशी ने कड़ा रुख अपनाते हुए ग्राम पंचायत और ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को तत्काल कार्य संपादित कराने के निर्देश दिए हैं। बीडीओ ने सोमवार को आपदा प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि आगामी बरसात को देखते हुए मरम्मत कार्य में अब और लापरवाही नहीं चलेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि नौले की मरम्मत कार्य को 15वें वित्त आयोग के टाइड फंड से और गधेरे की निकासी, सुरक्षा दीवार एवं तटबंध निर्माण का कार्य मनरेगा के तहत



समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। गौरतलब है कि 8 मई 2024 को भारी बारिश के चलते सूपाकोट के ऐतिहासिक नौला मलबे में दब गया था और गधेरे की निकासी बाधित हो जाने से पानी आसपास के घरों में घुस गया था। एक साल बीत जाने के बाद भी कार्य शुरू न होने से नाराज ग्रामीणों ने 13 मई को नौले में अनशन शुरू किया था, जिसके बाद बीडीओ के निर्देश पर अधिक. ारियों और आंदोलनकारियों के बीच समझौता हुआ और काम शुरू करने की समयसीमा तय हुई। बीडीओ के दौरे से ग्रामीणों में उत्साह दिखा। रिटायर्ड असिस्टेंट ऑडिट ऑफिसर रमेश चन्द्र पांडे के नेतृत्व में प्रभावितों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर बीडीओ का स्वागत किया। ग्रामीणों ने बताया कि समझौते के बाद केवल एक दिन ही कार्य हुआ है, जिससे बरसात में मकानों को खतरा बना हुआ है। इसके साथ ही, ग्रामीणों ने क्षेत्र में जंगली जानवरों की समस्या को देखते हुए सार्वजनिक स्थानों और मार्गों में सोलर लाइट लगाने की मांग की। 78 वर्षीय आनंदी पांडे ने शौचालय की सुविधा न होने से हो रही परेशानी को साझा करते हुए बीडीओ से शौचालय बनवाने की गुहार लगाई। बीडीओ जोशी ने सभी मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए आश्वस्त किया कि कार्य की नियमित प्रगति की समीक्षा की जाएगी और सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर किया जाएगा। मौके पर रमेश चन्द्र पांडे, दीप चन्द्र पांडे, मोहित पाठक, ग्राम विकास अधिक. ारी अमित खड़ाई सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** संकुल संसाधन केंद्र द्वारसों में मिशन 'कोशिश' पाठ्यक्रम के सफल समापन के उपरांत भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संकुल क्षेत्र के समस्त राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग करते हुए आठ सप्ताह के शिक्षण अनुभवों को



रचनात्मक स्वरूप में प्रस्तुत किया। बाल मेले में विद्यार्थियों ने टीएलएम (शैक्षिक सहायक सामग्री), नवाचारी चार्ट और मॉडल्स के माध्यम से अपने ज्ञान और रचनात्मक कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। आगंतुकों और अभिभावकों ने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहते हुए उनकी प्रतिभा की खुलकर प्रशंसा की। कार्यक्रम में अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन से दीपक सर, अत्रैय मैम और लच्छी मैम विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ ही विद्यालयों के शिक्षक, एसएमसी अध्यक्षगण, अभिभावक और स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने बाल मेले में सक्रिय भागीदारी की। इस अवसर पर संकुल समन्वयक गजेन्द्र सिंह किरौला ने कहा इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में रचनात्मकता और आत्मविश्वास का विकास करती हैं। साथ ही, उन्हें अपनी अभिव्यक्ति और प्रतिभा को साझा करने के लिए प्रेरणादायक मंच भी प्रदान करती हैं। कार्यक्रम में संकुल प्रभारी गजेन्द्र सिंह किरौला के साथ एसएमसी अध्यक्ष चमन प्रकाश, बच्ची बिष्ट, सविता साह, नीलम टम्टा, पूजा साह, मुमताज खान, रमेश चन्द्र पुजारी, किरन बाला, देवेंद्र परिहार, गीता आर्या, रेनु दरमोली, गोविंद लाल, सुरेश कुमार, दिनेश कुमार, पूजा अग्रवाल, प्रसून अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी में पेयजल के लिए जनसंघर्ष

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिले में पिछले चार दिनों से तापमान बढ़ गया है। जिले में मंगलवार को सर्वाधिक तापमान 43.9 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस पर रहा। जिले में बढ़ते तापमान के साथ पानी के लिए भी लोगों को काफी संघर्ष करना पड़ा। बता दें पिछले कई दिनों से बारिश न होने के कारण जिले में तापमान बढ़ गया है। सुबह से धूप में चलना फिरना लोगों का मुश्किल हुआ है। अधिकतर लोग घरों ही रह रहे है। हालांकि प्रात: व देर शाम को लोग घूमते नजर आ रहे है। इसी के साथ जिले के कई गांवों में पानी की समस्या बढ़ने लगी है। प्राकृतिक जल श्रोत सूखने के कगार पर आ गए है। पानी के लिए सर्वाधिक कठिनाइयों का सामना उन ग्राम पंचायतों को करना पड़ रहा है जहां सदाबहार नदियां नहीं है।

## अवैध स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देशन में ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस का जिलेभर में नशा तस्करों के खिलाफ सख्ती जारी है। पुलिस टीम ने छापेमारी के दौरान एक हार्डवेयर की दुकान से आरोपी की निशानदेही पर 8.30 ग्राम स्मैक भी बरामद की गई। इसके बाद पुलिस ने व्यक्ति के



खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोमवार रात मल्ला खोल्टा स्थित कुमाऊ ग्लास हाउस की दुकान में छापेमारी की। इस दौरान आरोपी नदीम हुसैन पुत्र लियाकत हुसैन, निवासी मल्ला जोशीखोली राजपुरा जिला अल्मोड़ा के कब्जे से 8.30 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पुलिस के अनुसार स्मैक की कीमत दो लाख 49 हजार रुपये आंकी गई। मौके पर पुलिस ने स्मैक के सील कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार किया। कोतवाल ने बताया कि आरोपी टैक्सी पार्किंग में पर्ची काटने का काम करता है और हार्डवेयर की दुकान में रोज का आना जाना है। ऐसे में उसने रोज के आने जाने का फायद उठाकर स्मैक छुपाई थी। यहां टीम में बेस चौकी प्रभारी बृजमोहन भट्ट, कांस्टेबल इरशाद उल्ला, राजेश भट्ट, राकेश भट्ट, एसओजी, हरीश प्रसाद शामिल रहे।

# सफाई का मेयर ने लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने महापौर दीपक बाली अर्ध रात्रि में अचानक नगर के मुख्य चौराहे



पर जा पहुंचे और उन्होंने हो रही तलीझाड़ स्फ़ाई का औचक निरीक्षण किया और पर्यावरण मित्रों की पीठ थपथपा कर उनका हौसला भी बढ़ाया और दिन निकलते ही उन्होंने नगर निगम क्षेत्र में सड़कों के शिलान्यास की झड़ी सी लगा दी और जनता की समस्याओं को देखते हुए बरसात आने से पहले सड़के बन जाए इसलिए एक साथ 11 सड़कों का शिलान्यास किया। बीती रात करीब 11.30 बजे महापौर दीपक बाली अचानक नगर के मुख्य चौराहे पर जा पहुंचे और उन्होंने नाले व नालियों की चल रही स्फ़ाई का निरीक्षण किया। महापौर ने आज एक ही दिन में विभिन्न वार्डों में 1 करोड़ 43 लाख 51 हजार रुपए की लागत से बनने वाली 11 सड़कों का शिलान्यास किया। इस दौरान वार्ड वासियों ने उनका अपने बीच पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया और कहा कि इतनी जल्दी उनकी सड़क बनने जा रही है इसका उन्हें विश्वास ही नहीं था मगर महापौर दीपक बाली ने सड़कों का शिलान्यास कर सिद्ध कर दिया कि उनके लिए जनहित और विकास कार्य सर्वोच्च है। शहर के विकास के लिए वे दिन रात एक किए हुए हैं। महापौर श्री बाली ने वार्ड नंबर 33, 3, 4,15, 17, 40, 37, 31, 30, 28, 25 में टाइल्स सड़क व नाली निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। इस दौरान चौधरी समरपाल सिंह ,जसवीर सिंह सैनी, पार्षद दीपा पाठक, अनिल कुमार, सीमा सागर, संदीप सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक नवजोत सिंह, अनिल कुमार, मंगतराम शर्मा सतनाम सिंह, सोनू चौहान, हिमांशु चौहान सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# विधायक शिव अरोरा के खिलाफ प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान और आज़ाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष जीवन चंद्र आर्य ने मंगलवार को संयुक्त रूप से

**भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन**

उपजिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित कर रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा के खिलाफ कड़ी संवैधानिक कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि रुद्रपुर विधायक द्वारा हाल ही में समुदाय विशेष के विरुद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, जिससे त्यौहार के समय क्षेत्र का सांप्रदायिक माहौल



बिगाड़ने का प्रयास किया गया। दोनों संगठनों ने कहा कि इस गंभीर प्रकरण के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई संज्ञान नहीं लिया गया, जिससे विधायक के हौसले बुलंद हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि शिव अरोड़ा पूर्व में भी इसी प्रकार के बयान दे चुके हैं, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई है। संगठनों ने चेताया कि यदि इस बार भी कोई संवैधानिक कार्रवाई नहीं की गई, तो क्षेत्र में कभी भी कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ सकती है। भीम आर्मी और आज़ाद समाज पार्टी ने उक्त कृत्य की निंदा करते हुए कहा कि रुद्रपुर विधायक के हेट स्पीच का विरोध करने पर प्रशासन ने उल्टा आज़ाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार पर कई धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर एकतरफा कार्रवाई की है, जो न केवल अनुचित है बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध भी है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि विधायक के विरुद्ध उचित संवैधानिक कार्रवाई नहीं की गई, तो भीम आर्मी और आज़ाद समाज पार्टी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में आज़ाद समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सिराज अहमद, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान, आज़ाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष जीवन चंद्र आर्य, खीम चंद्र आर्य, हरीश लोधी, सुलेमान मलिक, नवीन मूलनिवासी, रिज़वान गुड्डू, महेश चंद्र, लक्ष्मी नारायण सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पंजीकरण की व्यवस्था सीएससी सेंटर को देने का विरोध

**अल्मोड़ा।** पंजीकरण की व्यवस्था सीएससी सेंटर को देने के खिलाफ बार एसोसिएशन ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को नाराज अधिवक्ताओं ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। डीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेज जल्द नई व्यवस्था को समाप्त कर पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई। मौके पर अधिवक्ताओं ने कहा कि भारतीय पंजीकरण अधिनियम 1908 के तहत पंजीकरण के लिए एक योग्य अधिकारी उपनिबंधक की निगरानी में दस्तावेज पंजीकरण की कार्रवाई करने की व्यवस्था है, लेकिन वर्तमान में पंजीकरण की व्यवस्था कॉमन सर्विस सेंटर को प्रदान की गई है। प्रशासन के नियंत्रण से बाहर होने की स्थिति में इससे भविष्य में धोखाधड़ी होने की पूरी संभावना है। कहा कि अगर विवाह पंजीकरण, ऑनलाइन रजिस्ट्री, तलाक, वसीयत, लिव-इन रिलेशशिप को इस प्रक्रिया के तहत पूर्ण रूप से लागू किया जाता है तो उसके दुषप्रभाव देखने को मिलेंगे। बड़े बिल्डरों और भू-माफियाओं का जमीन कब्जाने का रास्ता भी इससे खुल सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से नई व्यवस्था को समाप्त कर पुरानी व्यवस्था को लागू करने की मांग उठाई। यहां प्रदर्शन करने वालों में बार एसोसिएशन अध्यक्ष महेश चंद्र सिंह परिहार, दीप चंद्र जोशी, हिमांशु मेहता, सुनील कुमार ग्वाल, मुरली मनोहर भट्ट, रवींद्र बिष्ट, भगवती प्रसाद पंत, एचडी पांडे, रितेश टम्टा, इन्तेखाब कुरैशी, जेसी तिवारी, जीवन चंद्र, संजय पांडे, डीके जोशी, गजेंद्र सिंह मेहता, चामू सिंह गस्याल, भगवत सिंह मेर आदि मौजूद रहे।

# बिंदुखत्ता में चेतावनी रैली 18 को

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** बिंदुखत्ता को राजस्व गांव घोषित करने और आवारा गोवंश की समस्या के स्थायी समाधान की मांग को



लेकर अखिल भारतीय किसान महासभा बिंदुखत्ता कमेटी 18 जून को एक बड़ी चेतावनी रैली निकालने जा रही है। रैली की तैयारियां जोरों पर हैं और गांव-गांव में जनसंपर्क अभियान के जरिये ग्रामीणों को उवइपसप्रम किया जा रहा है। राजीव नगर, इंदिरा नगर, तिवारी नगर, कार रोड, पुराना खत्ता और संजय नगर जैसे क्षेत्रों में हुई बैठकों में महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी ने कहा कि बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाने की प्रक्रिया पर सरकार जनता को गुम. राह कर रही है। उन्होंने पूछा कि यदि प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, तो अधिसूचना अब तक क्यों नहीं जारी की गई? भाकपा (माले) के जिला सचिव डा. कैलाश पांडेय ने आवारा गोवंश की समस्या पर सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि किसानों की फसलें और जनजीवन प्रभावित हो रहा है लेकिन प्रशासन मौन है। यह रैली 18 जून को सुबह 10 बजे शहीद स्मारक, जड़ सेक्टर, कार रोड से शुरू होगी। वहां एक जनसभा के बाद प्रदर्शनकारी लालकुआं तहसील की ओर मार्च करेंगे और प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे। रैली में प्रमुख रूप से आनंद सिंह नेगी, कैलाश पांडेय, आनंद सिंह सिजवाली, विमला रौथाण, किशन बघरी, गोविंद सिंह जीना, निर्मला शाही, हंसी खत्री, मुन्नी देवी, शशि गड़िया, त्रिलोक राम, ललित जोशी, कमला मलाड़ा आदि नेताओं व कार्यकर्ताओं की भागीदारी रहेगी।

## रामायण राम कथा यज्ञ का समापन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** श्री 1008 मूलनारायण महाधाम शिखर पर्वत में आयोजित



श्री वाल्मीकि रामायण राम कथा महायज्ञ का मंगलवार को हवन यज्ञ एवं विशाल भण्डारे के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने जगत के कल्याण के लिए देवी देवताओं की पूजा अर्चना की गई। महंत स्वामी उत्तमांनद यति महाराज जी के सान्निध्य व पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवन्त सिंह भौर्याल जी के संरक्षक में शिखर पर्वत पर स्थित मूलनारायण देवता मंदिर में 9 दिनों तक चले श्री वाल्मीकि रामायण राम कथा महायज्ञ का समापन हो गया है। इस वेला पर श्रद्धालुओं व कथा में बैठे यजमानों ने जो तिल गाय का घी, दूध, शहद आदि पवित्र सामग्री हवन यज्ञ में प्रवाहित कर देवी देवताओं की पूजा अर्चना की गई। जिसके पश्चात मंदिर में पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर दर्जा राज्यमंत्री भुपेश उपाध्याय, ब्लाक प्रमुख गोविन्द सिंह दानू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विक्रम सिंह शाही, राम सिंह कोरंगा, लक्ष्मण देव, कुन्दन रैखोला, विक्की देवली, चन्दन दानू, गोविन्द बाफिला सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद थे।

## डामरीकरण का काम अधूरा छोड़ दिया नाली को

**बागेश्वर।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती थुनाई मिहिनिया खोली बाईपास सड़क में आजकल डामरीकरण का कार्य चल रहा है। जबकि नाली का निर्माण अधूरे से ही छोड़ दिया गया है। जिससे क्षेत्रवासियों में काफी रोष है। ग्रामीणों ने बताया कि थुनाई मिहिनिया मोटर मार्ग में डामरीकरण का कार्य चल रहा है जिसमें वर्षो से स्लाइड हो रही सड़क को ठीक कर डामरीकरण करने के लिए ग्रामीणों ने विभाग से कई बार मांग की। जिसके बाद इस बार सड़क में डामरीकरण का कार्य शुरू हो पाया। लेकिन सड़क में पड़ी मिट्टी और अन्य मलवे को सड़क के किनारे ही ढेर कर दिया। जो हल्की सी बारिश में ही सड़क में फैल रहा है। ग्रामीणों ने विभाग पर आरोप लगाया है कि आधी नाली बनाकर छोड़ दी है। जिससे सारा पानी और मलवा सड़क पर आने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी यदि कार्य सही ढंग से नहीं किया जाता है तो विभाग की घोर लापरवाही है। जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जबकि विभाग द्वारा नाली को किनारे से ले जा कर नाले तक पहुंचना चाहिए था। जिससे पानी की निकासी सही से हो सके। विभाग द्वारा एक साइड का नाला सड़क में और दूसरी तरफ का नाला बीच पुल में छोड़ दिया गया है। जिससे पुल में मिट्टी भरने से टूटने का खरता बन हुआ है साथ ही पुल में कीचड़ भर जा रहा है। जिससे चलते क्षेत्र वासियों में काफी रोष है। उनका कहना है कि अगर जल्दी ही नाली का निर्माण सही से नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। जिस मार्ग से एक दर्जन से अधिक गांवों के लोगों का आना जाना है साथ ही गरूड़ कौसानी के लिए बाईपास का मुख्य मार्ग है। नाला बनवाने की मांग करने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेता कुंदन परिहार,गोविंद सिंह परिहार, रमेश चंद्र, कलम कांडपाल, नवीन भट्ट, जगदीश चंद्र, अनूप कांडपाल, सीएम कांडपाल, मुन्ना कांडपाल, नवीन राम आदि मौजूद थे।


**उत्तराखण्ड पावर कार्पोरेशन लिमिटेड**
कार्यालय अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड, बाजपुर
दूरभाष 05949-282200 कारपोरेट आई.डी. संख्या U40109UR2001SGC025867
Email : eddbazpur@gmail.com Website : www.upcl.org

पत्रांक 1821 वि.वि.ख.(बा.)/ **निविदा सूचना** दिनांक 09.06.2025

विद्युत वितरण खण्ड बाजपुर के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु अनुभवी एवं प्रतिष्ठित निविदादाताओं जो विद्युत सुरक्षा विभाग उत्तराखण्ड शासन / सरकार में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु 'ए' श्रेणी, जी.एस.टी., आयकर, विभाग कर्मचारी भविष्य निधि, ई.एस.आई. में पंजीकृत एवं विद्युत/निविदा से सम्बन्धित कार्यों का अनुभव (कार्य की लागत का 100 प्रतिशत) रखते हों, मुहरबन्द निविदायें (दो भागो में) आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र निम्न तालिका में दर्शायी गयी निविदा मूल्य धनराशि (जी.एस.टी. सहित) का बैंक ड्राफ्ट जो अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड बाजपुर के नाम देय हो, प्रस्तुत करने पर दिनांक 01/07/2025 13.00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड बाजपुर से प्राप्त किये जा सकते हैं। यह राशि अप्रतिदेय (Non-refundable) होगी। निविदा प्रपत्र डाक से प्राप्त करने पर रु. 100/- प्रति निविदा अतिरिक्त जमा करने होंगे। डाक से प्रेषित निविदा प्रपत्र विलम्ब एवं अन्य किसी भी कारणों से न प्राप्त होने पर विभाग किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

निविदा के साथ प्रथम भाग मे वांछित प्रपत्र एवं प्रचलित वैध आयकर, वित्तीय क्षमता (तालिकानुसार टर्नओवर) सम्बंधित प्रपत्र विद्युत कार्य के सफलतापूर्वक निष्पादन सम्बंधित प्रपत्र (कार्य की लागत का न्यूनतम 100 प्रतिशत का प्रमाण पत्र जो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो) तथा धरोहर राशि का टी.डी.आर./सी.डी.आर./एफ.डी.आर. (365 दिवस के लिये वैध) जो अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड बाजपुर के नाम बन्धक हो, (निविदा धरोहर राशि निविदा प्रकाशन के बाद की होनी चाहिये) साथ लगाना अनिवार्य होगा। निविदायें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 02/07/2025 को 13.30 बजे तक स्वीकार की जायेंगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा दिनांक 02/07/2025 को 15.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख सार्वजनिक रूप से खोली जायेंगी। निविदा खोलने की तिथि पर अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस पर निर्धारित समय पर खोली जायेंगी। निविदा खोलने की तिथि पर अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस पर निर्धारित समय पर खोली जायेंगी।

निविदा दो भागों में प्रेषित की जायेगी। भाग-1 के लिफाफे में धरोहर राशि के साथ अन्य वांछित समस्त प्रपत्र होंगे एवम् भाग-2 के लिफाफे में मात्र सम्बंधित कार्यों की दरें होगी। भाग-1 अपूर्ण होने की स्थिति मे भाग-2 का लिफाफा नहीं खोला जायेगा। निविदा के भाग-2 में दी गयी दरों की वैधता न्यूनतम छः माह तक होगी, काली सूची में न होने एवं दस्तावेज सत्य व सही होने का, तथा इस हेतु रु. 100.00 (रु. सौ मात्र) के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र एवं जी.सी.टी. नियमों की वचनबद्धता का प्रमाण निविदा के भाग-1 के साथ दिया जाना अनिवार्य होगा।

अधोहस्ताक्षरकर्ता को निम्नलिखित निविदाओं/निविदा बिना कोई कारण इंगित किये निरस्त/वापस लेने/संशोधित करने/अथवा विस्तारित करने का पूर्ण अधिकार होगा।

| निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा मूल्य | पिछले तीन वित्तीय वर्ष का औसत टर्नओवर | धरोहर राशि | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|---|
| 05/2025 26 | विद्युत वितरण उपखण्ड बाजपुर के अंतर्गत 33/11 के.वी. विद्युत उपसंस्थान मण्डी से पोषित 11 के.वी. बरहैनी पोषक के विभिन्न स्थानों पर लाईन सुधारीकरण का कार्य। | रू. 295 | रू. 7.5 लाख मात्र | 9800 | रू. 2.45 लाख मात्र |
| 06/2025 26 | विद्युत वितरण उपखण्ड बाजपुर के अंतर्गत 33/11 के.वी. विद्युत उपसंस्थान बरहैनी से पोषित 11 के.वी. बरहैनी/भीकमपुरी पोषक के विभिन्न स्थानों पर लाईन सुधारीकरण का कार्य। | रू. 295 | रू. 7.5 लाख मात्र | 9900 | रू. 2.47 लाख मात्र |
| 07/2025-26 | विद्युत वितरण उपखण्ड बाजपुर के अंतर्गत 33/11 के.वी. विद्युत उपसंस्थान हटैय्या से पोषित 11 के.वी. मैतखेड़ी/केलाखन्दवारी पोषक के विभिन्न स्थानों पर लाईन सुधारीकरण का कार्य। | रू. 295 | रू. 7.5 लाख मात्र | 9900 | रू. 2.46 लाख मात्र |
| 08/2025-26 | विद्युत वितरण उपखण्ड बाजपुर के अंतर्गत 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र फौजी कालोनी से पोषित 11 के.वी. विरहा/बन्नाखेड़ा पोषक के विभिन्न स्थानों पर स्थापित वितरण परिवर्तकों एवं लाईनों का अनुरक्षण कार्य। | रू. 295 | रू. 15.0 लाख मात्र | 20000 | रू. 4.97 लाख मात्र |

राष्ट्रहित में बिजली बचायें। विद्युत समस्याओं हेतु Tolle Free No. 1800-419-0405 पर सम्पर्क करें।
'Pay Electricity Bill Online 24x7 from www.upcl.org' 'विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें'

अधिशासी अभियंता
विद्युत वितरण खण्ड, बाजपुर


# नशा तस्करों पर पुलिस का कड़ा प्रहार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** कोतवाली पुलिस व एसओजी टीम ने चेकिंग अभियान के दौरान अलग अलग जगहों पर चरस व कीड़ा जड़ी की तस्करी हेतु ले जाते

**502 ग्राम अवैध चरस व 45.55 ग्राम यारसा गम्बु के साथ 2 अभियुक्त गिरफ्तार**

हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया। दोनों माल जब्त कर कोतवाली में दोनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस अध्यक्ष चन्द्रशेखर घोड़के ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि नशा मुक्त अभियान के तहत पुलिस लगातार चेकिंग अभियान चला रही है। उन्होंने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि एसओजी की टीम द्वारा सोमवार देर



शाम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान अभियुक्त गिरीश सिंह पुत्र भवान सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम भाटनीकोट, थाना व जिला बागेश्वर को पुलिस से बचकर भागते हुए टीम ने पकड़ा। उसकी तलाशी करने पर उसके कब्जे से 502 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। जिसके बाद अभियुक्त के कब्जे से चारस बरामद कर पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसी क्रम में विक्रम सिंह पुत्र दुर्गा सिंह उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम वाछम, थाना कपकोट जनपद बागेश्वर के कब्जे से 45.55 ग्राम यारसागम्बू (कीड़ा जड़ी) जो मोटर साईकिल में परिवहन कर तस्करी के लिए ले जाते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों को मंगलवार जिला न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। इधर पुलिस अधीक्षक बागेश्वर चन्द्रशेखर घोड़के ने गिरफ्तारी करने वाली संयुक्त पुलिस टीम को 2000 रूपये की नगद धनराशी से पुरस्कृत किया गया। साथ ही बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा। गिरफ्तार करने वाली टीम में एस आई मनोहर चन्द कोतवाली बागेश्वर, हेड कानि.राजभानु बिष्ट एसओजी, कानि रमेश सिंह, कानि भुवन बोरा, कानि. चालक राजेन्द्र कुमार शामिल थे।

## डस्टबिन वितरित किए

**बागेश्वर।** पालिका द्वारा लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। पालिका द्वारा लोगों को अपने घरों का कूड़ा नदी, चौराहों, रास्तों, नालियों में न डालने की अपील की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल के नेतृत्व में ज्वाला देवी वार्ड में कार्ड सदस्य के साथ मिलकर 100 परिवारों को डेस्टबीन वितरित किए।


**सूचना: नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम अमन अहमद **AMAN AHMAD** से बदलकर **AMAN AHMED** पुत्र श्री वकील अहमद कर लिया है। अत: भविष्य में मुझे **AMAN AHMED** के नाम से जाना पहचाना जाए।

**अमन अहमद**
पुत्र श्री वकील अहमद
निवासी: बद्रीपुरा, काठगोदाम, हल्द्वानी (नैनीताल)।

# नशा-पुलिस के गठजोड़ पर आईजी सख्त

## कुमाऊं स्तर पर बनाई स्पेशल ऑपरेशन टास्क फोर्स

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** कुमाऊं में चरस, स्मैक, नशीले इंजेक्शन और प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी अपने चरम पर है।

### जनता के लिए जारी किया नंबर-9411110057



पुलिस भले ही इस पर कार्रवाई का दावा कर रही हो, लेकिन ये भी कटु सत्य है कि बिना स्थानीय पुलिस की मिलीभगत के नशा माफिया इस कारोबार को इस हद तक नहीं फैला सकते।

अब इस गठजोड़ पर कड़ा प्रहार करते हुए कुमाऊं की आईजी रिधिम अग्रवाल ने स्पेशल ऑपरेशन टास्क फोर्स (एसओटीएफ) का गठन कर दिया है। इस टीम का मुख्य उद्देश्य न केवल नशा कारोबार पर शिकंजा कसना है, बल्कि इसके पीछे छिपी पुलिस-अपराधी सांठगांठ को भी उजागर कर कार्रवाई करना है। मंगलवार को प्रेस को जारी बयान में आईजी रिधिम अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राज्य को भ्रष्टाचार और ड्रग्स फ्री बनाने की मुहिम में जुटे हैं। उनकी इसी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए एसओटीएफ का गठन किया गया। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रायः देखने में आया है कि स्कूल, कॉलेजों और शिक्षण संस्थानों के आस-पास नशे के अवैध कारोबारी युवाओं को नशे की गिरफ्त में फंसाकर उनका शारीरिक, मानसिक और सामाजिक पतन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से कुमाऊं में रेंज स्तर पर एसओटीएफ (स्पेशल ऑपरेशन टास्क फोर्स) का गठन किया गया है। इन टीमों का उद्देश्य नशे के कारोबार और पुलिस की मिलीभगत से हो रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना होगा। आईजी ने स्पष्ट कहा कि यदि एसओटीएफ की कार्रवाई के दौरान कोई पुलिसकर्मी किसी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। आईजी ने बताया कि कुमाऊं रेंज के विभिन्न जनपदों से जनप्रतिनिधि और आमजनमानस लगातार ड्रग्स की बिक्री, पुलिस की मीलीभगत से हो रहे भ्रष्टाचार और गंभीर संगठित अपराधों की शिकायतें कर रही थी। इन शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित जनपदों को ही निर्देशित किया गया है, लेकिन अक्सर देखने में आया कि स्थानीय पुलिस शिकायतों को गंभीरता से न लेकर सिर्फ खानापूर्ति कर रही है। यह भी संज्ञान में आया है कि पुलिस और अपराधियों के साथ मिलीभगत चरम पर है। इसके साथ ही उन्होंने कहा रेंज स्तर पर एक हेल्प लाइन नम्बर भी जारी किया गया है और इस नंबर पर सिर्फ अवैध ड्रग्स के कारोबार व पुलिस की मिलीभगत से हो रहे भ्रष्टाचार या फिर संगठित व जघन्य अपराधों की ही सूचना दी जाएगी। जबकि अन्य शिकायतों और आपातकालीन स्थिति के लिए डायल 112 पर कॉल करना होगा। उन्होंने बताया कि अवैध ड्रग्स के कारोबार, संगठित अपराध, जघन्य अपराध और पुलिस की संलिप्तता से हो रहे भ्रष्टाचार की सूचना हेल्पलाइन नम्बर 9411110057 पर दी जा सकती है। उन्होंने कहा है कि सूचना देने वाले का नाम भी गोपनीय रखा जाएगा।

## भरतनाट्यम में इशानी जोशी का जलवा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, हल्दूचौड़ की कक्षा छह की छात्रा



इशानी जोशी ने ऑल इंडिया नेशनल आर्ट एंड कल्चर फेस्टिवल के सब जूनियर वर्ग में भरतनाट्यम नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 7 और 8 जून को हरिद्वार में आयोजित श्री शिवगंगा उत्सव के अंतर्गत आयोजित की गई थी। उत्सव के दूसरे दिन इशानी को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए राष्ट्रीय आदियोगी नटराज सम्मान से भी सम्मानित किया गया। इशानी जोशी विख्यात नृत्य गुरु शुभम खोवाल से भरतनाट्यम की विधिवत शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। इसके अतिरिक्त इशानी ने मई माह में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन प्रतियोगिता में भी 9 से 12 वर्ष की मिड जूनियर श्रेणी में फाइनल राउंड के लिए क्वालिफाई किया है। यह प्रतियोगिता वीणा धारी संगीत संस्था एवं फाइन आर्ट्स, बेंगलुरु के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी।

## भीमताल ताल में मिली महिला के शव की हुई शिनाख्त

### यूपी के जालौन यूपी की रहने वाली है महिला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** भीमताल ताल में बीते शनिवार को एक महिला की लाश मिली थी। महिला यूपी के जालौन की रहने वाली थी और कुछ दिन पहले मायके से ससुराल जाने की बात कहकर घर से निकली थी। जिसके बाद उसका कहीं पता नहीं था। मंगलवार को मृतका के पति ने हल्द्वानी पहुंचकर महिला की शिनाख्त की और एक युवक पर उसकी हत्या का आरोप लगाया था। फिलहाल इस मामले में अभी तक पति द्वारा भीमताल थाने को कोई तहरीर नहीं सौंपी। पुलिस का कहना है कि तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। बता दें कि बीती सात जून को भीमताल में मोआना ग्रांड होटल के पास झील में महिला का शव पड़ा हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस को मौके से और सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद ऐसा कुछ नहीं मिला, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। जिसके बाद पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए हल्द्वानी स्थित मॉर्चरी भेज दिया गया। इसके अलावा विभिन्न थानों को मृतका की फोटो भेजी, ताकि मृतका की शिनाख्त हो सके। मंगलवार को जिला जालौन यूपी निवासी ऋषि तिवारी ने हल्द्वानी पहुंचकर शव की शिनाख्त अपनी पत्नी पुष्पा तिवारी के रूप में की। जिसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। हल्द्वानी पहुंचे मृतका के पति ऋषि तिवारी ने बातचीत में बताया कि उनकी पत्नी के ससुराल और मायके में ज्यादा दूरी नहीं है। पत्नी काफी समय से अपने मायके में थी। बीती 27 मई को अचानक वह तैयार हुई और घरवालों से यह कहा कि वह ससुराल जा रही है। इसके बाद सूटकेश लेकर वह निकल गई, लेकिन मायके नहीं पहुंची। रात गुजर गई तो अगले दिन उन्होंने उरई थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। सोमवार को उन्हें जानकारी मिली कि एक महिला का शव भीमताल झील में मिला है और शिनाख्त के लिए शव हल्द्वानी स्थित मॉर्चरी में रखा गया है। आज मंगलवार को वह कुछ लोगों के साथ हल्द्वानी पहुंचे और शव की शिनाख्त पत्नी पुष्पा के रूप में की। ऋषि ने आरोप है कि पुष्पा एक युवक के साथ निकली थी। वहीं युवक उसे भीमताल लेकर गया और हत्या कर शव को झील में फेंक दिया होगा। इधर भीमताल थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि अभी मृतका के परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की जायेगी।

## सात साल की मासूम से दुष्कर्म

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थानाक्षेत्र से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। आरोप है कि एक नाबालिग

### 17 साल के चचेरे भाई पर मुकदमा

ने अपनी ही चचेरी बहन के साथ दुष्कर्म किया और फरार हो गया। घटना के वक्त 7 वर्षीय पीड़िता घर में अकेली थी। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने किशोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। जिसके बाद आरोपी किशोर को न्याय बोर्ड भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार बनभूलपुरा थानाक्षेत्र में रहने वाले 17 वर्षीय आरोपी किशोर 7 वर्षीय पीड़िता का पड़ोस में रहता है और उसका चचेरा भाई भी है। बताया जा रहा कि बीते रविवार को पीड़िता का परिवार कहीं गया था और नाबालिग किशोरी घर पर अकेली थी। तभी मौका पाकर चचेरा भाई उसके घर में घुस गया। उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पीड़िता को धमकाते हुए फरार हो गया। देर शाम जब परिवार घर पहुंचा और पीड़िता ने परिजनों को सबकुछ बता दिया। जिसके बाद पीड़िता के पिता शिकायत लेकर थाने पहुंचे और आरोपी किशोर के खिलाफ तहरीर सौंपी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल कराया। इधर बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि बच्ची के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी किशोर के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया और न्यायालय के आदेश पर उसे किशोर न्याय बोर्ड भेज दिया गया।

## हैरिस ने आरव को किया पराजित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** आप्टिमम टेनिस एकेडेमी चूनाखान में प्रथम आइटा अंडर-12, व अंडर-14 गर्ल्स ब्वायज स्व. वेदप्रकाश प्रकाश गुप्ता स्मृति आइटा

### टेनिस टूर्नामेंट का चौथा दिन



प्रतियोगिता-2025 का आज मंगलवार चौथे दिन टेनिस सुपर सीरीज मुख्य ड्रा के मैच खेले गए। आज कोर्ट नंबर-1 पर सिंगल्स इवेंट मैच में हैरिस खान ने आरव बलियान हरियाणा को 6-1, 5-7, 6-3 से पराजित किया। इसी कोर्ट पर युवराज सिंह ने आरव शुक्ला लखनऊ, को 6-3, 6-4 से पराजित किया। कोर्ट नंबर-2 पर आर्थव चौधरी, लखनऊ ने ईवान जैन पुणे महाराष्ट्र को 6-0,6-1 से हराकर कर शानदार जीत दर्ज की।

जबकि अथर्व नरसिंघानी वेस्ट बंगाल ने आसानी से आरव रिकेश बैंगलूरू कर्नाटक को 6-1,6-2 से पराजित किया। बालिका क्रिस्टी असम ने अंडर-12 में सावी भसीन दिल्ली को बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 6-1,6-0 से हराया। कोर्ट नंबर-3 पर अंडर-14 बालक वर्ग में रौकी तोमर, मेरठ, ने कृष्णा सिंह उत्तरप्रदेश को 6-3,6-0 से पराजित कर जीत दर्ज की। इसी दौरान बालिका एनीसा मरियम कर्नाटक ने तेजसी राजस्थान को 6-1,6-0 से जीत दर्ज की। मीरा चौधरी को अरविशा सिंह ने वाकओवर दे दिया। कोर्ट नंबर-4 पर बालिका वर्ग में अदिति सिंह बरेली ने ख्याति उदयपुर राजस्थान पर धमाकेदार 6-1,6-0 से जीत दर्ज की। अंडर-14 की बालिकाओं में माहिरा भाटिया, देहरादून ने छत्तीसगढ़ की वन्या पंडीर को 6-0,6-0 से आसानी से पराजित कर दिया। बालक विश्वाक रेड्डी तेलंगाना ने युवराज लखनऊ को 6-0,6-1 से हराया। इस दौरान टूर्नामेंट डायरेक्टर डीएस रावत ने बताया कल यानि आज बुधवार को सुबह 8 बजे से ही अगले राउंट के मैच प्रारंभ होंगे। आयोजन सचिव अविनीश रस्तोगी, सचिव हेम कुमार पांडेय, डीटीए नैनीताल ने संयुक्त रूप से बताया कि आने वाले मैच और भी रोमांचक होने वाले हैं। उन्होंने बताया कि कई और बड़े टूर्नामेंट आगामी माहों में खेले जाने हैं जिनकी सूचना जल्द ही दे दी जाएगी।

## फुटपाथ पर पार्क सात वाहनों का चालान

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में फुटपाथ पर वाहन पार्क होने का पुलिस और संभागीय परिवहन विभाग ने संज्ञान लिया है। दोनों विभागों ने फुटपाथ पर पार्क सात वाहनों का चालान किया है। बता दें कि तल्लीताल नया बाजार में पूर्व से लोगों के लिए बने फुटपाथ पर स्थानीय लोगों व कारोबारियों ने अपने दोपहियां और चौपहियां वाहन पार्क कर रहे हैं जिससे फुटपाथ बंद हो गया और लोगों को भारी ट्रैफिक के बीच ही सड़क पर चलना पड़ रहा है। इसका संज्ञान लेकर पुलिस और एआरटीओ ने मंगलवार को कार्रवाई की। पुलिस और संभागीय परिवहन विभाग ने मंगलवार को फुटपाथ पर पार्क सात वाहन स्वामियों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। परिवहन कर अधिकारी नंदन प्रसाद आर्य ने बताया कि चालानी कार्रवाई करने के साथ ही लोगों को फुटपाथ से वाहन हटाने के निर्देश दिए हैं वाहन नहीं हटाने पर वाहनों को क्रेन से उठाया जाएगा।

## दूसरे दिन भी डटे रहे उपनल कर्मी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** चार माह से वेतन न मिलने से आक्रोशित सुशीला तिवारी अस्पताल और राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के उपनल कर्मचारियों का मंगलवार दूसरे दिन भी दो घंटे का कार्य बहिष्कार जारी रहा। कर्मचारियों ने चेताया कि अगर कर्मचारियों की मांगों को पूरा नहीं किया गया तो कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल करने को मजबूर होंगे। मंगलवार को भी उपनल कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सुशीला तिवारी अस्पताल में एकत्र हुए और सुशीला तिवारी अस्पताल के मुख्य गेट के समक्ष धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरना स्थल पर हुई सभा में उपनल कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि बीते चार माह से वेतन न मिलने के कारण उनके सामने परिवार चलाने, किराया चुकाने और बच्चों की फीस भरने तक में दिक्कतें आ रही हैं। कई कर्मचारी अब सड़क पर आने की स्थिति में हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द वेतन का भुगतान नहीं हुआ और उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल करने को मजबूर होंगे। संगठन



के पदाधिकारियों ने कहा कि उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उपनल कर्मियों को समान कार्य के लिए समान वेतन और एक वर्ष के भीतर नियमित करने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन इन आदेशों की लगातार अनदेखी की जा रही है। कार्यबहिष्कार करने वालों में नीरज हैड़िया, पूरन भट्ट, भानु कैड़ा, मनमोहन पाटनी, शंभूदत्त बुधानी, चंदू कफलटिया, सुंदर चौहान, तेजा बिष्ट, प्रताप बोरा, मनीष तिवारी, डूंगर मटियाली, विनोद बिष्ट, खेमराज साहू, दिनेश जोशी, दीपा शर्मा, मोहनी पाठक, प्रभा गोस्वामी, रेखा सनवाल, सुशील कुमार, राकेश मौजूद रहे।

## अमेरिका में व्याख्यान देंगे प्रोफेसर विद्यालंकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** शहीद श्री खेमचंद्र डौर्बी राजकीय महाविद्यालय, बेतालघाट के प्राचार्य प्रोफेसर विनय कुमार विद्यालंकार को वैदिक सिद्धांतों पर उनके अद्वितीय ज्ञान और योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय मंचों पर निरंतर आमंत्रित



किया जाता रहा है। इस क्रम में एक बार फिर वें अमेरिका के शिक्षण एवं सांस्कृतिक संस्थानों में व्याख्यान देने जा रहे हैं। इस बार प्रो. विद्यालंकार को आर्य प्रतिनिधि सभा अमेरिका द्वारा आमंत्रित किया गया है। वें 12 जून को अमेरिका के लिए प्रस्थान करेंगे तथा 30 जून तक बोस्टन, न्यू जर्सी, न्यूयॉर्क, फिलाडेल्फिया और अटलांटा के विभिन्न शिक्षण संस्थानों और सामाजिक मंचों पर वैदिक संस्कृति संस्थान के तत्वावधान में वैदिक विषयों पर व्याख्यान देंगे। प्रो. विद्यालंकार इससे पूर्व भी ऑस्ट्रेलिया, हॉलैंड, दक्षिण अफ्रीका, फिजी, मॉरीशस, नेपाल सहित कई देशों की शैक्षणिक यात्राएं कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 में भी वे न्यूयॉर्क के होफस्ट्रा विश्वविद्यालय में आयोजित वैदिक ग्लोबल सम्मेलन में भाग ले चुके हैं। इस मौके पर डा. जयति दीक्षित, डा. इप्सिता सिंह, डा. दीपक, डा. तरुण कुमार आर्य, डा. ममता पांडे, डा. निर्मला, डा. फरजाना अजीम, दिनेश कुमार जोशी, सपना आर्या, भास्करानंद पंत, मुकेश रावत, प्रेमा देवी, अनिलनाथ, ललित मोहन आदि ने भी शुभकामनाएं दीं।

## इंदिरानगरमें पानी के लिए हाहाकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** तीन महीनों से पेयजल किल्लत से परेशान इंदिरानगर दुर्गा मंदिर क्षेत्रवासियों का गुस्सा फूट पड़ा।



क्षेत्रवासियों ने हाथों में खाली बाल्टियां और बर्तन लेकर पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी के नेतृत्व में मुख्य सड़क पर एकत्र हुए और जलसंस्थान के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने कहा कि क्षेत्र में तीन माह से पेयजल किल्लत को लेकर लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा जल संस्थान को बार-बार शिकायतों के बावजूद न तो अधिकारी सुनवाई कर रहे हैं और न ही कोई समाधान हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में तीन महीनों से नियमित रूप से जलापूर्ति नहीं हो रही है, और पिछले चार-पांच दिनों से तो पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो चुकी है। पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी ने कहा कि इंदिरानगर दुर्गा मंदिर, इंदिरा नगर बरसाती, छोटी सड़क, बड़ी सड़क, मोहम्मदी चौक और आसपास के क्षेत्रों में पेयजल किल्लत बनी हुई है। उन्होंने कहा मंदिर, मस्जिद, विद्यालय तक में तक पानी नहीं पहुंच रहा है। जिससे लोगों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। उन्होंने कहा अगर शीघ्र ही पेयजल किल्लत से निजात नहीं दिलाई गई तो वह क्षेत्रवासियों के साथ जलसंस्थान कार्यालय में धरना प्रदर्शन को मजबूर होगे। प्रदर्शन करने वालों में सीमा राठौर, आरती देवी, आशा गुप्ता, माधवी राठौर, मोहम्मद नबी, नफीस अहमद गफारी, शब्बीर अहमद अल्वी, खलील अहमद अंसारी, एजाज अहमद, शाहिद सहित मौजूद रहे।

## गुरमीत सिंह को मिला 'श्री नारद पत्रकार सम्मान'

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** वरिष्ठ पत्रकार गुरमीत सिंह को निष्पक्ष, निर्भीक और जनसरोकारों से जुड़ी पत्रकारिता के लिए प्रतिष्ठित श्री नारद पत्रकार सम्मान से सम्मानित किया गया है।



यह सम्मान उन्हें राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में परिवर्तन योगेश संस्था द्वारा प्रदान किया गया। सम्मान स्वरूप गुरमीत सिंह को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह संस्था देश, संस्कृति और समाज के हित में कार्यरत एक ख्यातिप्राप्त संगठन है, जो प्रत्येक वर्ष सामाजिक चेतना और पत्रकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित करती है। बता दें कि गुरमीत सिंह न केवल पत्रकारिता में बल्कि समाजसेवा में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। आपदा राहत, स्वैच्छिक रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रें में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने कई अवसरों पर अपने निजी प्रयासों से आर्थिक रूप से कमजोर और पीड़ित वर्ग की सहायता की है। गुरमीत सिंह को पूर्व में भी विभिन्न सामाजिक एवं पत्रकारिता संगठनों द्वारा राज्य स्तरीय एवं स्थानीय पुरस्कारों से नवाज़ा गया है।

## सफाई कर्मियों का बेमियादी धरना जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** नगर निगम प्रांगण में सफाई कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर देवभूमि उत्तराखंड सफाई

### वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी के बीच हुई वार्ता में बनी सहमति, 16 जून को कर्मचारी लेंगे निर्णय

कर्मचारी संघ द्वारा किया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा। वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी के बीच हुई वार्ता में सभी मांगों पर सहमति बन गई लेकिन कर्मचारियों ने 16 जून तक धरना जारी रखने का ऐलान किया है। मंगलवार को भी विभिन्न मांगों को लेकर संघ के प्रदेश संगठन मंत्री अमित कुमार के नेतृत्व में



चलाया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहा।

इस दौरान धरना स्थल पर वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी मनोज कांडपाल ने आंदोलित कर्मचारियों को वार्ता के लिए आमंत्रित किया। वार्ता के दौरान लगभग सभी प्रमुख मांगों पर सहमति बन गई, लेकिन अंतिम निर्णय 16 जून को लिए जाने की बात कही गई। इसके साथ ही स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा धरना स्थगित करने का भी आग्रह किया गया। इस पर आंदोलन संयोजक अमित कुमार ने स्पष्ट किया कि जब तक सभी मांगों पर स्पष्ट और सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि संघ शांतिपूर्ण तरीके से 16 जून तक धरना जारी रखेगा, लेकिन यदि उस दिन भी कोई ठोस समाधान नहीं निकलता है तो आंदोलन को उग्र रूप दिया जाएगा। धरने को समर्थन देने पहुंचे वार्ड नंबर-12 की पार्षद प्रीती साहू, हेमंत साहू एवं पूर्व सभासद अश्विनी सिद्धार्थ ने भी धरनास्थल पहुंचकर कर्मचारियों की मांगों को जायज़ ठहराते हुए आंदोलन को अपना समर्थन दिया। धरना स्थल पर हुई सभा में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए और यह स्पष्ट किया कि अब कर्मचारी किसी भी प्रकार के बहकावे में नहीं आएंगे और अपनी मांगों को मनवाकर ही रहेंगे। धरना प्रदर्शन में विजय पाल, राजेश, रवि चिंडालिया, जयपाल, चौधरी दिनेश, वीरेंद्र, लक्की, विजय, अलंकार, प्रमोद, अरुण, चौधरी विक्रम, कैलाश बाबू, संजू, विनेश, बबीता सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

## सर्वे रुकवाने की लगाई गुहार

**हल्द्वानी।** दमुवाढुंगा क्षेत्र में जिला प्रशासन द्वारा खाली पड़ी भूमि पर सरकारी भूमि के बोर्ड लगाए जाने से स्थानीय ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को पूर्व प्रधान महेश जोशी के नेतृत्व में कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत के आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की और दमुवाढुंगा को राजस्व गांव घोषित करने के बाद बंद पड़े सर्वेक्षण एवं अभिलेख सक्रियाओ को पुनः शुरू कर मालिकाना हक दिलाने की मांग की है। जवाहर ज्योति दमुवाढुंगा के ग्रामीणों ने विधायक भगत को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि वर्ष 2024 में मुख्यमंत्री घोषणा में दमुवाढुंगा क्षेत्र का स्वामित्व योजना के अंतर्गत सर्वे कराया जाएगा। घोषणा के बावजूद सर्वेक्षण एवं अभिलेख संक्रियाएं प्रारंभ नहीं की गई है। बावजूद इसके जिला प्रशासन ने इन जमीनों पर सरकारी भूमि के बोर्ड लगा दिए हैं, जिससे ग्रामीणों में अपनी जमीन और घर छिन जाने का डर पैदा हो गया है। विधायक बंशीधर भगत ने ग्रामीणों की बात को सुनने के बाद सचिव राजस्व सुरेंद्र नारायण पांडे से दूरभाष पर वार्ता कर सर्वेक्षण के कार्य को शुरू करने एवं मालिकाना हक दिए जाने के लिए पत्रावली शासन में होने एवं विगत वर्ष मुख्यमंत्री घोषणा में दमुवाढुंगा क्षेत्र का स्वामित्व योजना के अंतर्गत सर्वे कराए जाने की घोषणा संख्या 484/2024 की जानकारी भी दी, उन्होंने स्थानीय बसावत को मालिकाना हक दिए जाने, सर्वेक्षण एवं अभिलेख संक्रियाएं जल्द पुनः शुरू करने के प्रयास करने को कहा है। विधायक श्री भगत ने कल स्वयं सचिव राजस्व से देहरादून में मुलाकात कर प्रकरण को उनके सामने रखने की बात दमुवाढुंगा से पहुंचे ग्रामीणों से कही और आश्वासन दिया कि वह इस मामले को शासन स्तर पर मजबूती से उठाएंगे।

## आरएसएस के शिक्षा वर्ग का समापन

### मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश प्रफुल्ल चंद्र और मुख्य वक्ता राजकुमार मटाले रहे मौजूद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित 15 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग का भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण एपीएस स्कूल लामाचौड़ तथा एमआईईटी में संचालित किया गया था, जिसमें शालेय विद्यार्थी स्वयंसेवकों को शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक रूप से संघ कार्यकर्ता के रूप में प्रशिक्षित किया गया।





समापन समारोह के अध्यक्ष के रूप में उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश प्रफुल्ल चंद्र पधारे रहे, जबकि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह सेवा प्रमुख राजकुमार मटाले मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व न्यायमूर्ति प्रफुल्ल चंद्र ने कहा संघ शिक्षा वर्ग के समापन पर मौजूद होकर गौरव की अनुभूति हो रही है। बीते 100 वर्षों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भारतीय संस्कृति को जोड़ने और समाज को एक सूत्र में पिरोने का महान कार्य किया है। उन्होंने स्वयंसेवकों को अनुशासन सेवा और त्याग की प्रेरणा देते हुए कहा कि जिस प्रकार परिवार प्रेम और त्याग से संगठित रहता है, उसी प्रकार राष्ट्र की एकता के लिए संपूर्ण समाज का एकजुट होना आवश्यक है। मुख्य वक्ता राजकुमार मटाले ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा व्यक्ति निर्माण का केंद्र संघ की शाखा है। डा. हेडगेवार द्वारा स्थापित संघ आज 100 वर्षों की यात्रा में प्रवेश कर चुका है। यह संगठन अब समाज के हर वर्ग में स्वीकार्य बन चुका है। उन्होंने कहा, संघ ने पंच परिवर्तन के माध्यम से सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्व-चेतना, पर्यावरण सरंक्षण और नागरिक कर्तव्य के मंत्र देकर समाज के उत्थान का मार्ग प्रशस्त किया है। कार्यक्रम समारोह में आरएसएस के वर्गाधिकारी शिवराज, आशीष ओबराय, पालक संजय, प्रांत प्रचारक डा. शैलेन्द्र, पालक नारायण, सहप्रांत प्रचारक चंद्रशेखर, विभाग प्रचारक इंद्र मोहन, मुख्य शिक्षक मनोज, व्यवस्था प्रबंधक यशपाल बिष्ट एवं सह प्रबंधक प्रदीप जनौटी आदि मौजूद रहे।

## प्राकृतिक खेती पर कार्यक्रम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** कृषि विज्ञान केन्द्र, ज्योलीकोट, नैनीताल के तत्वावधान में ग्राम देवला मल्ला प्राथमिक विद्यालय, सहकारिता समिति कुंवरपुर तथा ग्राम सीतापुर में एक दिवसीय कृषि एवं स्वरोजगार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया



गया। कार्यक्रम में प्रगतिशील कृषक नरेन्द्र सिंह मेहरा ने भूमि की गुणवत्ता, स्थानीय कृषि संसाधनों और प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों को रासायनिक उर्वरकों के बजाय जैविक तरीकों से खेती करने के लिए प्रेरित किया। कृषि विशेषज्ञ डा. कंचन नैनवाल ने मक्का एवं धान की वैज्ञानिक पद्धति से खेती, खरपतवार एवं कीट नियंत्रण तथा संतुलित उर्वरक उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों का समुचित उपयोग कर फसल की उत्पादकता बढ़ाने पर बल दिया। डा. सुधा जुकारिया ने फल एवं सब्जियों के प्रसंस्करण, मोमबत्ती निर्माण, ऐपड़ कला, धूपबत्ती एवं अगरबत्ती निर्माण जैसे स्वरोजगार आधारित प्रशिक्षण विषयों पर उपयोगी जानकारी साझा की। इस आयोजन को सफल बनाने में कृषि विज्ञान केंद्र की टीम की अहम भूमिका रही।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादकः एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'

☎05946-250286

मुख्यालयः

मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मायावी इच्छाधरी ठग को धर दबोचा

- करोड़ों की ठगी कर चुका शातिर तांत्रिक
- सम्मोहित करके कई महिलाओं से कर चुका है दुराचार
- गढ़े धन का लालच देकर करता था ठगी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ऊधमसिंहनगर पुलिस ने ठगी और शोषण की पराकाष्ठा को पार कर चुके एक कथित 'मायावी इच्छाधारी बाबा' के चंगुल से समाज को बचाते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा के कुशल नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने ऑपरेशन को अंजाम देते हुए इस शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर लिया, जिसने लंबे समय से अपने छल-प्रपंच और अलौकिक शक्तियों के झांसे से आम लोगों को ठगने का धंधा चला रखा था। वहीं गढ़ा हुआ धन निकालने का लालच देकर महिलाओं से दुष्कर्म भी करता था।

दो दिन पूर्व रुद्रपुर कोतवाली में एक महिला ने तहरीर देकर बताया कि बाबा राम भगत ने उसके घर के अंदर जमीन के नीचे दबा हुआ धन निकालने का झांसा देकर न सिर्फ उसके साथ बलात्कार किया बल्कि उसकी आपत्तिजनक वीडियो भी बना ली। इस वीडियो के जरिए उसने पांच लाख रुपये वसूल लिये। इसके बाद भी, आरोपी महिला को आपत्तिजनक वीडियो का डर दिखाकर 20 लाख रुपयों की और मांग कर रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने खुलासे के लिए विशेष पुलिस टीम का गठन किया था। टीम ने छानबीन करते हुए सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस के माध्यम से गहन जांच शुरू की। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी बाबा रामभगत को रामपुर रोड डिग्री कॉलेज के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अपने खिलाफ हुए मुकदमे की भनक लग चुकी थी और वह मुंबई भागने की फिराक में था। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि पकड़ा गया इच्छाधारी बाबा केवल एक धोखेबाज नहीं, बल्कि ठगी का एक माहिर कलाकार था, जिसके पास लोगों को अपने जाल में फंसाने के कई शातिराना तरीके थे। मायावी बाबा अपनी असली पहचान छुपाने और लोगों को भ्रमित करने में माहिर था। वह कभी एक साधारण संत का भेष धारण करता था, तो कभी एक प्रभावशाली व्यवसायी का। उसके पास विभिन्न प्रकार की वेशभूषा और मेकअप का पूरा भंडार था, जिससे वह आसानी से किसी भी भीड़ या परिस्थिति में घुलमिल जाता था। इस अद्भुत क्षमता ने उसे पुलिस और जनता, दोनों की आंखों में धूल झोंकने में मदद की और वह बिना किसी संदेह के अपने ठगी के जाल बिछाता रहा।अक्सर, यह इच्छाधारी बाबा एक सफल और धनी व्यवसायी का रूप धारण करता था। वह अपनी मायावी शक्तियों का प्रदर्शन कर लोगों को सम्मोहित करता था और इसी अवस्था का फायदा उठाकर उसने कई महिलाओं के साथ बलात्कार जैसी जघन्य वारदातें भी की हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, यह बाबा पूर्व में भी ऐसे ही गंभीर अपराधों के लिए जेल जा चुका है। इसके खिलाफ गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने मामले का त्वरित खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 5000 रुपये के ईनाम की घोषणा की है।

# पोल से टकराकर पलटा वाहन

- 14 श्रद्धालु घायल, सरकारी अस्पताल में भर्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले से रामनगर गर्जिया देवी मंदिर के दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरा छोटा हाथी वाहन अचानक बिजली के पोल से टकराकर पलट गया, इस भीषण हादसे में 14 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए।

मंगलवार सुबह अमरोहा के एक ही परिवार के करीब 15 लोग छोटा हाथी वाहन से रामनगर के समीपवर्ती गर्जिया देवी मंदिर के दर्शन के लिए निकले थे। जैसे ही वाहन रामनगर के शिवलालपुर चुंगी के पास पहुंचा, एक मोड़ पर वाहन चालक को नींद की झपकी आ गई और गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से जा टकराई, टक्कर इतनी तेज थी कि पोल भी क्षतिग्रस्त हो गया और वाहन पलट गया,घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई,वाहन में सवार श्रद्धालु मदद के लिए चीख पुकार मच गई।आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायलों को रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

जहां चिकित्सको द्वारा घायलों का उपचार किया गया।चिकित्सको ने बताया कि अमरोहा उत्तर प्रदेश निवासी चन्नो देवी, गुड्डू, गुंजन, पूनम, सलोनी, संदीप, बाला, सुमित, देनू, रमेश आदि श्रद्धालु घायल हुए हैं और सभी लोग एक ही परिवार के है। वहीं दूसरी ओर मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी अभिषेक,सतपाल और रवि रामनगर से बैलपड़ाव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम छोई के समीप सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीन कर दिया।घायल तीनों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल ने बताया कि दोनों घटनाओं के मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

# सहायक गन्ना आयुक्त ने किया गन्ना सर्वेक्षण कार्यों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** सहायक गन्ना आयुक्त शैलेंद्र सिंह द्वारा परिक्षेत्र नादेही के ग्राम हरिपुरा महुआडाबरा आदि ग्रामों के सर्वेक्षण कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय गन्ना प्रजाति, पेड़ी-पौधा, समय से गन्ना सर्वेक्षण पूर्ण करने एवं गन्ना में लगने वाले कीट व रोग जैसे पिरिएला, ब्लैकबग, स्मट, पोहा बोइंग, लाल सड़न रोग आदि पर सुझाव दिया। निरीक्षण के दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक तेजपाल सिंह, गन्ना विकास निरीक्षक डा. प्रियंका खैरीया एवं सर्किल गन्ना पर्यवेक्षक विनोद कुमार, गोपाल दत्त व अशोक कुमार उपस्थित रहे।

# जगतपुर पट्टी व हजीरों में कृषक महोत्सव आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत जसपुर विकासखंड के न्याय पंचायत अहमदनगर के गांव जगतपुर पट्टी तथा न्याय पंचायत मेघा वाला के गांव हजीरो में कृषक महोत्सव आयोजित किए गए।



जिनमें कृषि वैज्ञानिक डा. अनिल चंद्रा व गन्ना शोध संस्थान काशीपुर के वैज्ञानिक डॉक्टर प्रमोद कुमार द्वारा गन्ने की नवीनतम प्रजातियों व संबंधित आधुनिक तकनीक की विस्तृत जानकारी दी। कृषि विभाग के कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, काशीपुर डॉक्टर कल्याण सिंह रावत ने परंपरागत खेती, प्राकृतिक खेती व कृषि यंत्रीकरण की विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा अधिकारियों द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणी योजनाओं तथा खरीफ फसल अभियान के अंतर्गत उगाई जाने वाली फसलों, पशुपालन, उद्यानीकरण, मत्स्य पालन व दुग्ध उत्पादन की भी जानकारी दी गई।

विभिन्न विभागों द्वारा अपने स्टॉल लगाये गए । इसके अलावा कार्यक्रम के समापन पर पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में वृक्षारोपण भी किया गया । इस मौके पर विकासखण्ड प्रभारी ओमपाल सिंह, न्याय पंचायत प्रभारी मुकेश कुमार चौहान व ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक अजयदीप सैनी तथा विभिन्न विभागों के कर्मचारीऔर ग्रामवासी मौजूद रहे।

# 45 लीटर कच्ची शराब बरामद, आरोपी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** छापामार कारवाई करते हुए अवैध कच्ची शराब बरामद की हैं, वहीं शराब तस्कर पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया है। मंगलवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अध्यक्ष उमेश कुमार के नेतृत्व में प्रतापपुर चौकी पुलिस ने नशे का कारोबार चलाने वाले लोगों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए ग्राम कच्ची खमरिया देवहा नदी के किनारे नानकमत्ता के पास आरोपी वसाखा सिंह पुत्र स्व:कुलवंत सिंह निवासी बुड्ढी खमरिया के कब्जे से एक ट्यूब में 45 लीटर कच्ची शराब बरामद की, पुलिस टीम को देखकर आरोपी ट्यूब को 'छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने फरार आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत अभियोग पंजीकृत किया है । पुलिस टीम में प्रतापपुर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राजेंद्र पंत, सिपाही, नीरज नेगी, गिरीश चंद्र, राजकुंवर शामिल हैं।

# शिविर में किया निशुल्क दवाइयों का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** निदेशक होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं उत्तराखंड डा जे०एल० फिरमाल और जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा. महेश चंद्र जोशी के आदेशानुसार 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष मे एक धरती एक स्वास्थ्य के लिए योग हरित योगा थीम पर योगाभ्यास सत्र एव समुदाय आधारित आउटरीच होम्योपैथिक शिविर बाजपुर राजीव नगर वार्ड नंबर 13 मे आयोजित किया।

समुदाय आधारित शिविर मे मरीजों की ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर जांच की गई शिविर के दौरान 28 लाभार्थियों को औषधीय पौध का वितरण और निशुल्क होम्योपैथिक औषधी का वितरण किया गया। सत्र योगाभ्यास में 28 लाभार्थियों ने भाग लिया। शिविर मे बाजपुर आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) की प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. शिखा सम्मल फार्मेसिस्ट वतन कुमार योग अनुदेशक कुलदीप सिंह, शहनाज एवं आशा कार्यकत्री कुलविंदर कौर द्वारा योगदान दिया गया।

# युवाओं ने रक्तदान कर दिया नशा नहीं, रक्तदान करो का संदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** किच्छा रोड पुराना अस्पताल स्थित बल्ड बैंक में मंगलवार को आयोजित संदीप संधू स्मृति रक्तदान शिविर में सैकड़ों युवाओं ने रक्तदान किया। शिविर के संयोजक और जिला पंचायत सदस्य लखबीर सिंह लक्खा ने युवाओं से नशे से दूर रहने और रक्तदान जैसे मानव सेवा कार्यों से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है।

सामाजिक कार्यकर्ता सुशील गाबा ने रक्तदान को सामाजिक जिम्मेदारी करार देते हुए कहा कि यह न सिर्फ किसी की जिंदगी बचाने का माध्यम है, बल्कि आत्मिक संतोष का अनुभव भी कराता है। छात्र नेता संदीप सिंह संधू ने बताया कि रक्तदान से पूर्व डोनर का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है, जिसमें कोलेस्ट्रॉल, हीमोग्लोबिन व आयरन लेवल की जांच की जाती है। इससे रक्तदाता को अपने स्वास्थ्य की जानकारी भी मिलती है। शिविर में आशीष शाही, अमर कुमार, कमल खान, अपूर्व नगरकोटी, रजत बिष्ट, हैप्पी रंधावा, हरपाल सिंह, अंश अरा. रा, अरुण गुप्ता, नमन गुप्ता, अंशु पाल, जतिन साहनी, राहुल छाबड़ा, समशेर सिंह, इंद्र वाधवा, जावेद अख्तर, जितेंद्र सिंह, सतपाल सिंह, पार्षद गौरव खुराना, पार्षद सौरभ शर्मा, शिवांश छाबड़ा, रमित रजवार, पंकज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# दरऊ चौक बना वाहन चालकों का अवैध पार्किंग स्थल

## आए दिन हो रहे हादसों के बाद भी स्थानीय प्रशासन मौन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** एनएच- 74 पर दरऊ चौक डग्गामार और निजी वाहन चालकों का अवैध पार्किंग स्थल बना गया है। यहां खड़े होने वाले वाहनों के कारण रोजना दुर्घटनाएं होती हैं। बीते रविवार को सड़क पर खड़े वाहन से बाइक टकराने पर दो नौजवान युवकों की मौत हो गई थी। स्थानीय लोगों लगातार पुलिस से सड़क पर खड़े होने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसा लगता है कि स्थानीय प्रशासन ने ही डग्गामार और निजी वाहन चाल. कों को अवैध पार्किंग का ठेका दे रखा हो।



बता दें कि एनएच- 74 पर स्थित दरऊ चौक नगर का सबसे व्यस्ततम चौराहा है। पिछले दिनों दरऊ चौक से लेकर पुलभट्टा तक सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है। इसके आसपास का क्षेत्र किच्छा कोतवाली व पुलभट्टा थाने के अंतर्गत आता है। भारी वाहनों के चालक टोल बचाने के लिए दरऊ रोड का उपयोग करते है। जिसके कारण चौक पर अक्सर जाम की स्थिती बनी रहती है।

एक्सीडेंटल जोन होने के बावजूद यहां यातायात व्यवस्थित रखने के लिए पुलिस सक्रिय नहीं है। यहां लगातार दुर्घटनाए होने पर प्रशासन ने ग्राम दरऊ के कट को बंद कर दिया था, लेकिन वर्तमान में डग्गामार व निजी वाहन चालकों ने दरऊ चौराहा क्षेत्र को अवैध पार्किंग स्थल बना दिया है।

इस चौराहे पर एक ओर बहेड़ी की ओर जाने वाले डग्गामार टेम्पो व सितारगंज- शक्तिफार्म को चलने वाली डग्गामार बसे ठीक हाईवे पर खड़ी हो जाती है, वहीं दूसरी ओर रुद्रपुर को चलने वाले डग्गामार टैम्पों व पिकप वाहनों ने यहां पार्किंग स्थल बना रखा है। जिससे दरऊ चौक बेहद संकुचित हो गया है। यहां रोजाना दुर्घटना होना आम बात हो गई है। इधर सर्विस लेन में मैकेनिक वाहन खड़े कर मरम्मत का काम शुरू कर देते हैं, जिससे सर्विस लेन में स्थानीय लोगों का चलना मुश्किल हो जाता है। इससे स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बीते रविवार सांय हाईवे पर खड़े वाहन की चपेट में आने से ग्राम भंगा के दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गयी थी। जबकि उनका तीसरा साथी गंभीर रुप से घायल हो गया था।

इससे पहले भी बीते 29 मार्च को दरऊ चौक पर स्कूटी सवार दंपति की ट्रक की चपेट में आने से मौत हुई थी। इसके अलावा भी कई हादसे हो चुके हैं जिसमें नौजवानों ने अपनी जान गंवाई है।

स्थानीय लोग किच्छा और पुलभट्टा पुलिस से सड़क पर वाहन खड़े करने वाले चालकों के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रहे हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन है कि इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

# महिलाओं का यौन उत्पीड़न एक गंभीर समस्याः भंडारी

- जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को दी विशेष जानकारी
- महिलाओं के यौन उत्पीड़न से निपटने के लिए मदद की जा सके



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उधम सिंह नगर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 की जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को विशेष जानकारी दी गई। उधम सिंह नगर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिन योगेंद्र कुमार सागर के निर्देशन में बाजपुर के चिकित्सालय परिसर में बाजपुर तहसील विधिक सेवा समिति के सचिन सिविल जज सुमन भंडारी ने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न की रोकथाम निषेध और निवारण के अधिनियम सन् 2013 के इस विषय पर महिलाओं को जानक. ारी दी गई।

पराविधिक कार्यकर्ता मोहम्मद शाहिद ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से मिलने वाली निशुल्क विधि सेवाओं और नालसा निशुल्क हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में जानकारी दी।

पराविधिक कार्यकर्ता मोहम्मद शाहिद द्वारा महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए बाजपुर में चलाए जा रहे अभियान के तहत कई जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, ताकि लोगों को इस समस्या के बारे में पता चल सके और महिलाओं के यौन उत्पीड़न से निपटने के लिए मदद की जा सके। स्कूल कॉलेज में यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए शिक्षा कार्यक्रम चलाए जाते हैं यौन उत्पीड़न को रो. कने के लिए कई उपाय किए जा सकते हैं जैसे कि सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल बनाना उत्पीड़न की शिकायत के लिए स्पष्ट प्रक्रिया स्थापित करना और सभी कर्मचारियों को यो उपकरण के बारे में शिक्षित करना।

महिलाओं का यौन उत्पीड़न एक गंभीर समस्या है, लेकिन यह है समस्या नहीं है इसे रोका जा सकता है। इस अवसर पर सीएमएस डाक्टर पीडी गुप्ता, डॉक्टर तैयब, डॉक्टर राशिदा, डॉक्टर महेंद्र सिंह जयसवाल, रीना, रंजीत, गीता शर्मा, डॉक्टर आकांक्षा, सरोज, संगीता, प्रकाश बचखेती, एडवोकेट इकबाल आदि मौजूद रहे।

# मेट्रोपोलिस निवासियों का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

- मेट्रोपॉलिस में गैस रिसाव की जांच कराए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मेट्रोपोलिस के निवासियों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में पहुंच कर प्रदर्शन किया। इसके बाद जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंप कर सोसायटी में विगत दिनों गैस रिसाव से बड़ी घटना की जांच कराये जाने की मांग की है।



मेट्रोपोलिस निवासियों ने दिए ज्ञापन में कहा कि मेट्रोपॉलिस सिटी में शनिवार दोपहर उस समय बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब एक अनुभवहीन व्यक्ति द्वारा चलाए जा रहे सीवर कार्य के दौरान गैस पाइपलाइन को नुकसान पहुंचाया गया, जिससे तेज गैस रिसाव शुरू हो गया। घटना के बाद सोसायटी में दहशत फैल गई और लोग अपने घरों से बाहर निकलने को मजबूर हो गए। सोसायटी में विगत एक माह से एमआरडब्ल्यूए द्वारा सीवर का कार्य कराया जा रहा है। बताया कि सात जून को दोपहर लगभग 1 बजे जेसीबी मशीन द्वारा खुदाई के दौरान 4 इंच की गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। आरोप है कि यह कार्य एक अनुभवहीन व्यक्ति को सौंपा गया था, जिससे यह चूक हुई। मेट्रोपोलिस निवासियों का कहना था कि गैस रिसाव की सूचना मिलने के बाद उन्होंने तत्काल एमआरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों व फेसीलिटी ऑफिस को कई बार फोन किया, लेकिन किसी ने कॉल रिसीव नहीं की। करीब डेढ़ घंटे तक गैस का रिसाव होता रहा, जिससे बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया। बाद में लोगों द्वारा प्रशासन और स्थानीय विधायक शिव अरोरा को जानकारी दी, जिनके हस्तक्षेप के बाद फायर ब्रिगेड व गैस विभाग की टीम मौके पर पहुंची और गैस रिसाव को नियंत्रित किया गया। घटना के बाद नाराज मेट्रोपोलिस निवासियों ने जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि एमआरडब्ल्यूए की कार्यप्रणाली की जांच कराई जाए और जवाबदेही तय की जाए। उन्होंने कहा कि अगर भविष्य में कोई दुर्घटना होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी एमआरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों की होगी। इस दौरान बीएस बोरा, सुमेश राय, डॉ. किशोर चंदोला, अतुल जोशी, रोहित सिंह, मनमोहन राय आदि शामिल रहे।

# महाकालेश्वर मंदिर परिसर में गूंजे वेदों के स्वर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

- योग और सनातन संस्कृति का अद्भुत संगम

**खटीमा।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, नमामि गंगे उत्तराखण्ड के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेशभर में योग शिवि. रों का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष नमामि गंगे कार्यक्रम ने एक नई पहल करते हुए योग शिविरों के साथ-साथ आसपास स्थित मंदिरों और मठों में वेद, पुराणों और नदी सभ्यता पर विशेष चर्चा की जा रही है। इन संवादों में वेदों, पुराणों में वर्णित नदियों के महत्व, गंगा नदी की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक भूमिका पर चर्चा की जा रही है।

इसी क्रम में खटीमा के महाक. ालेश्वर मंदिर परिसर में नमामि गंगे के तहत वेद ,पुराण नदी सभ्यता पर कार्यक्रम का हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ है दीप प्रज्वलन के साथ भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, महामंत्री विवेक रस्तोगी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सचिन रस्तोगी, सामा. जिक कार्यकर्ता अमित जोशी, अभियान के संयोजक डा. नवीन भट्ट, डा. मोनिका भैसोड़ा व डा. धीरज बिनवाल द्वारा संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया । तत्पश्चात मुख्य अतिथि , विशिष्ट अतिथियों को अंग वस्त्र भेंट किए। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि जीवन धामी ने कहा वेद और पुराण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता और जीवनशैली की वैज्ञानिक विरासत हैं। हमें गंगा जैसी पवित्र नदियों को केवल जल स्रोत नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना के स्रोत के रूप में देखना चाहिए। विशिष्ट अतिथि विवेक रस्तोगी ने कहा गृहस्थ जीवन से लेकर पर्यावरण संरक्षण तक वेदों ने हमें संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा दी है। हमारी शिक्षण प्रणाली को भी इस ज्ञान को बालमन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। यहां सचिन रस्तोगी, अमित जोशी, डा. मोनिका भैसोड़ा, डा. धीरज बिनवाल, डा. नवीन भट्ट, रिया, हरीश ओझा, तारा बिष्ट, जयंती चंद, गरिमा पांडे, राजेश्वरी पोखरिया, पूनम, सुमित शर्मा, संजीव राणा, मो. हिनी राणा, रेणु चंद, तनुजा जोशी,सपना राणा, ललिता, अंजू देऊपा, सरोज चंद, करीना आर्य, गीता, कोमल शर्मा, सरोज बसेड़ा, कविता जोशी, नेहा, रवीना कोश्यारी, जानकी, सपना देवी, इंद्रा, ज्योति, शिवानी आदि उपस्थित थे।

# ज्वलनशील पदार्थ डालकर अधेड़ ने खुद को लगाई आग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** तहसील परिसर में एक अधेड़ व्यक्ति अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्मदाह के प्रयास में बुरी तरह झुलस गया। आसपास के लोगों ने दौड़कर बचाने का प्रयास किया, तब तक वह लगभग 60 प्रतिशत जल चुका था।

मंगलवार की सायं लगभग 6 बजे खटीमा तहसील परिसर में एक अधेड़ व्यक्ति अपनी स्कूटी से तहसील परिसर आया था। उसने अपनी स्कूटी खड़ी कर एक बोतल में रखे ज्वलनशील पदार्थ को अपने ऊपर डालकर आत्महत्या के प्रयास में अचानक आग लगा ली।

अधेड़ को आग में घिरा देख मौके पर अफरा तफरी और भगदड़ मच गई। आसपास के लोगों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह बुरी तरह झुलस गया। आनन-फानन में 108

- बुरी तरह झुलसा, हायर सेंटर रेफर
- परिवार में आपसी बंटवारे को लेकर परेशान था अधेड़

सेवा से अधेड़ को खटीमा सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उसको हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

बताया जा रहा है कि अधेड़ नारायण सिंह पुत्र बिशन सिंह ग्राम दियूरी का रहने वाला था तथा परिवार के आपसी बंटवारे को लेकर पिछले काफी समय से परेशान था। झुलसे व्यक्ति तीन भाई थे जिनका आपस में संपत्ति बंटवारे को लेकर के विवाद चल रहा था, जिससे क्षुब्ध और परेशान होकर अधेड़ ने आत्महत्या के प्रयास में ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली।

# पुन: सम्मानित किए जाएंगे पूर्व सैनिक सचिव भुवन सिंह डंगवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नगरपालिका के चुनाव मे निर्दलीय अध्यक्ष प्रत्याक्षी रहे,पूर्व सभासद नगरपालिका व पूर्व सैनिक कल्याण एवम उत्थान समिति रामनगर के सचिव भुवन सिंह डंगवाल को पुन: एक बार उनके सामाजिक कार्यों के लिए गवर्नर सम्मान दिया जाएगा।

भुवन डंगवाल ने बताया कि इसी वर्ष पौड़ी गढ़वाल सैनिक सम्मान गवर्नर द्वारा पता चला है कि कुमाऊँ सैनिक सम्मान दिया जाएगा।जिस पर उन्होंने बताया की यह सम्मान उनके अलावा अन्य 4 पूर्व सैनिको को भी दिया जायेगा, जिसमे समिति के अध्यक्ष कुलवंत सिंह, पूर्व अध्यक्ष नवीन पोखरियाल, मंगल सिंह व गजेंद्र सिंह को भी दिया जायेगा।उन्होंने बताया कि सैनिक हमेशा सैनिक ही रहते है। वह सेना में कार्यरत हो या सेवा निवर्त हो वह कभी अपना फर्ज नहीं भूलते है।सैनिक हमेशा अपनें सैनिक धर्म का पालन करते है।कहा कि हमें अपने अंदर सबसे पहले इंसानियत जिन्दा रखनी होगी तभी हम समाज का कल्याण कर सकते है। उन्होंने कुमाऊं और गढ़वाल दोनों ही रेजिमेंट और अपनी समिति का आभार व्यक्त किया है। कहा कि यह सम्मान प्राप्त करना उनके लिए एक गर्व का विषय है। जिसके लिए वह स्वयं को गौरव महसूस कर रहे है। यह सम्मान उनका नहीं उन सभी पूर्व सैनिको का भी है जो हर समय उनके साथ कंधे से कन्धा मिलाकर खडे रहते है।

**संबन्ध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने पुत्र ललित मोहन जोशी पुत्र बाला दत्त जोशी को गलत व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर इसको अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इसके लेन देन व कृत्य के लिए मैं व मेरे परिवार के सदस्य उत्तरदायी नहीं होंगे।

**पुष्पा जोशी पत्नी बाला दत्त जोशी**
**निवासी-डिवाईन सिटी फेस-3, ग्राम व पो. छतरपुर, रुद्रपुर, उधमसिंहनगर उत्तराखण्ड**

**संबन्ध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अक्षय यादव और उसकी पत्नी राजेश्वरी यादव आए दिन मुझे और मेरे अन्य परिजनों को परेशान करते हैं। उनके कृत्यों से तंग आकर अक्षय यादव और उसकी पत्नी राजेश्वरी यादव से अपने समस्त सम्बन्धों को विच्छेदित कर उनको अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में शपथकर्ता व उसके परिवार वाले अक्षय यादव और उसकी पत्नी राजेश्वरी यादव के किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। अक्षय यादव और उसकी पत्नी राजेश्वरी यादव अपने कृत्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**रामदत्त पुत्र श्री विनगुद**
**निवासी- पिलेटीनम टावर ( ज्येष्ठा कालोनी ) फुलसुंगी- सिडकुल रोड रुद्रपुर, थाना ट्रांजिट कैंप, रुद्रपुर , जिला उधमसिंह नगर,**

# राज्य मंत्री मकवाना का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व दर्जा राज्य मंत्री उपाध्यक्ष सफाई कर्मचारी आयोग उत्तराखंड सरकार भगवत प्रसाद मकवाना के रामनगर आगमन पर भाजपा नेता शुभम उत्तम द्वारा अपने समर्थकों के साथ जोरदार स्वागत किया गया।शुभम उत्तम ने नगर पालिका में कार्यरत पर्यावरण मित्रों (सफाई कर्मचारियों ) की समस्याओं से अवगत करवाया गया।राज्य मंत्री द्वारा जल्द ही शासकीय बैठक कर समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान रजत राज, अनिकेत कश्यप, हर्षित राजपूत, दीपांशु उत्तम, राजवीर, अंगद, कार्तिक आदि मौजूद रहे।

# युवक को गोली मारने वाले पांच आरोपी दबोचे

**घटना में मुख्य शूटर को भी किया गिरफ्तार**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में बीती सात जून को गैस गोदाम के समीप मोहल्ला ऊंटपड़ाव एक युवक पर युवको द्वारा जान से मारने की नीयत से उस पर तमंचे से फायर कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था घटना के बाद मौके पर जहां एक और भगदड़ मच गई थी तो वही पुलिस भी मामले की जांच में जुटी हुई थी।

मंगलवार को इस मामले का खुलासा करते हुए कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि सात जून की शाम को मोहल्ला इंदिरा कॉलोनी निवासी मुकुल आर्य पर कुछ लोगों द्वारा जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर उसे घायल कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि इस मामले में घायल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने के साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल एवं उप निरीक्षक तारा सिंह राणा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने ग्राम पीरुमदारा 64 नंबर गेट से घटना के मुख्य शूटर ईशान उर्फ पव्वा ,फारुख उर्फ सोनू, बिलाल निवासीगण मोहल्ला खताड़ी, फरदीन निवासी ग्राम चिलकिया, मोहम्मद अर्श निवासी मोहल्ला गूलरघटटी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि घटना के मुख्य शूटर ईशान के कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस एवं एक खोखा भी बरामद किया गया है। कोतवाल ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की गई है और घटना में फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने का भी उन्होंने दावा किया है। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपियों को जेल भेज दिया है। इस दौरान पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल, एसआई जोगा सिंह, तारा सिंह राणा, कांस्टेबल विपिन शर्मा, संजय सिंह, बिजेंद्र सिंह, मोहम्मद राशिद शामिल रहे।

# नदियों के अस्तित्व से ही सार्थक होगा जल संरक्षण अभियान: डीएम

**यक्षवती नदी को पुनर्जीवित करने को लेकर हुआ कार्यक्रम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** स्प्रिंग एंड रिवर रिजुवेनेशन अथॉरिटी (सारा परियोजना) के अंतर्गत जल संरक्षण के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'जल संरक्षण अभियान-2025' के अंतर्गत 'जल उत्सव सप्ताह' मनाया जा रहा है। इस कड़ी में आज यक्षवती नदी, नियर बस्ते, रई क्षेत्र, पिथौरागढ़ में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं द्वारा पारंपरिक गायन (सगुनाखर) गाकर



जिलाधिकारी समेत सभी अतिथिगणों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरणविदों, गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण तथा यक्षावती नदी को पुनर्जीवित करने हेतु अपने विचार रखे गए।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में जल संरक्षण, वनअग्नि रोकथाम, स्वच्छता कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यक्षवती नदी सहित नौलों धारों को पुनर्जीवित करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों से स्थानीय जनमानस को अवगत कराया। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी से आग्रह किया है कि वे जिले के सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए स्थानीय पेयजल परियोजनाओं जैसे आंवलाघाट पंपिंग परियोजना आदि के शैक्षिक दौरे आयोजित करें। इस पहल से छात्रों को जल के महत्व, जल संरक्षण की आवश्यकता और जल प्रबंधन की प्रक्रियाओं से सीधे तौर पर परिचित कराया जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी मिलना चाहिए। सारा परियोजना की यह पहल जल संरक्षण के क्षेत्र में एक सराहनीय कदम है, जो भविष्य में सतत विकास और जल सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

इस अवसर पर जल एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर आधारित पहाड़ी वोकल टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर पर्यावरण संरक्षण, पौध रोपण, स्वच्छता, वानग्नि रोकथाम आदि का संदेश दिया गया तथा सभी उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई और पर्यावरणविदों को जिलाधिकारी द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी, प्रभागीय वनाधिकारी आशुतोष सिंह सहित अन्य पर्यावरणविदों द्वारा जल संरक्षण, जलवायु परिवर्तन आदि विषयों पर प्रेरक वक्तव्य प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों को जल और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रचनात्मक तरीके से समझाया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी, प्रभागीय वनाधिकारी आशुतोष सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी हरक राम कोहली, 130 इको टास्क फोर्स कर्नल वीके दानू, पूर्व सैनिक संगठन के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय जनमानस उपस्थित रहे।

## एक नजर

# प्रियंका भट्ट बनीं चंपावत की नई जिला पूर्ति अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चंपावत।** प्रियंका भट्ट ने चंपावत में लंबे समय के रिक्त जिला पूर्ति अधिकारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। यह पद डीएसओ रवि सनवाल के अगस्त, 2024 मै स्थानांतरित होने के बाद से रिक्त था जिसमें मनोज शाह प्रभारी डीएसओ के रूप में आज तक कार्यभार देखते आ रहे थे। मूल रूप से जागेश्वर की रहने वाली प्रियंका का परिवार हल्द्वानी में रहता है तथा इनके पिता मनोज भट्ट अपर निदेशक शिक्षा विभाग नैनीताल मै वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। प्रियंका के बड़े भाई निलेश भट्ट एमबीबीएस करने के बाद दिल्ली के मैक्स साकेत से पीजी कर रहे हैं। प्रियंका ने इससे पूर्व नगर पालिका के ईओ के पद पर भी कार्य किया है तथा गतवर्ष इन्होंने यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर यह नया पद हासिल किया है। शुरू से ही मेधावी छात्रा रही प्रियंका का इरादा जीवन मै ऊंचा लक्ष्य हासिल करने का है। बहरहाल वह अपने इस पद मै रहते हुए सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी रूप देकर अपनी नई पहचान बनाना चाहती हैं। इनके द्वारा डीएसओ का पद ग्रहण करने के बाद प्रभारी डीएसओ मनोज शाह, हेमंत कुमार, पूर्ति निरीक्षक चंद्रकला चतुर्वेदी, पूनम मौर्या, संजय कुमार, भुवन राम, भावना ओली ने उनका स्वागत किया।

# पुलिस ने लौटाया खोया हुआ मोबाइल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पिथौरागढ़।** पुलिस कार्यालय में तैनात कांस्टेबल राजेश वर्मा ने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए एक खोया हुआ मोबाइल फोन उसके मालिक को लौटा दिया। ड्यूटी पर आते समय कांस्टेबल राजेश वर्मा को रास्ते में एक मोबाइल फोन पड़ा मिला, जिसके आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए मोबाइल फोन को अपने कब्जे में लिया और उसकी जांच शुरू की। जांच के दौरान यह पुष्टि हुई कि मोबाइल फोन कुजोली निवासी एक व्यक्ति का है। इसके बाद, कांस्टेबल राजेश वर्मा ने विधिवत रूप से फोन को उसके मालिक को सुपुर्द कर दिया। फोन वापस मिलने पर फोन स्वामी ने पुलिस की ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

# नई उम्मीद नई पहल हेल्थ कैंप का आयोजन 13 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** जन स्वास्थ्य को समर्पित एक सराहनीय पहल के तहत 13 जून 2025 को उप-जिला चिकित्सालय बाजपुर में एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत "नई उम्मीद, नई पहल" हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस स्वास्थ्य शिविर में 30 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिकों के लिए विशेष रूप से एनसीडी स्क्रीनिंग, स्वास्थ्य परीक्षण, नि:शुल्क दवाओं का वितरण एवं चंदन डायग्नोस्टिक द्वारा नि:शुल्क जांच सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही आरबीएसके टीम द्वारा भी जांच की सुविधा दी जाएगी। इस शिविर का उद्देश्य आम जनता को गंभीर लेकिन सामान्यत: अनदेखी की जाने वाली बीमारियों जैसे मधुमेह, रक्तचाप, हृदय रोग आदि के प्रति जागरूक करना और समय रहते उनका इलाज शुरू करवाना है।

# पीएम जन औषधि केंद्र के प्रति रोगियों व तीमारदारों का बढ़ा रुझान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** प्रधानमंत्री जन औषधि का क्रेज क्षेत्र में लगातार बढ़ने लगा है। उप जिला चिकित्सालय से स्वास्थ्य लाभ लेने वालों की मानें तो उनकी पहली पसंद प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र से मुनासिफ रेट पर दवा लेना है। अस्पताल के रोगी एवं उनके तीमारदार बताते हैं कि अस्पताल के चिकित्सक यदा-कदा मार्केट के मेडिकल स्टोरों की दवाइयां लिखते हैं तो भी उनके द्वारा जन औषधि केंद्र की सस्ती दवा लेते हैं। उप जिला चिकित्सालय के रोगियों की संख्या को तुलना में जन औषधि वितरण कक्ष बेहद छोटा होने से उन्हें कतारबद्ध होकर दवा लेनी पड़ती है। अस्पताल कैंपस के एक छोटे से कक्ष में चलने वाले प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र संचालक बताते हैं कि उनके द्वारा सरकार को प्रतिमाह तीन हजार से अधिक किराया दिया जाता है, लेकिन एक छोटे से कक्ष में विभिन्न प्रकार की दवाइयां रखने तथा उन्हें निकाल कर रोगी व उनके तीमारदार को देना जगह के अभाव में मुश्किल होता है। वह पर्याप्त कक्ष की बांट रहे हैं। वहीं उप जिला चिकित्सालय के सीएमएस केसी पंत ने कहा कि जन औषधि केंद्र के लिए कक्ष आबंटित है। इस कक्ष के किराए का ठीक पता नहीं है। अलबत्ता जरूरत के अनुसार दवाइयों के स्टाक के लिए कक्ष को सुविधाजनक बनाया जा सकता है। रोगियों एवं तीमारदार का जेनेरिक दवाइयां की प्रति रुझान बढ़ा है।

# 11 हजार की विद्युत लाइन से झुलसा एक युवक, हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** दोराहा रामपुर रोड स्थित युवक विद्युत की 11 हजार की लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। मौके पर पहुंचे लोगों ने एक निजि वाहन से हल्द्वानी के अस्पताल में भर्ती कराया। गांव ज्वालापुरी हजरतनगर मुरादाबाद निवासी राजकुमार एक सरकारी विज्ञापन की फलैक्स लगाने के लिए दोराहा चौक पहुंचा था।जहां राजकुमार रामपुर रोड स्थित गुरुद्वारा के पास एक होर्डिंग पोल पर चढ़कर सरकारी विज्ञापन की फलैक्स लगा रहा था। इस बीच होर्डिंग पोल के उपर से विद्युत की गुजर रही 11 हजार की लाइन की चपेट में आ गया। जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलते ही दोराहा चौकी इंचार्ज रमेश चन्द्र बेलवाल मय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और जांच में जुट गए।

# अतिक्रमण का निरीक्षण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायत के अनुसार राज्य विभाग एवं लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम बिचपुरी नौगवांनाथ मार्ग के अतिक्रमण का निरीक्षण किया। टीम ने मार्ग के दोनों और लगाई गई बाड़ पशु चारा, खाद आदि को दो दिन में दो दिन में हटा लेने की चेतावनी दी है।

लोक निर्माण विभाग एवं राजस्व विभाग की टीम ने बिचपुरी से नौगवांनाथ ग्राम तक मार्ग के दोनों ओर किए गए स्थाई अतिक्रमण दो दिन में हटाने का समय दिया है। संयुक्त टीम ने मार्ग के दोनों और पशु चारा, लकड़ी, गोबर आदि सामग्री रखी पाई गई। ग्रामीणों ने दो दिन में स्वयं हटा लेंगे का आश्वासन दिया।

# हाईकोर्ट के आदेश पर प्रशासन ने सील मदरसे को खोला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** मदरसों की जांच अभियान में प्रशासन की टीम द्वारा जसपुर के एक मदरसे को सील कर दिया गया था। हाईकोर्ट के आदेश पर बीते सोमवार को एसडीएम ने मदरसा खोलने के आदेश जारी किए थे। इस क्रम में राजस्व विभाग की टीम ने मदरसा कमेटी के लोगों और मोहल्ले वालों की मौजूदगी में मदरसे में लगायी सील को खोल दिया।

मोहल्ला भूप सिंह स्थित मदरसा अरबिया पहले सुन्नत रियाजुल उलूम निकट सक्को वाली मस्जिद को आज मंगलवार को राजस्व निरीक्षक धनेश कुमार शर्मा द्वारा प्रबंधक मुबारिक हुसैन ,सुल्तान भारती, एडवोकेट अखलाक व अन्य मुस्लिम भाइयों की मौजूदगी में खोल दिया गया। मदरसा खोले जाने के बाद मोहल्ले के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई और मदरसा कमेटी के लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। मौके पर सुल्तान भारती, मुबारक हुसैन, वसीम खान, आफताब हुसैन, नाजिम खान, आलिम खान ,मोहम्मद नफीस अहमद, तौफीक, नौशाद एडवोकेट ,मोहम्मद आलम, समीर परवेज आदि मौजूद रहे।

# बॉक्सिग प्रतियोगिता में आवासीय छात्रावास बना चैम्पियन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** देहरादून के मल्टीपरपज हॉल, परेड ग्राउण्ड में छह जून से नौ जून, 2025 तक आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर बॉक्सिग प्रतियोगिता में सीमान्त जनपद पिथौरागढ़ के मुक्केबाजों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर जनपद का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में आवासीय छात्रावास की बालिकाओं ने पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा पिथौरागढ़ की ही बालिका टीम दूसरे स्थान पर रही। इस प्रकार पूरी प्रतियोगिता में पिथौरागढ़ की बालिकाओं का दबदबा रहा। सम्पूर्ण प्रतियोगिता में पिथौरागढ की बालिकाओं ने कुल 14 पदक अर्जित किये। बालक वर्ग में भी पिथौरागढ़ के बालकों ने कुल सात पदक अर्जित किये।

आवासीय छात्रावास पिथौरागढ़ से



दीपिका कनवाल, गौदावरी राठौर, अनुष्का आर्या, रिया जोशी ने अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक एवं साक्षी अधिकारी, दिया कठायत, भूमि थापा ने रजत पदक तथा अंशिका राणा, कृष्णा बघरी ने कॉस्य पदक अर्जित किया। उक्त बालिकाए आवासीय बालिका बॉक्सिग छात्रावास, पिथौरागढ़ में श्रीमती सुनीता मेहता रावत एवं कै0 देवी चंद से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। जूनियर बालिका वर्ग में खुशी चंद एवं रिया ने अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक, नेहा वल्दिया वल्दिया एवं पवनी सयाना ने रजत पदक अर्जित किया। खुशी चंद मल्ल एकेडमी में विजेन्द्र मल्ल से, नेहा वल्दिया, साई प्रशिक्षक निखिल महर से, रिया एवं पवनी मुनस्यारी में महिमा विश्वकर्मा से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। जूनियर बालक वर्ग में यश कापड़ी ने अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक एवं अमित नेगी ने रजत पदक तथा सुमित नेगी, निखिल खड़ायत, सार्थक महर, ललित बिष्ट, कैलाश सिंह ने कॉस्य पदक अर्जित किया।

प्रतियोगिता में छात्रावास की बालिकाओं के साथ कै. देवी चंद एवं पिथौरागढ़ की बालिकाओं के साथ महिमा विश्वकर्मा एवं बालकों के साथ हेम उपाध्याय ने टीम मैनेजर व प्रशिक्षक के तौर पर प्रतिभाग किया। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के बॉक्सरों की उपलब्धि पर जिला बॉक्सिग संघ, पिथौरागढ़ के अध्यक्ष श्री कमल पुनेड़ा, सचिव श्री बहादुर सिंह बोहरा, कै. देवी चंद, जर्नादन सिंह वल्दिया, राजेन्द्र सिंह जेठी, प्रकाश जंग थापा, विजेन्द्र मल्ल, निखिल महर, सुनीता मेहता, बहादुर सिंह बोहरा, हेम उपाध्याय, जोगेन्दर बोहरा आदि जनपद के समस्त खेल प्रेमियों ने खुशी व्यक्त कर बॉक्सरों को शुभकामनायें प्रेषित की।

# ग्रामीणों ने रात्रि में खनन करने वाली जेसीबी को पकड़ कर तहसीलदार को सौंपा

**पकड़ी गई जेसीबी तहसील कैंपस में खड़ी है: तहसीलदार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ग्राम फुल्लैया में अवैध तरीके से नाले व उससे लगे खेतों की मिट्टी खोद रही एक जेसीबी मशीन को ग्रामीणों ने घेरकर पकड़ा और राजस्व विभाग को सौंप दिया। निवर्तमान ग्राम प्रधान मुन्नी राणा ने बताया कि खनन माफिया ग्रामीणों के सो जाने के बाद रातभर खनन करते हैं।

खनन माफियाओं से खफा ग्रामीणों ने रविवार रात्रि में घेराबंदी कर मिट्टी खोद रही जेसीबी को पकड़ लिया और फोन पर तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवाण व पुलिस चौकी झनकट को फोन कर मौके पर बुलाया और पकड़ी गई जेसीबी को उनके हवाले कर दिया।

निवर्तमान ग्राम प्रधान राणा ने बताया कि खनन माफिया नाले की मिट्टी के साथ दोनों तरफ खेतों की



मिट्टी खोद कर उठा ले गए। खेत स्वामी नारायण सिंह राणा, प्रदीप सिंह राणा, उमेदी सिंह राणा, धीरज सिंह राणा, अमन सिंह राणा आदि ने बताया कि नाले की मिट्टी के साथ उनके खेतों के किनारे की मिट्टी भी खनन माफिया खोद कर ले गये। निवर्तमान ग्राम प्रधान राणा ने बताया कि इससे पहले भी खनन माफियाओं ने कई बार रात्रि के सुनसान पहर में खेतों की मिट्टी खोद डाली। विरोध कर जेसीबी पकड़ने वालों में निवर्तमान ग्राम प्रधान मुन्नी राणा, दीवान सिंह, नितिन सिंह राणा, प्रदीप सिंह राणा, धीरज सिंह राणा,श्री कृष्णसिंह,प्रवेश देवी, नीलम देवी, अमन सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण सम्मिलित थे। तहसीलदार वीरेंद्र सिंह साजवाण ने बताया कि फुल्लैया के ग्रामीणों की शिकायत पर पकड़ी गयी जेसीबी तहसील कैंपस में खड़ी है । उन्होंने बताया कि जेसीबी स्वामी के आने पर उसके विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी।

# उत्तराखंड सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** उत्तराखंड सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री) भगवत प्रसाद मकवाना देहरादून से नैनीताल जाते समय जसपुर में उत्तरांचल सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री महेंद्र सिंह के आवास पर पहुंचे। उनके पहुंचने पर नगर पालिका परिषद के पर्यावरण मित्रों ने उनका भव्य स्वागत किया । पर्यावरण मित्रों ने उन्हें स्वच्छकार कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री महेंद्र सिंह राही के नेतृत्व में अपनी मांगों को लेकर नौ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा और समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने की मांग की।

पर्यावरण मित्रों ने वर्दी समय से न देने , सुरक्षा उपकरण उपलब्ध न कराने , सफाई यंत्र न देने , आउटसोर्स पर्यावरण मित्रों के वेतन से पीएफ की कटौती करने पर जमा नहीं करने व हाई कोर्ट के आदेश अनुसार नियमितीकरण कराने आदि समस्याएं रखीं ।

इसके अलावा संघ के प्रदेश महामंत्री ने पुनर्गठन ढांचा संख्या 757



को संशोधित करने , नगर निकायों में वर्षो से दैनिक वेतन भोगी, संविदा, मौहल्ला स्वच्छता समिति, उपनल, आउटसोर्स आदि में कार्यरत पर्यावरण मित्रों को नियमित करने तथा नगर निकायों में ठेका प्रथा को पूर्ण रूप से समाप्त कर सीधी भर्ती की जाए, नगर निकायों में बड़े हुए क्षेत्रफल के आधार पर पूरे राज्य में 20 हजार पर्यावरण मित्रों की सीधी भर्ती करने, नगर निकायों में वर्षो से सफाई नायक के रूप में कार्यरत सभी कर्मियों को सफाई नायक के पदों पर पदोन्नति करने आदि मांगे भी उनके सम्मुख रखीं। इस पर उन्होंने ने मुख्यमंत्री से वार्ता कर पर्यावरण मित्रों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और सरकार की योजनाओं उठाने के लिए आह्वान किया।

इस अवसर पर उत्तरांचल स्वच्छकार कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री महेंद्र सिंह राही, शाखा अध्यक्ष आलोक कुमार, शेखर, चौधरी बृज किशोर, हरकिशोर, मुकेश कुमार, रविंद्र, रूपेश कुमार, विनोद कुमार, कमल कुमार, कुलदीप, सागर, अमरदीप, विनीत कुमार, बृजेश कुमार, बंटी, सौरभ व आकाश कुमार आदि मौजूद रहे।

# बगवाल मेले को लेकर किया विचार विमर्श

**15 जून से भागवत कथा और 19 जून को निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवीधूरा।** बाराहीधाम में आयोजित होने वाले बगवाल मेले की अभी से तैयारियां शुरू हो गई है। इस ऐतिहासिक एवं पौराणिक मेले को भव्य व दिव्य रूप दिए जाने के लिए मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट , महामंत्री रोशन लमगड़िया तथा हयात सिंह बिष्ट के संचालन में हुई बैठक में चारखाम सात थोकों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में बगवाल के दिन बगवाल खेलने वाले बगवाली वीरों को परिचय पत्र जारी करने के साथ उन्हें अनिवार्य रूप से ड्रेस कोड का पालन करना होगा।

खामों के लोगों को परिचय पत्र की व्यवस्था वालिग खाम के एडवोकेट चेतन भैया द्वारा की जाएगी। मंदिर कमेटी के मुख्य संरक्षक लक्ष्मण सिंह लमगड़िया ने कहा उत्तराखंड में बाराही धाम एकमात्र ऐसा शक्तिपीठ है जहां मां बज्रबाराही का मंदिर है। यहां होने वाले मेले में भगवाल देखने एवं मां की शोभायात्रा में शामिल होने के लिए लाखों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ती है जिसे देखते हुए सभी को मेले की गरिमा को बनाए रखना होगा। इस वर्ष भी मेले में बाराही मंदिर को फूलों से सजाया जाएगा। खामों के बीच अनुशासन एवं पारंपरिक सहयोग बनाए रखने के लिए सभी खाम प्रमुख इस दिशा में कार्य करेंगे ।

उधर बाराहीधाम में 15 जून से होने वाली भव्य पुराण कथा के दिन महिलाएं आंचलिक परिधानों में कलश यात्रा निकालेंगी तथा उनका कलश पहाड़ों की संस्कृति के अनुरूप एपण से सजा हुआ होगा। कथा के प्रत्येक दिन भंडारा आयोजित किया जाएगा, यदि कोई



लोग अपनी ओर से भंडारा करना चाहते हैं तो उन्हें इसकी पूर्व सूचना देनी होगी। चारोंखामों के लोग बारी-बारी से भंडारे की व्यवस्था करेंगे।

भंडारे में प्लास्टिक एवं थर्माकोल के थाली और गिलास पूर्ण रूप से प्रतिबंधित होंगे। उनके स्थान पर स्टील की थाली व गिलास की व्यवस्था की जाएगी। 19 जून को यहां महान संत कल्याण दास जी के आगमन पर उनके सम्मान में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी जिसके लिए सभी लोगों से देवीधूरा पहुंचने की अपील की गई है। यहां कथावाचन के लिए पुराणों के मर्मज्ञ आचार्य प्रकाश कृष्ण शास्त्री आ रहे हैं। कथा के दौरान सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी भी यहां आ रहे हैं जिनका भी पारंपरिक रूप से स्वागत किया जाएगा। बैठक में गहढ़वाल खाम के देव सिंह बिष्ट, वालिग खाम के बद्री सिंह बिष्ट, चम्याल खाम के गंगा सिंह चम्याल एवं लमगड़िया खाम के वीरेंद्र लमगड़िया,ग्राम प्रधान ईश्वर बिष्ट, राजेश बिष्ट, चंदन सिंह बिष्ट आदि तमाम लोग मौजूद थे ।

# डीएम ने संभाला जिला पंचायत में प्रशासक का पदभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने जिला पंचायत में प्रशासक जिला पंचायत का पदभार ग्रहण किया गया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत से कार्यालय से संबंधित आवश्यक जानकारी ली गयी, कार्यालय के आवश्यक पटलो की भी जानकारी लेने के साथ ही सीएम घोषणाओं, मंदिर सौंदर्यीकरण, ट्रैक रूट आदि की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश जिला पंचायत के अधिकारियों को दिए।

इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समस्त कार्यों/योजनाओं की फोटोग्राफ सहित पीपीटी प्रेजेंटेशन बनाना भी सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने कार्यालय के विभिन्न पटलो का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए विभागीय अधिकारियों से जानकारी लेते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के भी निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

इस दौरान अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत बीसी छीमवाल आदि उपस्थित थे।

# हिमवीरों के स्वागत व सम्मान से तीर्थ यात्री भूल जाते हैं यात्रा की थकान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस के हिमवीरों द्वारा आदि कैलाश की यात्रा में आने वाले तीर्थ यात्रियों का जिस आत्मीयता के साथ स्वागत और सम्मान किया जाता है, उससे तीर्थ यात्री अपनी कष्ट भरी यात्रा की की थकान ही भूल जाते हैं।

इस दुर्गम स्थान में रहते सीमाओं की रक्षा करने में रात दिन जुटे रहने वाले हिमवीरो के चेहरों में विश्वास भरी मुस्कान देखकर स्वयं तीर्थ यात्री आश्चर्यचकित रह जाते हैं। आइटीबीपी की 36वीं वाहिनी के हिमवीरो को कुटी, ज्योंलिंगकांग, दावे,धाकर, वेदांग आदि दुर्गम पोस्टों में भी तैनात किया गया है। आइटीबीपी के कमांडेंट संजय कुमार के दिशा निर्देशन में हिमवीर सीमावर्ती क्षेत्रों में न केवल सीमाओं की सुरक्षा कर रहे हैं बल्कि वे पर्यावरण की भी रक्षा कर यहां से पलायन कर चुके लोगों को अपनी माटी से जोड़ने के लिए उन्हें सभी प्रकार का सहयोग भी प्रदान कर रहे है। सहायक सेनानी मनमोहन




सिंह के नेतृत्व में हिमवीरो द्वारा पार्वती कुंड आदि क्षेत्रों में स्वच्छता कार्य के साथ पर्यावरण जागरूकता का भी संदेश दिया जा रहा है। इस कार्य में ग्रामीणों की भी भागीदारी हो रही है। उनके द्वारा किसी भी रूप में पॉलीथिन का प्रयोग न करने की तीर्थ यात्रियों से अपील की जा रही है ।

# सतगुरू कबीर दास को किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सतगुरू कबीर दास के प्रकट दिवस पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने रम्पुरा स्थित कबीर साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर पूर्व विधायक ठुकराल कबीर दास व धर्मदास वंशावली मानव सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए और सभी को कबीर साहब के प्रकट दिवस पर बधाई दी। इस मौके पर शोभा यात्र भी निकाली गई । इस अवसर पर इस मौके पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कबीर दास के दोहे आज भी प्रासंगिक है और आम जनमानस के मानसिक पटल पर अपना प्रभाव छोड़ते हैं। इससे समाज में विषमता और बुराइयों का अंत होता है। कबीर साहब ने कुरीतियों अंधविश्वास और पांखड जड़ समाप्त किया, जिससे समाज को नई दिशा मिली। उन्होंने सभी से कबीर साहब के आदर्शों पर चलने का आहवान किया। इस मौके पर संत अनुराग दास, महंत मिलन दास, महंत अमर दास, पृथ्वी दास, योगराज कोली, नत्थू लाल कोली, चन्द्रपला कोली, चन्द्रसेन कोली, धर्म सिंह कोली, सियाराम, राजकुमार कोली, राकेश कोली, ललित बिष्ट, जगदीश आदि सहित तमाम लोग मौजूद थे।



# पुलिस सजग और सतर्कः एसएसपी

## कैंची धाम के मेले और पर्यटन सीजन के लिए ब्रीफिंग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिले के कैंची में 15 जून रविवार को आयोजित होने वाले कैंची धाम मन्दिर मेले के सकुशल संचालन एवं पर्यटन सीजन की सफल व्यवस्था हेतु जिले के पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा मंगलवार को नैनीताल में बाहरी जनपदों से आए पुलिस बलों तथा जनपद नैनीताल के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ एक महत्वपूर्ण ब्रीफिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस कप्तान मीणा ने अब तक की ड्यूटी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सभी पुलिस बल को बधाई दी तथा उनका उत्साहवर्धन किया और आगामी दिनों के लिए सतर्क एवं सेवा भाव से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने मित्रता एवं सुरक्षा के भाव से पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की सहायता को प्राथमिकता देने का निर्देश दिए। पुलिस कप्तान मीणा ने डायवर्जन योजना एवं शटल सेवाओं' के समुचित उपयोग की जानकारी दी एवं सभी को पालन कराने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी थानों, चौकियों एवं अधिकारियों को पुलिस बल के रहने तथा खानपान आदि की पूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जाम की स्थिति की मॉनिटरिंग कर उच्च अधिकारियों को तत्काल सूचित करने हेतु बताया गया। सोशल मीडिया, टूरिस्ट मूवमेंट और भीड़ नियंत्रण जैसे विषयों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। उन्होंने ड्यूटी के दौरान पूर्ण अनुशासन बनाए रखने एवं मोबाइल फोन के अनावश्यक प्रयोग से बचने के निर्देश दिए गए ताकि जनता की सहायता एवं ड्यूटी पर पूर्ण ध्यान केंद्रित किया जा सके। पुलिस कप्तान मीणा ने नैनीताल जिले ने सभी पुलिस कर्मियों को विजन क्लियर रखने तथा सजग एवं संवेदनशील रहते हुए ड्यूटी करने के निर्देश दिए। ब्रीफिंग के दौरान पुलिस बल का मनोबल बढ़ाने के साथ यह संदेश भी दिया गया कि अगले 10 दिन न सिर्फ चुनौतीपूर्ण हैं बल्कि नैनीताल पुलिस के सेवा संकल्प को दर्शाने वाले दिन भी हैं। कहा कि जनपद नैनीताल पुलिस पूरी प्रतिबद्धता के साथ कैंची धाम मेला एवं पर्यटन सीजन को सुरक्षितए व्यवस्थित और श्रद्धालु, पर्यटक हित में संपन्न कराने हेतु कार्यरत है। ब्रीफिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक क्राइम/यातायात डा. जगद.ीश चंद्रा सहित अन्य राजपत्रित अधिकारी तथा थाना व चौकी प्रभारी सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# नैनीताल में पीक पर ग्रीष्म पर्यटन सीजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल का ग्रीष्म कालीन पर्यटन सीजन वर्तमान में अपने चरम पर पहुंच गया है। मंगलवार को होटलों तथा होम स्टे व गेस्ट हाउस के अधिकांश कमरे पैक रहे। पार्किंग स्थल भी पर्यटक वाहनों से पटी रही। नगर के पर्यटन स्थलों में मंगलवार को पर्यटकों की खासी रौनक देखने को मिली। पर्यटकों से मालरोड की रंगत में जबरदस्त निखार नजर आया। देर शाम तक नगर में दो हजार से अधिक पर्यटक वाहन पहुंचे गए। 10 हजार से अधिक सैलानी पहुंचे हैं। जिस कारण होटलों समेत तमाम गेस्ट हाउस के अधिकांश कमरे सैलानियों से भर गए। वाहनों की भीड़ उमड़ती देख पुलिस को नगर की सीमाओं से यातायात नियंत्रित किया गया। नगर के पर्यटन स्थलों में पूरे दिन भारी संख्या में सैलानियों की आवाजाही रही। स्नोव्यू, राजभवन, केव गार्डन, बॉटनिकल गार्डन तथा हिमालय दर्शन व हनुमानगढ़ी की सैर पर सैलानी बड़ी संख्या में पहुंचे। नौका विहार करने वाले सैलानियों का तांता लगा रहा। मालरोड भी सैलानियों से पटी नजर आई। हनुमानगढ़ी व नयना देवी मंदिर में भी सैलानी बड़ी संख्या में पहुंचे। बाजारों में खरीदारी करने वाले सैलानियों की भीड़ रही। रेस्टोरेंट भी सैलानियों से भरे रहे। हल्द्वानी, भवाली व कालाढूंगी रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। उधर नगर के समीपवर्ती पर्यटन स्थलों में भी चहल पहल बढ़ गई है। जिस कारण पर्यटन कारोबारी बेहद खुश हैं।



## एक नजर

### बॉटनी पर रिफ्रेशर कोर्स कल से

**नैनीताल।** एमएमटीटीसी द्वारा वनस्पति विज्ञान में रिसेंट एडवांसेज इन बॉटनी और प्लांट साइंसेज विषय पर रिफ्रेशर कोर्स 12 से 25 जून 2025 तक ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। सहायक प्राध्यापकों को यह कोर्स को सीएएस के अंतर्गत तथा यूजीसी नियम के अंतर्गत करना अनिवार्य है। निदेशक एमएमटीटीसी प्रो. दिव्या उपाध्याय जोशी ने बताया कि उक्त कोर्स यूजीसी नए ऑनलाइन माध्यम से संस्तुत किया है तथा कोर्स में वनस्पति विज्ञान के विशेषज्ञ नए शिक्षकों से संवाद करेंगे तथा विषय की नवीन जानकारी देंगे। डा. रितेश साह ने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों के 100 प्रतिभागी इस कोर्स में प्रतिभाग कर रहे है। कोर्स कॉर्डिनेटर व वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी ने बताया कि कोर्स में देश विदेश के विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे जिसमें फैलो ऑफ नेशनल अकादमी प्रो. एसपी सिंह, प्रो. डीके उप्रेती, पद्मश्री अनूप साह, कुलपति प्रो. वाई विमला, प्रो. एके पांडे, फैलो ऑफ नेशनल अकादमी ऑफ साइंसेज प्रो. जीएस रावत समेत कई शिक्षाविद् व वैज्ञानिक शामिल हैं।

### शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के चुनाव 13 को

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव 13 जून शुक्रवार को होंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी भारत भूषण जोशी के मुताबिक चुनाव अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महिला उपाध्यक्ष, सचिव, उप सचिव तथा कोषाध्यक्ष पदों के लिए होंगे। चुनावी प्रक्रिया के तहत 12 जून वीरवार को सुबह 11 बजे से लेकर अपराह्न एक बजे तक नामांकन होंगे। उसके बाद अपराह्न 1.30 बजे से लेकर 2.30 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच, उसी दिन नाम वापसी का कार्यक्रम 2.30 बजे से लेकर शाम को 3.30 बजे तक होगा। अगले दिन यानी 13 जून शुक्रवार को सुबह 11 बजे से लेकर अपराह्न एक बजे तक मतदान होगा जबकि अपराह्न 1.30 बजे से मतगणना होगी। मतगणना के बाद विजयी प्रत्याशियों की घोषणा के बाद शपथ ग्रहण समारोह होगा। बताया कि नामांकन प्रक्रिया परिसर के सहायक लेखाधिकारी कार्यालय व निर्वाचन (मतदान) की प्रक्रिया परिसर के कक्ष संख्या 18 सेमीनार हाल में होगी। बताया कि हर पद के लिए नामांकन शुल्क 500 रुपया तय किया गया है। दूसरी ओर संघ के वर्तमान अध्यक्ष गणेश सिंह बिष्ट व सचिव राजेंद्र सिंह ढैला ने परिसर के सभी कर्मचारियों से दो दिनी चुनावी प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

# नैनीताल को पहले जैसा सुन्दर बनाने की जरूरतः कपिल देव

## पूर्व क्रिकेटर के साथ प्रशंसकों ने ली सेल्फी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा कि नैनीताल को पहला जैसा सुंदर बनाने की सख्त जरूरत है। कपिल देव ने मंगलवार को राजभवन में गोल्फ में हाथ दिखाए और नैनीताल की शान

**■राजभवन में गोल्फ में हाथ आज़माए, मालरोड पर किया भ्रमण**

समझी जाने वाली माल रोड भ्रमण पर निकल पड़े।

बता दें कि भारतीय टीम को एक दिवसीय विश्वकप में जीत दिलाने वाले कपिल देव मंगलवार को सुबह गोल्फ खेलने राजभवन के गोल्फ कोर्स पहुंच गए। गोल्फ खेलने के बाद राजभवन पहुंचकर राज्यपाल लेज गुरमीत सिंह (सेनि.) से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात करने के बाद भोजन के लिए बोट हाउस क्लब पहुंच गए। भोजन के बाद माल रोड भ्रमण पर निकल पड़े। मदमस्त अंदाज में हाथों में डिस्पोजल गिलास लिए शीतल पेय की चुस्कियां के साथ प्रशंसकों से मिलते रहे और सेल ी खिंचवाते रहे। इस दौरान कपिल देव को अपने करीब पाकर सैलानियों ने उन्हें घेरने की कसर नहीं छोड़ी और सेल्फी लेते चले गए। चारों ओर से प्रशंसकों से घिरे कपिल हल्की मुस्कान चेहरे पर लिए शांत स्वभाव लोगों का हृदय स्पर्श कर गया। इसके बाद उन्होंने माल रोड में सरदार संस प्रतिष्ठान में पहुंचकर जींस खरीदी। कपिल देव ने प्रतिष्ठान के संचालक बलबीर सिंह से कहा कि मेरी पत्नी आपके यहां से चार टी शर्ट ले गई थी और मैं स्वयं जींस लेने आया हूं। इस बीच संक्षिप्त बातचीत में कपिलदेव ने कहा कि वह पहले नैनीताल आ चुके हैं और पहले भी इस नगर की सुंदरता से कायल हो चुके हैं। नैनीताल को पहला जैसा सुंदर रखने व स्वच्छ बनाने की जरूरत है। इस बीच उनसे इंग्लैंड टेस्ट सीरीज खेलने जा रही भारतीय टीम के बारे में विचार व्यक्त करने को पूछा गया तो वह चुप्पी साध गए। इस बीच कपिलदेव के प्रशंसक उनसे मिलकर खूब खुश हुए। उनके प्रशंसकों में युवा ही नहीं बल्कि बच्चे भी नजर आए जिसे देख लगा कि कपिल के प्रति लोगों की चाहत आज भी बरकरार है।

### कार में काली फिल्म लगाने पर चालान

**नैनीताल।** यूपी के पर्यटकों की कार के सीसों में काली फिल्म निकालने के दौरान नैनीताल में हंगामा हो गया। मामले में पुलिस ने कार के सीसों से काली फिल्म निकालकर पर्यटक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। जानकारी के मुताबिक यूपी के लखनऊ शहर से वाहन में पर्यटक घूमने के लिए नैनीताल पहुंचे। तल्लीताल में ड्यूटी पर मौजूद एएसआई सुनील कुमार ने जब पर्यटकों की कार के शीशे से काली फिल्म देखी तो पर्यटकों से काली फिल्म निकालने को कहा लेकिन पर्यटकों ने उनकी बात को अनसुना कर दिया। जब पुलिस ने कार को रोका तो पर्यटक पुलिस से भिड़ने लगे। एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने पर लखनऊ के राम किशोर के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# तीन दिन चलेगा बाल फिल्म मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** रचनात्मक शिक्षक मंडल उत्तराखंड की पहल पर नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक स्कूल में मंगलवार से तीन दिवसीय बाल फिल्म मेला विधिवत शुरू हुआ। मेले का उद्घाटन उत्तराखंड हाइकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गा सिंह मेहता ने किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि सिनेमा आज शिक्षण का एक महत्वपूर्ण साधन बन गया है। बाल मनोविज्ञान केंद्रित सामाजिक सरोकारों की फिल्मों को बच्चों को समय समय पर दिखाते रहना आज की आवश्यकता बन गया है। विचारोत्तेजक फिल्में छात्रों के बीच कठिन, सामाजिक व सांस्कृतिक और नैतिक समस्याओं के बारे में बातचीत और बहस शुरू करने के लिए उत्प्रेरक का काम करती हैं। इससे न केवल छात्रों की आलोचनात्मक सोच क्षमताओं में सुधार होता है बल्कि सहानुभूति और विभिन्न दृष्टिकोणों का ज्ञान भी विकसित होता है। समारोह की शुरुआत 1857 के गदर के क्रांतिकारी विद्रोही अज़ीमुल्ला खां द्वारा लिखे प्रयाण गीत हम हैं इसके मालिक हिन्दुस्तान हमारा,पाक वतन है कौम का जन्नत से भी न्यारा से हुई। इसके पश्चात जवाहरलाल नेहरू लिखित पुस्तक भारत एक खोज पर श्याम बेनेगल निर्देशित सीरियल का पहला एपिसोड भारत माता की जय बच्चों को दिखाया गया।इसके पश्चात वरिष्ठ साहित्यकार आर के नारायण लिखित कहानी संग्रह मालगुडी डेज पर आधारित एपीसोड बच्चों को दिखाए गए। इस मौके पर इंस्पायर अवार्ड के जिला समन्वयक डा. हिमांशु पांडे ने प्रतिभागी बच्चों को जानकारी दी कि 15 जून रविवार से इंस्पायर अवार्ड के पंजीकरण शुरू हो रहे हैं। बच्चे उसमें पंजीकरण करा अपने नवाचारों को स्थान दें। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने अतिथियों को विद्यालय के बच्चों द्वारा बनाए गए ऐपण के चित्र भेंट किए। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक नवेंदु मठपाल, दिव्या ढेला, दीपक कोरंगा, शाहनवाज, नेहा आर्या, प्रवीण सती,आलोक कुमार तथा प्रकाश पौडियाल मौजूद रहे।



# उमावि तलाड़ में मेधावी छात्र सम्मान समारोह




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** पूर्व दर्जा मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता बिट्टू कर्नाटक द्वारा मेधावी छात्रों के मनोबल को बढ़ाने तथा उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। मंगलवार को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तलाड़ में बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र व छात्राओं के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ प्रारंभ हुआ। जिसके कर्नाटक ने बोर्ड परीक्षा तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षा के मेधावी छात्र व छात्राओं को मेडल, प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र से सम्मानित करते हुए कहा कि छात्रों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत के साथ अपनी पढाई जारी रखनी चाहिए और बोर्ड तथा प्रतियोगी परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर अपने माता-पिता तथा शिक्षकों को गौरवान्वित करना चाहिए। कर्नाटक ने कहा कि बोर्ड परीक्षा तथा प्रतियोगी परीक्षा श्रेष्ठ अंकों से उत्तीर्ण करने में छात्रों की अपनी कठोर मेहनत तथा शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। क्योंकि शिक्षा के साथ-साथ शिक्षक छात्रों को अनुशासन, राष्ट्रभक्ति की भावना, उनके अधिकार, कर्तव्य आदि में उनका मार्गदर्शन भी करते है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ व्यायाम, खेलकूद, मनो.रंजन के द्वारा अपने शरीर को तंदुरूस्त एवं स्वस्थ बनाना चाहिए। साथ ही समाज में तेजी से फैल रहे नशे एवं भटकाव के मार्ग से दूर रहकर अपने को आदर्श बना कर समाज व देश में अपना नाम रोशन करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व सैनिक हयातसिंह बिष्ट, रमेश चंद्र जोशी तथा देवेंद्र कर्नाटक, प्रकाश मेहता, निखिल तिवारी, आशा मेहता आदि सहित शिक्षक भोपाल प्रसाद को.हली, खुशाल सिंह मेहर, हेमा बिष्ट, नयन तारा, जानकी बिष्ट तथा समस्त कर्मचारी एवं अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रश्मि कांडपाल ने किया।

# राज्यपाल के सामने रखे पर्यटन के सुझाव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने मंगलवार को राजभवन नैनीताल में बोट एसोसिएशन नैनीताल के पदाधिका.

**■बोट एसोसिएशन के सदस्यों ने की मुलाकात**

रियों के साथ बैठक की। बैठक में नैनीझील के संरक्षण, पर्यटन सुविधाओं के विस्तार से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान एसोसिएशन के पदा.धिकारियों ने राज्यपाल के समक्ष कई सुझाव रखे। उन्होंने झील में बने बोट स्टैंड पर बारिश से बचाव के लिए शेल्टर निर्माण को यथाशीघ्र कराने, झील को जाने वाली सीढ़ियों की मरम्मत और उसमें सुरक्षा चौन लगाए जाने और टिकट काउंटर के जीर्णोद्धार की आवश्यकता पर जोर दिया। राज्यपाल ने सभी सुझावों को सुनते हुए कहा कि नैनीताल की झील न केवल प्रदेश, बल्कि देशभर के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है, और इसका संरक्षण सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि पर्यटकों को बेहतर सुविधा देना हमारी प्राथमिकता है। राज्यपाल ने बताया कि नैनी झील का तकनीकी सर्वेक्षण नेशनल हाइड्रोग्राफर ऑफिस देहरादून द्वारा किया गया है और उसकी रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। राज्यपाल ने बैठक के दौरान कहा कि नैनीताल आने वाले पर्यटकों के लिए बोट चालक वास्तव में एक प्रकार के ब्रांड एंबेसडर होते हैं। उन्होंने कहा कि बोट चालक न केवल पर्यटकों को नैनी झील की सैर कराते हैं, बल्कि उन्हें नैनीताल की विशिष्टताओं, संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य की जानकारी भी देते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं और सुझावों के समाधान हेतु संबंधित विभागों, स्थानीय प्रशासन, मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री से समन्वय स्थापित कर ठोस कार्यवाही की जाएगी। बैठक में बोट एसोसिएशन के अध्यक्ष राम सिंह बिष्ट सहित बोट एसोसिएशन के पदाधिकारी विक्रम सिंह, नैन सिंह एवं विजय कुमार उपस्थित रहे।

# चंद्र लाल साह ठुलघरिया की 102वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

## न्यायमूर्ति आशीष नैथानी रहे समारोह में मुख्य अतिथि





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित सीआरएसटी इंटर कॉलेज में कॉलेज के पूर्व प्रबंधक, समाजसेवी और प्रसिद्ध पर्वतारोही स्वर्गीय चंद्र लाल साह ठुलघरिया की 102वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति आशीष नैथानी रहे। उन्होंने कॉलेज परिसर में स्थापित मशरूम उत्पादन इकाई और फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

### छात्रों ने दिखाया कौशल

**मोबाइल फोटोग्राफी विजेता**

प्रथम: दीपा आर्या (राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ)
द्वितीय: मनीष कुमार (सीआरएसटी कॉलेज)
तृतीय: वैष्णवी (भाषा संस्थान)
सांत्वना: मोहम्मद इमरान

**यात्रावृत्तांत विजेता**

प्रथम: राफिया (मोलासाबा बालिका विद्यालय)
द्वितीय: भावना तिवारी (भाषा संस्थान)
तृतीय: हया फातिमा (मोलासाबा इंटर कॉलेज)
सांत्वना: दिशा कत्यूरा, संजना बिष्ट
विशेष पर्यावरण पुरस्कार: संजना गैड़ा (भाषा संस्थान)

इस दौरान मशरूम विशेषज्ञ एनके वर्मा और पद्मश्री अनूप साह ने छात्रों को मशरूम उत्पादन के विभिन्न चरणों की जानकारी दी और इसे स्वरोजगार से जोड़ने के तरीके समझाए। कार्यक्रम में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विशिष्ट अतिथि पद्मश्री प्रो. शेखर पाठक ने स्व. चंद्र लाल साह के बहुआयामी व्यक्तित्व, सामाजिक सरोकारों और शिक्षा में योगदान पर प्रकाश डाला। जेएनयू के प्रो. पुष्पेश पंत का संदेश पर्यावरणविद् विनोद पांडे ने पढ़ा। विद्यालय प्रबंध समिति सदस्य आलोक साह ने उन्हें याद करते हुए बताया कि उसी दिन उनके पिता स्व. जगदीश साह का भी 100वां जन्मदिन था। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने की। संचालन डा. सोबन सिंह बिष्ट और अनुपम उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम के अंत में मोबाइल फोटोग्राफी और यात्रावृत्तांत प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडे ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार जताया। वहीं, कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपना उत्कृष्ट योगदान देने के लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा महेश लाल साह वरिष्ठ अधिवक्ता, सेवा.निवृत ग्रुप कैप्टन अच्युत, मशरूम विशेषज्ञ नवीन वर्मा व अक्षोभ साह एवं फिल्म अभिनेता ललित तिवारी को सम्मानित किया गया।

# स्थानीय लोगों को रोज़गार से जोड़ा जाएः कुमार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने मंगलवार को नैनीताल क्लब में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ

**■अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष ने की योजनाओं की समीक्षा**

बैठक कर अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए संचालित सरकारी योजनाओं की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने छात्रवृत्ति वितरण स्वरोजगार के अवसरों और बस्तियों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता को लेकर कई महत्त्वपूर्ण निर्देश जारी किए आयोग अध्यक्ष ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति का समय पर और पूरा भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी छात्र की छात्रवृत्ति किसी अधिकारी की लाप.रवाही से रुकी पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में कुमार ने समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया कि अनुसूचित जाति समुदाय के लिए चिन्हित स्थलों पर बाजार और व्यावसायिक परिसर विकसित किए जाएं जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार और व्यापार के अवसर बढ़ सकें। बैठक में कचरा डंपिंग जोन को लेकर भी गहरी चिंता जताई गई। आयोग अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि अनुसूचित जाति बस्तियों के पास यदि नगर निकायों द्वारा डंपिंग जोन बनाए गए हैं तो ऐसे मामलों में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी इसके साथ ही 1995 से पूर्व बसे अनुसूचित जाति परिवारों को मालि.काना हक दिए जाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत अनुसूचित जाति के बच्चों का निजी विद्यालयों में दाखिला सुनिश्चित किया जाए। निजी विद्यालयों में इन बच्चों की संख्या कम होने पर उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से अपनी नाराजगी भी प्रकट की। आयोग अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार अनुसूचित समाज के लिए कई योजनाएं चला रही है। ऐसे में अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि सौ प्रतिशत लाभ वास्तविक पात्रों तक पहुंचे। कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित योजनाओं से स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ा जाए। बैठक में विधायक सरिता आर्य, भाजपा प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा, दायित्वधारी दिनेश आर्य, भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की, अपर जिलाधिक.ारी पीआर चौहान, सीओ प्रमोद कुमार साह, प्रकाश आर्य, शिवांशु जोशी, मोहित लाल साह, निखिल बिष्ट, आशीष बजाज, नीतू जोशी, आशा आर्या सहित समाज कल्याण, स्वास्थ्य महिला एवं बाल विकास खाद्य दुग्ध मत्स्य कृषि उद्यान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी रहे।

### कथा सुनने के लिए उमड़े श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के ठंडी सड़क स्थित गोलू देवता मंदिर परिसर में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा में मंगलवार को कथा सुनने के लिए भक्तजनों की भीड़ उमड़ी रही। इस मौके पर आचार्य उमापति जोशी, उप व्यास श्री पाण्डे तथा व्यास कैलाश चन्द सुयाल जी ने श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण की दारिका में विवाह तथा अन्य कथा सुदामा कथा सुनायी। व्यास कैलाश सुयाल ने बताया कि ब्राहमण को व्यापारी न बन केवल ईश्वर से प्राप्त धन से संतोष करना चाहिए। कार्यक्रम में मंजू रौतेला, सरला जोशी, आयोजक राकेश तिवारी, संयोजक सूरदास रामायणी तथा श्री गोल्ज्यू देवता मंदिर के संस्थापक सदस्य भीम सिंह कार्की, विमल चौधरी, बृजमोहन जोशी, भुवन बवाड़ी व मनोज जोशी आदि मौजूद रहे।

### भवाली में निशुल्क मेडिकल कैंप आम

**भवाली।** राममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की ओर से भवाली में बुधवार (आज) को एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर नगर पालिका मैदान में लगाया जाएगा जहां विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे शिविर में हड्डी एवं जोड़ रोगए नेत्र रोगए ईएनटी (कान, नाक, गला) तथा चर्म रोग सहित कई प्रमुख क्षेत्रों के विशेषज्ञ मरीजों की जांच करेंगे। इसके अतिरिक्त घुटना व कूल्हा प्रत्यारोपण संबंधी रोगों के लिए भी विशेष परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी आयोजक प्रकाश आर्य ने बताया कि शिविर का शुभारंभ शुभ 11 बजे सांस्कृतिक मंच में किया जाएगा शिविर का उद्देश्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों तक उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे अधिक संख्या में पहुंचकर इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कालाढूंगी (नैनीताल)**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती आशा पत्नी मुखतार निवासी कालाढूँगी वार्ड नं. 4 पो.ओ. कालाढूँगी (नैनीताल) द्वारा कालाढूंगी वार्ड नं. में मनीष पुत्र सुभाष के नाम दर्ज भवन जिनके पूरब में सड़क पश्चिम में वीर सिंह का भवन उत्तर में जगदीश सिंह का भवन की भूमि व दक्षिण में भवान सिंह उर्फ भोला का भवन स्थित है। जिसका गृहकर प्रार्थिनी आशा द्वारा अपने नाम हस्तान्तरण किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र व मनीष पुत्र सुभाष द्वारा दिये गये शपथ पत्र, लिखित बयान उपरान्त उक्त भवन का गृहकर करो की वसूली के परियोजनार्थ व भू-स्वामित्व का आधार न होने के दशा में श्रीमती आशा पत्नी मुखतार के नाम हस्तान्तरण किया जाना है।

नोट:- यदि किसी को कोई आपत्ति व सुझाव हो तो इस सूचना जारी होने के 30 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति व सुझाव अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करे। बाद म्याद आपत्ति में विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# दिव्यांगों के लिए ठोस कदम उठाए सरकारः वार्ष्णेय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में दिव्यांगजन अब भी केंद्र और राज्य सरकार की तमाम योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। यह गंभीर चिंता का विषय है। उत्तराखंड दिव्यांगजन सशक्तिकरण के सक्रिय सदस्य दिलीप वार्ष्णेय ने कहा कि सरकार की योजनाएं कागज़ों में तो दिखाई देती हैं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर इनका लाभ दिव्यांग.जनों तक नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग समाज आज भी बुनियादी सुविधाओं, आर्थिक सहायता, स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार जैसे मुद्दों पर संघर्ष कर रहा है। केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा दिव्यांगजनों के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जाती हैं, लेकिन इन योजनाओं की जानकारी का अभाव सबसे बड़ी बाधा है। वार्ष्णेय ने मांग की कि सरकार को प्रदेशभर में विशेष जागरूकता अभियान चलाना चाहिए, ताकि दिव्यांगजन न केवल योजनाओं के प्रति सजग हों, बल्कि उनके आवे.दन और लाभ प्राप्ति की प्रक्रिया को भी सहज बनाया जा सके। इसके लिए जिला व ब्लॉक स्तर पर नियमित रूप से दिव्यांग जागरूकता और समाधान शिविर आयोजित किए जाएं, जहां चिकित्सा प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, पेंशन, ट्राईसाइकल, शिक्षण सहायता एवं अन्य सुविधाओं की प्रक्रिया एक ही स्थान पर पूरी की जा सके। उन्होंने कहा कि यह सरकार की नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी है कि वह दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए।

## डब्ल्यूटीसी के फाइनल में रोमांचक होगी

# दक्षिण अफ्रीका-ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत

### दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार पांच टेस्ट जीतने के बाद लंदन पहुंची है



**लंदन, वार्ता।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में दक्षिण अफ्रीकी टीम 2023-2025 का खिताब जीतने के लिए बुधवार से शुरू होने वाले फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी।

वहीं ऑस्ट्रेलिया का अजेय प्रदर्शन उसे खिताब का प्रबल दावेदार बनाता है। इसे देखते हुए दोनों टीमों के बीच रोमांचक भिड़ंत होने की उम्मीद है। दक्षिणी अफ्रीका क्रिकेट टीम ने डब्ल्यूटीसी में 2019-2021 में पांचवें और 2021-2023 में तीसरे स्थान पर रहने के बाद इस बार फाइनल में अपनी जगह बनाई है। टेस्ट क्रिकेट की दो सबसे बेहतरीन फॉर्म में चल रही टीमों के बीच कल से शुरु होने वाला फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक होने वाला है। दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार पांच टेस्ट जीतने के बाद लंदन पहुंची है, जिसमें इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान पर 10 विकेट से मिली शानदार जीत भी शामिल है। तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया की अनुपस्थिति के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के पास तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा, मार्को जेनसन और स्पिनर केशव महाराज की अगुआई में एक मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है। वहीं बल्लेबाजी क्रम की बात की जाये तो कप्तान टेम्बा बावुमा ने पूरे मैचों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड बेडिंघम और रयान रिकेल्टन का इंग्लिश परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन रहा। संभावित एकादश ट्रिस्टन स्टब्स जैसे युवा और वियान मुल्डर जैसे ऑलराउंडर भी शामिल हैं, जोकि टीम के बेहतर संतुलन को दिखाता हैं। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया पिछले छह टेस्ट में अजेय रहने के कारण खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम अनुभव और गहराई से भरपूर है। कमिंस, मिशेल स्टार्क और जॉश हेजलवुड की तेज गेंदबाजी तिकड़ी को ऑफ स्पिनर नाथन लियोन और ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर संजयोजन किसी भी विपक्षी टीम पर भारी पड़ सकता है। अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर स्थित अनुभवी उस्मान ख्वाजा और स्टीव स्मिथ बल्लेबाजी में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि ट्रैविस हेड और मार्नस लैबुशेन मध्यक्रम को मजबूती प्रदान करते हैं। कुल मिलाकर ऑस्ट्रेलिया विश्व कप चैंपियनशिप जीतने की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। ऐसा माना जा रहा है कि लॉर्ड्स की उछाल भरी पिच धीरे-धीरे मैच के आगे बढ़ने पर बल्लेबाजों के लिए मददगार साबित हो सकती है। पहली पारी में 400 के आसपास का स्कोर की उम्मीद है।



मौसम पूर्वानुमानों के अनुसार पहले दिन बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश होने का भी अनुमान है, लेकिन शेष दिन शुष्क रहने के आसार है। दोनों टीमें टॉस जीतने पर पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुनेंगी, जिसका लक्ष्य मैच में बाद में होने वाली बल्लेबाजी के अनुकूल परिस्थितियों का अधिकतम लाभ उठाना होगा।

# आईसीसी के हॉल ऑफ फेम में शामिल महेन्द्र सिंह धोनी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने हाल ऑफ फेम में शामिल किया है। सोमवार को आईसीसी ने इसकी घोषणा की। धोनी यह सम्मान पाने वाले 11वें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। आईसीसी ने धोनी के करियर को लेकर कहा, ष17,266 इंटरनेशनल रन, 829 शिकार और 538 मैच, ये आंकड़े सिर्फ उनकी प्रतिभा ही नहीं, बल्कि उनकी निरंतरता, फिटनेस और लंबे करियर का प्रमाण हैं।

वहीं, धोनी ने इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ष्आईसीसी हाल ऑफ फेम में नाम आना एक बहुत बड़ा सम्मान है। दुनियाभर के दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम देखना मेरे लिए गर्व की बात है। यह पल मैं हमेशा संजोकर रखूंगा। आईसीसी की ओर से हाल ऑफ फेम 2025 की लिस्ट में कुल 7 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। इनमें 5 पुरुष और 2 महिला खिलाड़ी हैं।

पुरुष खिलाड़ियों में दक्षिण अफीका के हाशिम अमला, भारत के महेंद्र सिंह धोनी, ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन, दक्षिण अफीका के ग्रीम स्मिथ और न्यूजीलैंड के डेनियल विटोरी शामिल हैं। वहीं, महिला क्रिकेटरों में पाकिस्तान की सना मीर और इंग्लैंड की सारा टेलर को यह सम्मान मिला है। आईसीसी ने बताया कि 2007 में जब भारत वनडे वर्ल्ड कप में जल्दी बाहर हो गया था,



**ये उपलब्धि पाने वाले 11वें भारतीय बने, सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए बोले-मेरे लिए गर्व की बात**

तब मुश्किल परिस्थिति में टी-20 वर्ल्ड कप के लिए धोनी को कप्तान बनाया गया। उस युवा टीम में रोहित शर्मा, आरपी सिंह, दिनेश कार्तिक और राबिन उथप्पा जैसे नए चेहरे थे। धोनी ने इन खिलाड़ियों के साथ ऐसा आत्मविश्वास दिखाया कि भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा कि हाल ऑफ फेम के जरिए हम उन खिलाड़ियों को सम्मान देते हैं जिन्होंने शानदार खेल दिखाकर क्रिकेट को खास बनाया और नई पीढ़ियों को प्रेरित किया।

जय शाह ने कहा, ष्इस साल हमें 7 बेहतरीन खिलाड़ियों को आईसीसी हाल ऑफ फेम में शामिल करने का मौका मिला है। मैं आईसीसी की तरफ से सभी को दिल से बधाई देता हूं। उम्मीद है यह सम्मान उनके लिए एक यादगार पल होगा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### तेम्बा बावुमा ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका की एकादश घोषित की

**लंदन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाली आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए अपनी एकादश की घोषणा कर दी है। यहां मीडिया के समक्ष एकादश के चयन को लेकर बावुमा ने कहा है कि मुल्डर काफी युवा हैं, लेकिन मुझे लगता है कि मुल्डर के साथ खेलने, उन्हें देखने और पिछले दो वर्षों में लाल गेंद के प्रारूप में उनके प्रदर्शन को देखकर मुझे लगता है कि उनका एकादश में होना टीम के लिए मजबूती प्रदान करेगा। यह उनके आत्मविश्वास को बढायेगा, उसका समर्थन करते रहने और उसे वह करने देने के बारे में है जो वह सबसे अच्छा करता है। दबाव की स्थिति में खेलना उसके पास मौका है। उन्होंने कहा कि केशव महाराज एकमात्र पूर्णकालिक स्पिनर हैं। वह इस गेंदबाजी लाइनअप में लुंगी एनगिडी के साथ कैगिसो रबाडा, मार्को जेनसन भी शामिल हैं। पाकिस्तान के खिलाफ शानदार फॉर्म में रहे डेन पैटरसन (पैटो) भी एकादश में शामिल हैं।

### ऑस्ट्रेलिया ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए एकादश घोषित की

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मंगलवार को लॉर्ड्स में बुधवार से शुरु होने वाली आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के लिए अपनी एकादश की घोषणा कर दी। यहां ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मीडिया के समक्ष अपनी एकादश की घोषणा की। टीम में पूर्व नंबर वन रैंक वाले टेस्ट बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन के साथ उस्मान ख्वाजा सलामी जोड़ी के रूप में मैदान में उतरेंगी। गेंदबाजी में जॉश हेजलवुड को बाएं हाथ के गेंदबाज मिशेल स्टार्क और कलमस के साथ एकादश में जगह दी गयी है।

# हॉकी इंडिया ने जर्मनी में चार देशों कें टूर्नामेंट के लिए जूनियर पुरुष टीम की घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने मंगलवार को जर्मनी की मेजबानी में 21 से 25 जून तक होने वाले आगामी चार देशों के टूर्नामेंट के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। बर्लिन में होने इस टूर्नामेंट में भारत, स्पेन, ऑस्ट्रेलिया और मेजबान जर्मनी की टीमें शामिल है। प्रत्येक टीम एक राउंड-रॉबिन पूल चरण में एक दूसरे के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद शीर्ष दो टीमों की फाइनल में भिड़ंत होंगी तथा तीसरे और चौथे स्थान के लिए मैच खेला जायेगा। यह टूर्नामेंट इस वर्ष के आखिर में चेन्नई और मदुरै में 28 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच होने वाले एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप 2025 से पहले भारतीय खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण तैयारी मंच के रूप में काम करेगा। भारतीय टीम की अगुवाई तेजतर्रार फॉरवर्ड अरिजीत सिंह हुंदल करेंगे। टीम के उप कप्तान की जिम्मेदारी अनुभवी डिफेंडर आमिर अली पर होगी। गोलकीपिंग विभाग की कमान बिक्रमजीत सिंह और विवेक लाकड़ा संभालेंगे। रक्षापंक्ति में, आमिर अली के साथ तालिम प्रियोबर्ता, शारदानंद तिवारी, सुनील पी बी, अनमोल एक्का, रोहित, रवनीत सिंह और सुखविंदर शामिल हैं। मिडफील्ड में, अंकित पाल, मनमीत सिंह, रोसन कुजूर, रोहित कुल्लू, थोकचोम किंग्सन सिंह, थौनाओजम इंगलेंबा लुवांग, अद्रोहित एक्का और जीतपाल है।

# टेस्ट डेब्यू के लिए तैयार अर्शदीप सिंह

**■ टेस्ट सीरीज से पहले लय हासिल करने की कोशिश करेंगे, जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी करके आएगा निखार**

**केंट, वार्ता।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह केंट पहुंच गए हैं। उन्होंने यहीं काउंटी क्रिकेट खेला था। अब वह टेस्ट सीरीज से पहले लय हासिल करने की कोशिश करेंगे। बता दें कि, इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम पहुंच चुकी है।

शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय खिलाड़ी जमकर पसीना बहा रहे हैं। 26 वर्षीय गेंदबाज अर्शदीप सिंह को भारतीय टीम में चुना गया है और उनकी नजरें पहला टेस्ट खेलने पर लगी होंगी। भारतीय टीम 13 जून से भारत ए के खिलाफ केंट में चार दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी। सीमित ओवरों के प्रारूप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अर्शदीप दो साल पहले केंट के लिए काउंटी चैंपियनशिप खेल चुके हैं। उन्होंने इस साल आईपीएल में उपविजेता पंजाब किंग्स के लिए भी शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने बीसीसीआई टीवी से कहा- आज के अभ्यास सत्र में मेरा लक्ष्य लय हासिल करना ही था। हम लगातार सफेद गेंद का प्रारूप खेल रहे थे तो अब लाल गेंद से खेलकर अच्छा लगा। आगे हम और बेहतर होते जायेंगे और बल्लेबाजों के लिए गेंद को खेलना आसान नहीं होगा। अर्शदीप ने आगे कहा कि गेंदबाजी में मजा आया। हम अभ्यास के लिए खेल रहे थे लेकिन पूरी तरह से प्रतिस्पर्धी भाव के साथ। इससे और भी मजा आया। हमने पुख्ता रणनीति बनाकर उन्हें आउट करने की कोशिश की। साइ (सुदर्शन) पहली बार टीम से जुड़ा है और शानदार फार्म में भी है।

हमने उसे आउट करने की काफी कोशिश की। इस दौरान अर्शदीप ने कहा कि वह जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी करके अपने कौशल को निखारने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि जब भी मैं गेंद पकड़ता हूं तो मुझे लगता है कि मैं सर्वश्रेष्ठ हूं। लेकिन सभी को पता है कि जब आपके गेंदबाजी आक्रमण में जसप्रीत बुमराह हैं तो तुलना जैसा शब्द तो हो ही नहीं सकता। फोकस इसी पर है कि हम अपने खेल में कैसे निखार लायें और एक दूसरे की, टीम की मदद कैसे करें। भारतीय टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। इस सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा।

वहीं, दूसरा टेस्ट दो जुलाई से बर्मिंघम में खेला जाएगा। तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लाड्र्स में खेला जाएगा, जबकि चौथा टेस्ट मैनचेस्टर में 23 जुलाई से खेला जाएगा। पांचवां टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के ओवल में खेला जाएगा। इस सीरीज के साथ ही भारत के नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025-27) की शुरुआत भी हो जाएगी।

**इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम**

**शुभमन गिल** (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर/उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव।

## पीएम ने खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालने वाले लेख को किया साझा

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के सोशल मीडिया पर पोस्ट किये गये पिछले 11 वर्षों में देश में खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालने वाला एक लेख साझा किया। श्री मोदी ने आज पिछले 11 वर्षों में भारत के खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालने वाले लेख साझा करते हुए कहा कि यह परिवर्तन भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर करता है। डॉ. मांडविया द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर किए पोस्ट के जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री मनसुख मांडविया ने इस बात पर प्रकाश डाला है।

# तनुष कोटियान-अंशुल काम्बोज के नाबाद अर्द्धशतक, मुकाबला रहा ड्रा

**नार्थम्पटन, वार्ता।** तनुष कोटियान (नाबाद 90) और अंशुल काम्बोज (नाबाद 51/ दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंडिया ए और इंग्लैंड लायंस के बीच खेला गया दूसरा अनौपचारिक टेस्ट चौथे दिन ड्रा रहा। कोटियान और काम्बोज की जोड़ी ने इंग्लैंड लायंस के गेंदबाजों की खूब परीक्षा ली और की आठवें विकेट के लिए 149 रनों की अविजित साझेदारी कर इंडिया ए के लिए 92 ओवर में सात विकेट पर 417 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी।

इंग्लैंड लायंस को जीत के लिए 439 रनों का लक्ष्य मिला। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड लायंस की शुरुआत खराब रही और उसने एक के बाद एक 26 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये।

टॉम होंज (सात), एमिलियो गे (पांच) और जार्डन क्रॉक्स (शून्य) पर आउट हुये। इंग्लैंड के 11 ओवर में तीन विकेट पर 32 रन बनाए जाने के बाद मैच को ड्रा घोषित कर दिया गया। अंशुल काम्बोज ने दो विकेट लिए और तुषार देशपांड़े ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंडिया ए ने कल के चार विकेट पर 163 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। इंडिया ए का पांचवां विकेट ध्रुव जुरेल (28) के रूप में गिरा। इसके बाद नीतीश कुमार रेढी (42), शार्दुल ठाकुर (34) रन बनाकर आउट हुये। रेढी और ठाकुर को जॉर्ज हिल ने बोल्ड किया। इंडिया ए ने 92 ओवर में सात विकेट पर 417 रन बनाने के बाद पारी घोषित कर दी। तनुष कोटियान (90) और अंशुल काम्बोज (51) रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड लायंस की ओर से जॉर्ज हिल ने तीन विकेट लिए। क्रिस वोक्स और एडवर्ड जैक को दो-दो विकेट मिले। इससे पहले इंडिया ने पहली पारी में 348 रन और इंग्लैंड लायंस ने पहली पारी में 327 रन बनाए थे।

## राहुल द्रविड़ ने बेंगलुरु भगदड़ को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बेंगलुरु भगदड़ हादसे पर दुख जताया और इसे दुर्भाग्यपूर्ण घटना करार दिया। रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को मिली खिताबी जीत के जश्न के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हुई थी और 50 से अधिक लोग घायल हो गए थे। आरसीबी ने आईपीएल 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर 18 साल का खिताबी सूखा समाप्त किया था और पहली बार इस टूर्नामेंट को जीता था। आईपीएल टीम राजस्थान रायल्स के कोच द्रविड़ ने कहा कि शहर की खेल संस्कृति को देखते हुए यह घटना और भी दर्दनाक है। भारत के पूर्व कोच और कप्तान द्रविड़ ने एक चौनल से कहा, यह काफी निराशाजनक है।

# यॉर्कशायर के लिए खेलेंगे गायकवाड़

**लंदन, वार्ता।** राणजी ट्रॉफी में महाराष्ट्र और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रहे रुतुराज गायकवाड़ काउंटी क्लब यॉर्कशायर के लिए क्रिकेट खेलेंगे। ऋतुराज गायकवाड़ ने यॉर्कशायर के साथ खेलने के लिए अनुबंध किया है।

वह सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह और चेतेश्वर पुजारा के बाद चौथे भारतीय बल्लेबाज है जो कि यॉर्कशायर की ओर से काउंटी खेलने वाले है। ऋतुराज जुलाई में सरे के खिलाफ रोथसे काउंटी चैम्पियनशिप से पहले यॉर्कशायर टीम से जुड़ेंगे। 28 वर्षीय गायकवाड़ ने भारत के लिए छह एकदिवसीय और 23 टी-20 मैच खेले हैं और वर्तमान में इंग्लैंड का दौरा करने वाली भारत ए टीम का हिस्सा हैं। उनका प्रथम श्रेणी क्रिकेट में औसत 41-77 है, जिसमें सात शतक शामिल हैं। लिस्ट ए क्रिकेट में 16 शतकों के साथ उनका औसत 56-15 रहा है। गायकवाड़ ने यॉर्कशायर के साथ खेलने को लेकर कहा कि मैं इंग्लैंड के बाकी घरेलू सत्र के लिए यॉर्कशायर के साथ जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं। इस देश में क्रिकेट का अनुभव करना हमेशा से मेरा लक्ष्य रहा है और इंग्लैंड में यॉर्कशायर से बड़ा कोई क्लब नहीं है। मुझे पता है कि मैं सत्र के महत्वपूर्ण हिस्से में शानदार प्रदर्शन करना है।




## कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम नलकूप उपखण्ड टनकपुर

पत्रांक: 117/ सहा0अभि0प्र0/निविदा/2025/ दिनांक: 10/06/2025

**अल्पकालीन निविदा संख्या -06/सहा0अभि0- प्रथम / 2025 दिनांक / 10.06.2025**

उत्तराखण्ड प्रदेश राज्यपाल महोदय की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबन्द निविदायें वर्गीकृत श्रेणी (''सी'' अथवा ''उच्चतर'') के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 23.06.2025 अपरान्ह 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। यह निविदायें समाचार पत्र में प्रकाशित होने के बाद से दिनांक 23.06.2025 तक सहायक अभियन्ता प्रथम, नलकूप उपखण्ड, टनकपुर के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 11:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक निर्धारित मूल्य जमा और प्राप्त की जा सकती हैं, जो दिनांक 24.06.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे तक टैण्डर बॉक्स में डाली जा सकती है। जो अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक 24.06.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेंगी। यह निविदायें सील्ड कवर में भेजी जायेंगी। विलम्ब से प्राप्त निविदायें स्वत: निरस्त मानी जायेंगी। निविदा के लिफाफे के ऊपर स्पष्ट शब्दों में निविदा दिनांक अंकित होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि डाकघर की राष्ट्रीय बचत पत्र टी0डी0एस0 अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक की फिक्स डिपोजिट के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड, टनकपुर (चम्पावत) के नाम से बन्धक बनाकर लानी होगी। दोनों लिफाफे पर स्पष्ट विवरण अंकित करना होगा। बिना धरोहर धनराशि जमा किये एवं सशर्त निविदायें मान्य नहीं होंगी अधोहस्ताक्षरी के पास कोई भी निविदा अथवा समस्त निविदायें बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर एक रूपये का रैवन्यू टिकट लगाकर दरों की वैधता अंकित कर संलग्न करना आवश्यक होगा। यदि निविदा खोलने के दिनांक को कोई राजकीय अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 1 | कार्य का नाम | कार्य हेतु ठेकेदार की आवश्यक श्रेणी | धरोहर राशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. अतिरिक्त (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि दिवस |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | जिला योजना मद के अन्तर्गत जनपद चम्पावत के विकासखण्ड चम्पावत के ग्राम लुडियालसेरा में लि0सिं0यो0 लुडियालसेरा में 100 एम0एम0 डाया एम0एस0 पाईप की आपूर्ति करने एवं पाईप लाईन बिछाने का कार्य। | 'सी' अथवा उच्चतर | 25100/- | 1000+18% जी.एस.टी. | 05 माह |

**नोट :** अन्य शर्ते कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम, नलकूप उपखण्ड टनकपुर में देखी जा सकती है।

**सहायक अभियन्ता, प्रथम**
नलकूप उपखण्ड टनकपुर।

## कार्यालय नगर निगम रूड़की, जनपद हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

पत्रांक :- 253 / कर-अनु0 / न0नि0रूडकी / टैण्डर खुली बोली / 2025-26 दिनांक :-10 / 06 / 2025

**सार्वजनिक सूचना**

नगर निगम रूड़की में दिनांक 01-04-2025 से दिनांक 31-03-2028 (03 वर्ष हेतु) निगम क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सालियर साल्हापुर इब्राहिमपुर देह में स्थित सीवरेज फार्म खुली बोली के ठेके हेतु इच्छुक व्यक्तियों / ठेकेदारों को खुली बोली वास्ते निम्नानुसार आमन्त्रित करती है।

| क्र0 स0 | ठेके का नाम | जमानत धनराशि | न्यूनतम खुली बोली मूल्य प्लाट संख्या | खुली बोली हेतु एन0एस0सी0 / एफ0डी0आर0 / नकद धनराशि जमानत जमा किये जाने हेतु दिनांक एवं समय | नगर निगम सभागार में टेण्डर खुली बोली के माध्यम से प्रतिभाग की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | भूमि फसल बिक्री | 40,000 | प्लाट संख्या-01 रू 3,85,500 / -<br>प्लाट संख्या-02 रू 10,65,000 / -<br>प्लाट संख्या-03 रू 9,93,000 / -<br>प्लाट संख्या-04 रू 9,33,000 / -<br>प्लाट संख्या-05 रू 4,87,500 / -<br>प्लाट संख्या-06 रू 1,06,500 / -<br>प्लाट संख्या-07 रू 4,02,000 / -<br>प्लाट संख्या-08 रू 3,60,000 / -<br>प्लाट संख्या-09 रू 10,47,000 / -<br>प्लाट संख्या-10 रू 11,32,500 / -<br>प्लाट संख्या-11 रू 7,74,000 / -<br>प्लाट संख्या-12 रू 5,53,500 / -<br>प्लाट संख्या-13 रू 4,02,000 / -<br>प्लाट संख्या-14 रू 3,79,500 / -<br>प्लाट संख्या-17 रू 7,87,500 / -<br>प्लाट संख्या-18 रू 8,17,500 / -<br>प्लाट संख्या-19 रू 7,36,500 / -<br>प्लाट संख्या-20 रू 4,26,000 / -<br>प्लाट संख्या-21 रू 1,80,000 / -<br>प्लाट संख्या-23 रू 3,73,500 / -<br>प्लाट संख्या-24 रू 4,15,500 / - | दिनांक 10-06-2025 से दिनांक 19-06-2025 तक दोपहर 12:00 बजे तक। | दिनांक 19-06-2025 |

भूमि फसल बिक्री जमानत धनराशि एनएससी / एफ0डी0आर0 / नकद धनराशि जमानत राशि के रूप में जो नगर आयुक्त नगर निगम रूड़की के नाम बन्धक हो प्रस्तुत करनी अनिवार्य है। तद्दिनांक को उच्चतम खुली बोली धनराशि को स्वीकृति हेतु निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा जिसको स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा समिति में निहित होगा। उपरोक्त से सम्बन्धित अन्य शर्त किसी भी कार्य दिवस में कर-अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है।

नगर आयुक्त
नगर निगम रूड़की।

मा0 महापौर
नगर निगम रूड़की।

# आईजी राजीव स्वरूप ने किया सिविल लाइंस कोतवाली का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप ने सिविल लाइंस कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधीनस्थों के साथ बैठक की। वहीं व्यापारियों ने भी उनका स्वागत किया और यातयात एवं अतिक्रमण संबंधी समस्याओं से अवगत करवाया।

बताया गया है कि आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप दिल्ली से वापस लौट रहे थे तभी अचानक वह सिविल लाइंस कोतवाली पहुंच गए। वहीं आईजी के दौरे के दौरान अधीनस्थों में भी हलचल रही। आईजी ने अधीनस्थों के साथ वार्ता की। वहीं उनके आने की जानकारी पाकर प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी भी कोतवाली पहुंच गए। उन्होंने अपनी समस्याएं बताई और उनके समाधान की मांग की। आईजी की ओर से उन्हें सकारात्मक आश्वासन दिया गया। वहीं कुछ देर रुकने के बाद वह वापस चले गए।



## पक्की दीवार तोड़ने का विरोध करने पर
# आधा दर्जन ने घर में घुसकर की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र के केशव नगर गोवर्धनपूर रोड निवासी रविन्द्र सिंह ने अपने भाई जितेंद्र, और उसकी पत्नी पूजा तथा चार अन्य लोगों पर घर में घुसकर उसकी दीवार को तोड़ने का आरोप लगाया है।

पुलिस को दी तहरीर में रविन्द्र ने बताया कि वह पाच भाई है। उनका विधिवत बंटवारा हो चुका हैउसने केशव नगर के गोवर्धनपुर रोड स्थित अपनी रहने के लिए आवास बना रखा है तथा फ्रंट पर स्थित अपनी दुकान में से अपने आवास में जाने का रास्ता बना रखा है। आंगन के अंतिम छोर पर उसने दीवार बना दी थी। रविंद्र का आरोप है कि उसका सगा भाई जितेंद्र और उसकी पत्नी पूजा व अन्य भाई दीवार का लगातार विरोध कर रहे थे जितेंद्र और पूजा ने चार बाहरी युवक बुलाकर उनके साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी भी दी तथा उसके आंगन में बनी दीवार को जबरदस्ती तोड़ दिया। रविंद्र ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है उसने यह भी कहा कि यह जो मेरे भाई है यह बहुत पहले से मेरे साथ दुश्मनी रखे हुए हैं।



# चोरी के माल सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली गंगनहर पुलिस के हाथ एक बडी सफलता लगी है। आज पुलिस ने चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक चोर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से शत प्रतिशत माल बरामद कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 09/06/2025 को वादी मुकदमा आशा शर्मा पत्नी डॉक्टर राकेश शर्मा निवासी नेहरू नगर रुड़की हरिद्वार द्वारा एक प्रार्थना पत्र बावत अज्ञात चोर द्वारा वाडिया के घर से इनवर्टर की बैटरी चोरी कर ले जाने के संबंध में कोतवाली गंगनहर पर 'मु0अ0स0 246/25 धारा 305(1) बीएनएस' में अभियोग पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा उपरोक्त चोरी कि घटना का शीघ्र अनावरण करने हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंग नहर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, जिसके अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर द्वारा पुलिस टीमो का गठन कर घटनास्थल के आस पास के कैमरो को चौक करते हुए, मुखबिर मामूर किये तथा क्षेत्र में पूर्व में चोरी कि घटना में शामिल अभियुक्त को तस्दीक किया गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम में नियुक्त उपनिरीक्षक नवीन कुमार, हेड कांस्टेबल दुर्गा प्रसाद, कांस्टेबल राकेश राणा द्वारा आशीर्वाद एंक्लेव रुड़की के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से चोरी की हुई इनवर्टर बैट्री को बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर 'धारा 317(2) ठछै' की वृद्धि की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम साहिब पुत्र अनीश निवासी ग्राम कलियर थाना पिरान कलियर जनपद हरिद्वार है।

# शूटिंग बाल खेल समीक्षा को खेल मंत्री से मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड में शूटिंग बॉल खेल के विस्तार और विकास को लेकर शूटिंग बॉल एसोसिएशन उत्तराखंड के सचिव चैंपियन सूरज रोड के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने खेल मंत्री उत्तराखंड सरकार रेखा आर्य, खेल निदेशक प्रशांत आर्य तथा विशेष प्रमुख सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग उत्तराखंड, अमित सिन्हा से देहरादून में शिष्टाचार भेंट की, और 38वें राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन में उनके अमूल्य योगदान हेतु सम्मानित किया।

बैठक के दौरान उत्तराखंड में शूटिंग बॉल खेल को राज्यस्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय बनाने, खिलाड़ियों को प्रशिक्षण एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने, तथा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में इस खेल के प्रचार-प्रसार हेतु अनेक महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए गए। खेल मंत्री रेखा आर्य ने शूटिंग बॉल खेल के प्रति गहरी रुचि दिखाते हुए प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार इस खेल के सर्वांगीण विकास हेतु हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि राज्य के युवा विभिन्न खेलों में उत्कृष्टता हासिल करें और शूटिंग बॉल जैसे उभरते खेलों को भी मजबूत मंच मिले। खेल निदेशक प्रशांत आर्य ने प्रतिनिधिमंडल को खेल से जुड़ी विभागीय योजनाओं की जानकारी दी और बताया कि भविष्य में शूटिंग बॉल खेल को राज्य स्तरीय खेलों में सम्मिलित करने हेतु विभाग सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएगा। इसके उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा से भी विस्तारपूर्वक चर्चा की। विशेष प्रमुख सचिव ने सुझाव दिया कि शूटिंग बॉल खेल के लिए एक दीर्घकालिक विकास योजना तैयार कर विभाग को प्रस्तुत की जाए, जिससे इसे सरकारी मान्यता और संस्थागत समर्थन प्राप्त हो सके। इस अवसर पर शूटिंग बॉल कोच सैम अली तथा उत्तराखंड शूटिंग बॉल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी अभिषेक मंडरवाल ने भी खेल से जुड़े तकनीकी पहलुओं, प्रशिक्षण मॉड्यूल तथा खेल के प्रति युवाओं में बढ़ती रुचि पर प्रकाश डाला। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में शूटिंग बॉल के लिए विशेष कोचिंग कैंप, प्रतियोगिताएं तथा टैलेंट हंट प्रोग्राम आयोजित करने का भी प्रस्ताव रखा, जिसे संबंधित अधिकारियों ने सकारात्मक रूप से स्वीकार किया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई और इसके साथ ही उत्तराखंड में शूटिंग बॉल खेल को नई दिशा और नई ऊर्जा मिलने की उम्मीदें जगी हैं।



# शांति व्यवस्था भंग करने पर एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ऑपरेशन लगाम के तहत शांति व्यवस्था भंग करने पर 01 अभि0 को किया गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा दिनांक 10/06/25 को अभियुक्त नीरज कुमार पुत्र जबर सिंह निवासी ग्राम पनियाला चंदापुर कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार को शांति भंग करने पर अंतर्गत धारा 170 बीएनएसएस मे गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही न्यायालय पेश किया जाएगा। 'गिरफ्तार आरोपी नीरज कुमार को पकडने वाली पुलिस टीम में अपर उप निरीक्षक कांता प्रसाद व कांस्टेबल मनोज कुमार आदि शामिल रहे।

# चोरी की बाइक के साथ युवक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** नहर किनारे से चोरी की गई बाईक के साथ एक यूवक को पुलिस ने गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया गया से उसे जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि रोशनाबाद निवासी रामगोपाल ने आठ जून को तहरीर देकर बताया था कि वह अपनी बाईक से किसी काम से कलियर आया था।इस बीच वह अपनी बाईक को नहर पटरी सड़क किनारे खड़ी कर गंगनहर में स्नान करने के लिए चला गया।जैसे ही वह वापस लौटा तो उसकी बाईक वहां नही थी।पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी।पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर बाईक चोर की तलाश शुरू कर दी थी।पुलिस ने सोमवार की रात को चेकिंग के दौरान दानिश निवासी सलेमपुर कोतवाली रानीपुर को बेड़पुर चौक के पास से चोरी की गई बाईक के साथ गिरफ्तार किया है।आरोपी पहले भी चोरी के मामले में जेल जा चुका हैं।टीम में थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार , एएसआई राम अवतार, सुनील चौहान, राहुल चौहान, अजब सिंह शामिल रहे।

# धूमधाम से मनाया जाएगा आर्य समाज का वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** नगर पंचायत इमलीखेड़ा में आर्य समाज का वार्षिकोत्सव 11 व 12 जून को धूमधाम से मनाया जाएगा। आर्य समाज की ओर से एक शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया।

आर्य समाज के प्रधान योगेंद्र आर्य ने बताया कि नगर पंचायत इमलीखेड़ा में आर्य समाज का 112 वां वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है।मंगलवार को इमलीखेड़ा नगर पंचायत की गलियों में एक शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान आर्य समाज गुरुकुल की बालिकाओं ने अपने शारिरिक कौशल दिखाया। नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज सैनी ने शोभायात्रा में भाग लेने वाले सदस्यों ओर बालिकाओं का स्वागत कर प्रोत्साहित किया। शोभायात्रा में स्वामी दयानंद जी के विचारों का वर्णन किया गया। उन्होंने बताया कि आचार्य वीरेंद्र शास्त्री व रणवीर शास्त्री ओर भजनोपदेशक राजवीर आर्य कल्याण सिंह वेदी आदि के सानिध्य में भजनों व प्रवचनों का कार्यक्रम 11 व 12 जून सुबह आठ बजे से 11 बजे तक किया जाएगा ।इस मौके पर प्रधान योगेंद्र आर्य,धन प्रकाश,सत्यवीर, बलवान सिंह आर्य,वीरेंद्र आर्य,अजय आर्य,पप्पू कश्यप, रणवीर आर्य, डाक्टर विजयपाल,ओमप्रकाश शर्मा, रामकुमार आर्य,वरुण आर्य,विपिन सैनी सुनील सैनी,आयुष आर्य,मौजूद रहें।



# ऑपरेशन लगाम के तहत शांति व्यवस्था भंग करने में दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** कोतवाली गंगनहर पुलिस ने ऑपरेशन लगाम के तहत शांति व्यवस्था भंग करने पर 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आवयश्यक कार्यवाही करते हुए न्यायालय पेश किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा दिनांक 09/06/25 को थाना भगवानपुर पुहाना क्षेत्रातर्गत अभियुक्त गण राजन पुत्र राजेंद्र निवासी पुहना थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार द्वारा अपने भाई सन्नी पुत्र राजेंद्र निवासी पुराना थाना भगवानपुर के साथ मिलकर अपनी पत्नी के साथ मार पिटाई पर उतारू होने व लड़ झगड़ कर शांति भंग करने पर राजन व सन्नी उपरोक्त को अंतर्गत धारा 170 बीएनएसएस मे गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही न्यायालय पेश किया जाएगा। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त राजन व सनी को पकडने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक पंकज कुमार, हेड कांस्टेबल लखपत सिंह, कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

# ऑनलाइन स्कीम का झांसा देकर महिला से 37 हजार रुपये ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** मोबाइल की ऑनलाइन खरीदारी करने पर पुराने ग्राहक के लिए स्कीम का हवाला देकर 37 हजार रुपये ठग लिए गए। छूट पाने के लिए महिला ने मोबाइल पर आए लिंक पर क्लिक किया तो रकम निकल गई। महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के ढंडेरा निवासी रितु का शहर के एक बैंक में खाता है। महिला काफी समय से ऑनलाइन शॉपिंग करती है। महिला ने कुछ दिन पहले ऑनलाइन मोबाइल खरीदा था। महिला के मोबाइल पर सोमवार सुबह कॉल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि वह एक ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी का कर्मचारी बोल रहा है। कंपनी से नियमित ऑनलाइन शॉपिंग करने वाले ग्राहकों के लिए एक स्कीम शुरू की गई है। इसमें कंपनी की तरफ से ऑनलाइन शॉपिंग पर अपने ग्राहकों को 30 से 40 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। उसने बताया कि कंपनी की यह स्कीम पुराने ग्राहकों के लिए है। उसने बताया कि कंपनी की इस स्कीम का लाभ उठाने के लिए ऑनलाइन कुछ औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। उसने महिला के मोबाइल के व्हाट्सएप पर एक लिंक भेज दिया। लिंक पर क्लिक करते ही महिला के खाते से 37 हजार रुपये की रकम साफ हो गई। मैसेज आने पर महिला के पैरों तले जमीन खिसक गई। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर रकम वापस कराने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# पुलिस ने एक फरार वारंटी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** वारंटियो के विरुद्ध कोतवाली गंगनहर पुलिस की धर पकड़ लगातार जारी है। इसी के तहत न्यायालय के आदेशानुसार लगातार फरार चल रहे 01 वारंटी को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार न्यायालय से प्राप्त गैर जमानतीय वारण्टो की शत प्रतिशत तामील किये जाने हेतु एसएसपी हरिद्वार द्वारा निर्देशित किया गया है। आदेश के अनुपालन में कोतवाली गंगनहर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए दिनांक 09-06-2025 को दबिश देकर '01 वारंटी' को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। नाम पता गिरफ्तार वारंटी1-अरुण पुत्र ज्ञानचंद निवासी ग्राम सालियर कोतवाली गंगनहर है। पुलिस टीम में कोतवाली गंगनहर उप निरीक्षक पंकज कुमार, कानि0 पवन नेगी कांस्टेबल अर्जुन रहे।

# भीम आर्मी ने एचआरडीए दफ्तर पर किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को हरिद्वार-रुड़की प्राधिकरण कार्यालय पर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने प्राधिकरण के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। एएसडीएम प्रेमलाल ने आश्वासन देकर किसी तरह से मामला शांत कराया। उन्होंने एएसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

जानकारी के अनुसार रुड़की में गंगनहर किनारे हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण का कार्यालय है। सोमवार को आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महक सिंह कार्यकर्ताओं के साथ कार्यालय पर पहुंचे। उनके वहां पहुंचते ही हंगामा शुरू हो गया। महक सिंह ने आरोप लगाया कि प्राधिकरण में भ्रष्टाचार हो रहा है। अधिकारियों ने कुछ एजेंट छोड़े हुए हैं जो नक्शा पास कराने के नाम पर लोगों से उगाही कर रहे हैं। वहीं रिश्वत नहीं देने पर कॉलोनियों पर जेसीबी चलाई जा रही है। आरोप लगाया कि उनके एक कार्यकर्ता से रिश्वत मांगी गई है। कार्यकर्ता ने भ्रष्टाचार करने वाले एक संविदा कर्मी की शिकायत की थी जिसे हटा दिया गया था। इसके बाद से कार्यकर्ता को परेशान किया जा रहा था।

इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। हंगामे की सूचना मिलने पर एएसडीएम प्रेमलाल मौके पर पहुंचे। उन्होंने जांच का आश्वासन देकर किसी तरह से मामला शांत कराया। उन्होंने एएसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। इसमें 15 जून तक का समय दिया गया है। सुधार नहीं होने पर अनिश्चित धरने की चेतावनी दी गई।

# भूमि के विवाद में एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** सालियर गांव में विवादित भूमि पर निर्माण को लेकर एक व्यक्ति ने झगड़ा कर लिया। इससे मौके पर हंगामा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार इस विवादित भूमि पर सोमवार को मकान के निर्माण का कार्य शुरू हुआ। इसे लेकर गांव के ही इसरार का दूसरे पक्ष के जाबिर के साथ विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि आपस में गाली गलौज शुरू हो गई।आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने बीचबचाव का प्रयास किया लेकिन वे नहीं माने। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भी दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे नहीं माने। इसपर पुलिस ने इसरार को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसका शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया गया।

# झगड़े की सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों के साथ की बदसलूकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** रास्ते के लिए दो पक्षों में विवाद हो गया। मौके पर पहुंचे चेतक पुलिसकर्मियों के साथ एक पक्ष के लोगों ने बदसलूकी की। सूचना मिलने पर कोतवाली से पुलिस बल भी पहुंच गया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही दोनों पक्षों के लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस आरोपियों को चिह्नित कर रही है।

कोतवाली के हारजौली जट्ट में सोमवार सुबह रास्ते को लेकर विवाद हो गया। दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे से मारपीट पर उतारू हो गए। सूचना पर चेतक पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान एक पक्ष के लोगों ने चेतक पुलिसकर्मी के साथ अभद्रता की। चेतक पुलिसकर्मियों ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। पुलिस के पहुंचने से पहले ही दोनों पक्षों के लोग मौके से फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी शांतिकुमार गंगवार ने बताया कि झगड़े की सूचना पर पुलिसकर्मी मौके पर गए थे। आरोपियों को चिह्नित किया जा रहा है।

# पानी निकासी के विवाद में युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** गंदे पानी निकासी को लेकर पड़ोसी ने एक युवक की पिटाई कर दी। मामले में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

जानकारी के अनुसार गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के पनियाला रोड निवासी कुलदीप का पड़ोसी से नाली के पानी की निकासी को लेकर विवाद चल रहा है। काफी समय से दोनों के बीच तनातनी चल रही है। सोमवार को कुलदीप के घर के बाहर नाली में गंदा पानी जमा हो गया था। कुलदीप ने नाली की सफाई शुरू कर दी। इस दौरान उसने पड़ोसी को भी कुछ कह दिया। इससे दोनों के बीच बहस हो गई। इसके बाद गाली-गलौज शुरू हो गई। आरोप है कि पड़ोसी ने कुलदीप के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। दोनों पक्षों के लोग इकट्ठा हो गए और हंगामा शुरू हो गया। परिजनों ने कुलदीप का अस्पताल में उपचार कराया। साथ ही पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# पागल कुत्ते ने 10 लोगों को काटा

**रूडकी।** कस्बे के दो मोहल्ले में एक कुत्ते ने सुबह-सुबह उत्पात मचा दिया। उसने 10 लोगों को काट लिया। उसने दूसरे कुत्तों और उनके बच्चों को भी नुकसान पहुंचाया। इससे लोग घर से बाहर निकलने में भी घबरा रहे हैं। सुबह जैसे ही लोग अपने रोजमर्रा के कामों के लिए घर से बाहर निकले तो न जाने कहां से एक पागल कुत्ता आ धमका। उसने घात लगाकर 10 लोगों को काटकर बुरी तरह जख्मी कर दिया। खेत के काम से निकले रियासत जैसे ही घर से बाहर निकले तो कुत्ते ने उनपर हमला बोल दिया और उनका हाथ चबा दिया। इससे वह बुरी तरह घायल हो गए। परिजनों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया और प्राथमिक उपचार दिलाया।

# भगवानपुर क्षेत्र में बेखौफ चल रहा अवैध खनन का खेल

**राव तौसीफ अली**

**भगवानपुर।** भगवानपुर क्षेत्र में खनन माफिया बेखौफ होकर खनन कर रहे हैं। प्रशासन जिनको नजर अंदाज कर बैठा है ऐसे में बड़ा ही सवाल प्रशासन पर खड़ा होता है। आखिर इन माफियाओं से प्रशासन का क्या नाता है। खनन माफियाओ पर इनकी कलम क्यों नहीं चलती।

मिट्टी के सौदागर कानून की धज्जियां उड़ाकर, बेखौफ होकर रात के अंधेरे मे धड़ल्ले से अवैध खनन कर रहे हैं , प्रशासन भले ही अपनी ईमानदारी का सिरो पर ताज लगाए बैठा हो, लेकिन मिट्टी के सौदागरों के आगे पूरी तरह से अनजान बना हुआ है। चल रहे अवैध खनन के सौदागरो के खिलाफ लगातार मुद्दा जारी रहेगा।

जानकारी के अनुसार भगवानपुर क्षेत्र के चुड़ियाला शनि मंदिर के पास लगभग 23 बीघा जमीन में बनने वाली कंपनी में बिना अनुमति लिए भराव का कार्य चल रहा हैं। स्थानीय तहसील प्रशासन व स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से कानून को ताक पर रख कर अवैध खनन कराया जा रहा है प्राप्त सूत्रों के अनुसार इसमें कुछ सफेद पोस नेता भी सम्मिलित बताए जा रहे हैं। खनन माफियाओं ने सरकार में बैठे सफेद पोस नेताओं का फोन करा कर प्रशासन पर दबाव बनाने का पूर्णतया प्रयास कर रहे हैं जिससे अधिकारी कार्यवाही करने से कतरा रहे हैं। जो मिट्टी भराव कार्य चल रहा है वह उत्तर प्रदेश के फकरेडा गांव से मिट्टी उठाकर उत्तराखंड में लाई जा रही है जिससे उत्तराखंड राजस्व को लाखों रूपए का नुकसान हो रहा है। रात के अंधेरे में उत्तर प्रदेश से अवैध रूप से उत्तराखंड में जो मिट्टी लाई जा रही है वह पुलिस चौकी तेजजूपुर के सामने को आ रही है जिससे पुलिस की कार्यशीली पर बड़ा सवाल उठता है। प्रदेश की धामी सरकार अपनी ईमानदारी के ढोल पीट रही हैं अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार कार्यवाही हो रही है जिनमें कुछ ऐसे भी अधिकारी है जिन पर सरकार का कोई अंकुश नहीं है जो अपने मन मर्जी से भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में लगे हैं।प्रदेश बैठे कुछ अधिकारी उत्तराखंड राजस्व को लाखों रुपए का चुना लगाकर अपनी संपत्ति को बढ़ाने में लगे हैं। भगवानपुर नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता ने बताया कि अवैध खनन की सूचना पर हमने पहुंचकर जा च की है। जिसकी रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेज दी गई जो भी उचित कार्रवाई होगी की जाएगी।



# कूटनीति कितनी कामयाब

ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख से विश्व समुदाय अवगत कराने गया ऑल पार्टी डेलिगेशन का आखिरी ग्रुप भी मंगलवार को भारत लौट आया है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में यह डेलिगेशन 5 देशों- अमे. रिका, पनामा, गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया गया था। शशि थरूर ने दिल्ली एयरपोर्ट पर मीडिया से कहा कि जिन पांच देशों में हम गए थे, वहां हमारा स्वागत अच्छे से हुआ। हमनें उन देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति और दूसरे सीनियर लीडर्स से हाई लेवल मीटिंग की। उन लोगों ने समझा कि पहलगाम हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर क्यों किया। ऑपरेशन सिन्दूर के बाद सरकार ने राजनयिक संदेश पहुंचाने की जिम्मेदारी जिन सात प्रतिनिधिमंडलों, जिनमें ज्यादातर सांसद और कुछ पूर्व राजनयिक थे को दी थी, उन्होंने अपनी यात्राएं पूरी कर ली हैं। पहलगाम आतंकी हमले और पाकिस्तान से इसके तार जुड़े होने से उपजे आक्रोश पर देश का नजरिया, पाकिस्तान के आतंकी बुनियादी ढांचे पर भारतीय हमलों की सटीक प्रकृति और आतंकी हमलों के लिए सरकार द्वारा अपनाए गए रुख की जानकारी देने के लिए 59 सदस्यों ने 32 देशों का दौरा किया। यह संदेश महज विदेशी सरकारों के लिए नहीं था, बल्कि कानून-निर्माताओं, विदेशी मीडिया और आम जनता के लिए भी था, खासकर उन देशों में जहां नई दिल्ली को यह महसूस हो कि उसे अपेक्षित समर्थन नहीं मिला है। जिन देशों का दौरा किया गया, उनमें से कई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के सदस्य हैं और वो देश भी शामिल थे, जो निर्वाचित गैर-स्थायी सदस्य हैं या अगले साल बनेंगे। यह अहम है, क्योंकि भारत को उस वक्त राजनयिक झटके का सामना करना पड़ा जब पाकिस्तान, जो साल 2025-26 के लिए निर्वाचित यूएनएससी सदस्य है, द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) का जिक्र हटवाने के लिए यूएनएससी के बयान में संशोधन कराने में सफल रहा। टीआरएफ ने ही पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली थी। पाकिस्तान तालिबान प्रतिबंध कमेटी का अध्यक्ष और संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद-विरोधी कमेटी का उपाध्यक्ष चुने जाने में सफल रहा। यह इस हमले के लिए आतंकवादियों को जिम्मेदार ठहराए जाने का भारत का काम ज्यादा मुश्किल बनाएगा, चाहे वह संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामजदगी के जरिये हो या वित्तीय कार्रवाई कार्य बल में। एक और क्षेत्र जिस पर फोकस किया गया, वह इस्लामी सहयोग संगठन की सदस्य-मंडली है, जो भारत के प्रति विशेष रूप से आलोचनात्मक रही है। यह देखा जाना बाकी है कि राजनीतिक कूटनीति की ये यात्राएं कितनी कामयाब रही हैं। खासकर भारत में इस आलोचना को देखते हुए कि विदेश में वार्ताकारों को प्रभावित करने के बजाय, ज्यादा वक्त भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत में और साथ गए भारतीय मीडिया को साक्षात्कार देने में बिताया गया। इन प्रतिनिधिमंडलों को भारतीय नैरेटिव की काट के लिए पाकिस्तान द्वारा उठाए गए नकलची कदम से भी मुकाबला करना पड़ा।

## सशस्त्र बलों की बहादुरी को सलाम



पहलगाम आतंकी हमला केंद्र की लाप. रवाही का नतीजा था, हमले वाली जगह पर सुरक्षाकर्मी क्यों नदारद थे, भाजपा सशस्त्र बलों की वीरता का राजनी. तिकरण करने की कोशिश कर रही है, भाजपा सरकार को चले जाना चाहिए, क्योंकि वह देश के लोगों को सुरक्षा देने में नाकाम है, पीएम मोदी केवल अपने बारे में विज्ञापन देने में बिजी हैं, आतंकवाद का कोई धर्म, जाति या पंथ नहीं होता, आतंकवादियों को सबक सिखाने की जरूरत थी, हम सशस्त्र बलों की बहादुरी को सलाम करते हैं, पाक पर किया की गई एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर पीओके वापस लेने का एक अच्छा मौका था।

**-ममता बनर्जी**
**मुख्यमंत्री , पश्चिम बंगाल**

# विलुप्त नदियों में फिर से बहाव की आस



निश्च्छल प्रेम बसत जिहि हृदय, बिना स्वार्थ सेवारत रहतीं, ज्योति जगातीं संस्कारों की, जगती उसको मां ही कहतीं। मेरी स्वरचित ये पंक्तियां मां के स्वरूप को उद्घाटित करती हैं। मां जीवन -प्रदायिनी होने के साथ-साथ संतति के पालन-पोषण और संस्कारों के बीजारोपण के दायित्वों का सम्यक निर्वहन करती है। जननी के साथ मातृभूमि और नदियों को भी हमने मां कहा है। विचारणीय बिन्दु यह है कि हम नदियों को मां क्यों कहते है? नदियां जल का स्त्रोत है। जल जीवन का आधार है, मानव शरीर में 60 से 70 प्रतिशत जल होता है और जल के बिना मानवजीवन की कल्पना नहीं की जा सकती, क्योंकि मानव को पीने के साथ ही नित्यकर्मादि हेतु जल की नितांत आवश्यकता होती है। साथ ही जल से पेड़-पौधे प्रकाश संश्लेषण की क्रिया द्वारा प्राण वायु-आक्सीजन उत्पादित करते है। बिना प्राणवायु के मानव धरा पर कुछ मिनटों का मेहमान है जिसको हमने कोरोना काल में अनुभव किया है। इस प्रकार नदियां हमारे लिए जीवनदायिनी है और हम नदियों को मां कहते है। नदियों ने मानवजाति के पालन-पोषण में अग्रिम भूमिका का निर्वहन किया है। अनेक सभ्यताओं का विकास नदियों के किनारे हुआ है, जिसमें सिंधु घाटी की सभ्यता नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। नगरों और महानगरों के निर्माण मे नदियों का विशेष योगदान है इसीलिए बड़े-बड़े शहर नदियों और समुद्र के किनारे बसे हुए हैं, क्योंकि नदियां मनुष्य की आवश्यक आवश्यकताओं की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। भारत एक कृषि प्रधान देश है और इसकी 50 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर निर्भर है। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कृषि को सिंचित करने, कृषि-भूमि को उपजाऊ बनाने के साथ पशुपालन में पशुओं को पानी पिलाने, नहलाने व चारा की उपलब्धता में नदियों का विशेष योगदान है।

हिन्दुओं में जन्म से लेकर मृत्यु तक अनेक संस्कार नदियों के किनारे ही सम्पन्न होते है जैसे मुण्डन संस्कार, मोर सिराना, कन्या विवाह के बाद स्नान, अन्तिम संस्कार में दाह संस्कार, राख व अस्थि विसर्जन और दसवां संस्कार नदियों के तट पर आज भी सम्पन्न होते देखे जाते हैं। इसके साथ ही पूजा -पाठ, यज्ञ-हवन, कथाओं के आयोजन के साथ ही जप, तप, ध्यान के लिए नदियों के घाटों को भारतीय धर्म-शास्त्रों में पुण्य प्राप्ति का सर्वोत्तम साधन माना गया है क्योंकि ये शोर-शराबे से दूर शांत व सुरम्य वातावरण होते हैं, जो धार्मिक कृत्यों के लिए सर्वदा उपयुक्त हैं इसीलिए हमारे अनेक तीर्थ स्थल जैसे हरिद्वार, बृजघाट, मथुरा-वृंदावन, प्रयागराज, काशी आदि पवित्र नदियों के तट पर अवस्थित हैं जो पुजा. रियों -पुरोहितों के अलावा छोटे दुकानदारों, व्यापारियों, होटल व्यवसायियों आदि अनगिनत लोगों के पालन-पोषण व धनार्जन का आधार है। इसके साथ ही पशु-पक्षी व जलीय जीव-जंतुओं को भोजन की व्यवस्था भी धार्मिक कृत्यों से होती रहती है। नदियां जल संरक्षण का प्राकृतिक रूप से सर्वोत्तम साधन हैं किन्तु आधुनिक समय में स्वार्थपरता, धन लोलुपता व भौतिकता की अंधी दौड़ में मानव जिस डाली पर बैठा है, वह बिना उसके परिणाम को जाने उसी को काट रहा। वह भूल रहा है कि इसका दुष्परिणाम हमारी संतति को किस विकराल रूप में भोगना पड़ेंगे। आज जल स्त्रोतों के अंधाधुंध दोहन, अवरोधन व अतिक्रमण के परिणामस्वरूप देश के विभिन्न क्षेत्रों में भूजल स्तर में तेजी से गिरावट दृष्टिगोचर हो रही है और उन्हें डार्क जोन घोषित किया जा रहा है जो मानवजाति के लिए खतरे की घंटी है। इस विकराल समस्या को समय रहते केंद्र और प्रदेश सरकार ने अनुभव किया और जल संरक्षण के अन्तर्गत जल की एक-एक बूंद बचानी है की भावना को अंग. ीकार करते हुए हर गांव व नगरों में अमृत सरोवरों के निर्माण को साकार रूप प्रदान किया जा रहा है जिसकी प्रथम पहल भी उत्तर प्रदेश के रामपुर के पटवाई ग्राम से हुई जिसका उल्लेख देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में किया। नदियां जल का प्रमुख प्रकृतिक स्त्रोत है किन्तु सहायक नदियां जो किसी नदी की झांड़ यानी मुख्य धारा से निकली जलधारा हैं या झरने, तालाब, पोखर से निकली हैं तथा सीमित क्षेत्र में प्रवाहित होकर उस क्षेत्र में नदी के समस्त दायित्वों को पूर्ण करती हैं किन्तु मानव की संकीर्ण भौतिकवादी सोच का शिकार होने के कारण यह सहायक नदियां नाले या नदी चिन्ह के रूप में दृष्टिगोचर हो रही थीं। किन्तु शासन की जल संरक्षण नीति के अन्तर्गत प्रशासन के अथक प्रयासों से विलुप्तप्राय नदियों को पुनर्जीवित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी श्रंखला का एक उदाहरण है रामपुर जनपद की मिलक तहसील की नाहल नदी। जहां का मैं मूल निवासी हूं। 25-30 वर्ष पूर्व यह नदी के समस्त दायित्वों का निर्वहन करती थी। यद्यपि यह नदी भी रामपुर की प्रमुख नदी कोसी से निकली एक जलधारा हैं जो स्वार क्षेत्र से होते हुए सदर तहसील के चमरौआ ब्लाक के 5 गांवों में घूमती हुई मिलक क्षेत्र में प्रवेश करती है। स्वार और चमरौआ क्षेत्र में लोग इसे नदी -नाले के नाम से जानते है किन्तु मिलक क्षेत्र में यह नाहल नदी के नाम से विख्यात है। नाहल नाम नाले का अपभ्रंश रूप प्रतीत होता है। नाहल नदी मिलक ब्लाक में गंगापुर कदीम से निस्बी तक 51 किमी की दूरी में प्रवाहित होकर बरेली जनपद के मीरगंज में खंडिया नदी में मिलती है। किन्तु मानवजनित कुचेष्टाओं के कारण यह नदी मिलक नगर में लम्बे समय से नाले के रूप दृष्टिगोचर हो रही थी क्योंकि इसमें मिलक नगर के नालियों और नालों का गंदा पानी ही पहुंचता था, जबकि बचपन में हमने मिलक प्राइमरी स्कूल में पढ़ने जाते समय कल-कल करते स्वच्छ जल से युक्त इसके स्वरूप को देखा है। आज शासन की नीति और प्रशासन के अथक प्रयासों से विलुप्तप्राय 51 किमी लम्बी नाहल नदी को पुनर्जीवन मिला है ताकि जलस्त्रोतों को संरक्षित करके जलसंचयन के साथ गिरते भूमिगत जल स्तर को रोका जा सके और पर्यावरण को वृक्षारोपण करके हराभरा बनाने के साथ नदी तटों को कटान से सुरक्षित किया जा सके। इस हेतु जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह व पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र का प्रयास लाघनीय है जिन्होंने जमीनी स्तर पर नदी का स्थलीय निरीक्षण कर विकास, राजस्व, सिंचाई, पुलिस विभाग के कर्मचारियों को निर्देशित किया। साथ ही नदी सम्बद्ध 29 ग्राम पंचायतों के लोगों से सीधा सम्पर्क स्थापित कर नदी के पुनर्जीवन की उपादेयता को समझाया। साथ ही कार्य में आ रही रुकावटों के निराकरण हेतु गांववासियों से बातचीत की और अतिक्रमणवादियों को चिन्हित कर सख्ती से नदी जमीन खाली करने हेतु आदेशित किया। नाहल नदी पुनर्जीवन में दोनों अधिकारियों ने श्रमिकों के साथ स्वयं फावड़ा चलाकर श्रमदान किया और एक सार्थक संदेश दिया। इस नदी के पुनर्जीवन से 29 ग्राम पंचायतों के किसानों को सिंचाई का सरलता से सीधा लाभ मिलेगा। जल बहाव को रोकने और भूजल स्तर को बनाए रखने के लिए नदी में जगहों को चिन्हित करके खंदकों का निर्माण किया गया। साथ ही नदी के दोनों ओर पटरी बनाई गई ताकि आवागमन और वृक्षारोपण का कार्य सुगमता से सम्पन्न हो सके। नदी का खुदाई कार्य मनरेगा द्वारा कराया गया और मनरेगा के कार्डधारक ही काम पर लगाए गए। नदियां चरैवेति-चरैवेति, मिलन, परमार्थ और पवित्रता की स्वत: साक्षात संदेशवाहक हैं। पूजा-पाठ के समय गायन किया जाने वाला पवित्रता- मंत्र -स बाह्याभ्यन्तर: शुचि अर्थात हम बाह्य और आंतरिक रूप से पवित्रता को धारण करें, मानव समाज को संदेश देता है कि हम अपने स्वयं के साथ -साथ अपने चारों ओर व्याप्त पर्यावरण को पवित्र, शुद्ध व स्वच्छ बनाने भी योगदान दें ताकि भविष्य में आने वाली पीढ़ियों को भूजल स्तर की गिरावट आदि प्राकृतिक आपदाओं का सामना न करना पड़े।

**-डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा**

# योग की विरासत सहेजने को एक अनूठी वैश्विक पहल

**दरअसल, गिनीज बुक रिकॉर्ड की टीम कई महीने पहले से तैयारी करती है इस तरह के रिकॉर्ड दर्ज करने की। एक पूरा एग्रीमेंट बनाया जाता है। 90 दिन पहले प्रोसेस शुरू होता है। बाकायदा लाइसेंस इश्यू किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि अक्षर योग केंद्र के खाते में इससे पहले नौ गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हैं। डेढ़ दशक पहले स्थापित अक्षर योग केंद्र इस समय आयुष योग इंस्टीट्यूशन सार्टिफेकशन बॉडी में शामिल है।**

यह सुखद संयोग ही है कि भारत की सिलकॉन वैली कहे जाने वाले बेंगलुरु से योग की अनूठी धारा दुनिया को हैरत में डालने वाली है। यूं तो बेंगलुरु आईटी हब है, लेकिन यहां आध्यात्मिक ज्ञान व योग की भी वैश्विक ख्याति है। आजकल बेंगलुरु स्थित अक्षर योग केंद्र इन देश-विदेश के हजारों योग साधकों की गहमा-गहमी का केंद्र बना हुआ है। आध्यात्मिक व योग गुरु हिमालय सिद्ध अक्षर के नेतृत्व में इतिहास रचने की तैयारी जारी है। जिसमें अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका व एशिया के हजारों प्रतिभागी 12 गिनीज बुक रिकॉर्ड के ऑफिशियल प्रयास की तैयारी में जुटे हैं। यह आयोजन इस बार 11वें विश्व योग दिवस पर होने जा रहा है। अन्य विधाओं के साथ योग में भी विश्व रिकॉर्ड बनाने की क्या जरूरत है। हिमालय सिद्ध अक्षर कहते हैं कि यह प्रयास हमारी प्राचीन विरासत के संरक्षण के साथ दुनिया को यह बताना है कि इसके असली वारिस हम ही हैं। उल्लेखनीय है कि इस बार 11वें विश्व योग दिवस के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थीम योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ घोषित की है। उल्लेखनीय है कि साल 2010 में स्थापित अक्षर योग केंद्र यह आयोजन पहले ताइवान में करने जा रहा था। लेकिन भू-राजनीतिक कारणों की चुनौती के चलते इस आयोजन को बेंगलुरु में ही आयोजित करने का फैसला किया है। बता दें कि अक्षर योग केंद्र के नाम पहले ही योगासनों के नौ विश्व रिकॉर्ड दर्ज हैं। जिसमें संस्थान के नाम वर्ष 2021 में वशिष्ठासन, 2022 में धनुरासन, वर्ष 2023 में उष्ट्रासन, हलासन तथा 2024 में चक्रासन, नौकासन, कौडिन्यासन, नटराजासन व सूर्य नमस्कार के लिए गिनीज बुक रिकॉर्ड दर्ज हो चुके हैं।

**रिकॉर्ड के लिए जुटेंगे देशी-विदेशी साधक**

दरअसल, पिछले डेढ़ महीने से दो हजार युवा योग साधक ट्रेंड हो रहे हैं। इस बार होने वाली प्रतियोगिता में हर रिकॉर्ड भाग लेने वाले साधकों के नंबर दिए जाएंगे। इस बार जहां कुछ रिकॉर्ड बनाए जाएंगे, वहीं कुछ रिकॉर्ड टूटेंगे। उनकी संख्या में विस्तार किया जाएगा। इस बार की स्पर्धा का रोचक पक्ष यह है कि इसमें सेना व अर्द्ध सैनिक बलों के योग साधक रिकॉर्ड बनाने वाली टीम का हिस्सा होंगे। इसमें थल सेना, वायु सेना, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ व कर्नाटक पुलिस के युवा साधक शामिल होंगे। इनके हर विभाग के युवा होंगे। इसके अलावा कालेज के छात्र व मल्टीनेशनल कंपनियों के साधक भी शामिल होंगे। साथ ही, अक्षर योग केंद्र के साढ़े तीन सौ विदेशी साधक आएंगे। जिनमें फ्रांस, यूएसए, लंदन, दुबई, हांगकांग, सिंगापुर, ताइवान, मलेशिया व जापान के योग साधक शामिल हैं। इन साधकों की पिछले दो महीने से ऑनलाइन ट्रेनिंग चल रही है। इन रिकॉर्ड की तार्किकता की पड़ताल के लिए गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की तरफ से दो सौ इंस्पेक्ट स्टुअर्ड तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड के तीन सीनियर ऑफिशियल भी मौजूद रहेंगे। इसमें एक विदेश से तथा दो भारत स्थित ऑफिशियल टीम का हिस्सा होंगे।

**ट्रेनिंग के लिए 70 योग शिक्षकों की टीम**

उल्लेखनीय है कि रिकॉर्ड दर्ज करने से इसकी लंबी प्रक्रिया में पहले आवेदन किया जाता है कि ऐसे रिकॉर्ड बनाए जाएंगे, इसकी इतनी समय अवधि होगी। फिर टीम पूरे विश्व में जांच करती है कि क्या इससे पहले कोई रिकॉर्ड दर्ज तो नहीं है। समय, संख्या के अलावा बारह से अधिक पैरामीटर निर्धारित हैं। कुछ आसनों में छोटे बच्चे भाग नहीं ले सकते। जैसे बारह साल से कम के बच्चों को सुरक्षा कारणों से हैंड स्टैंड नहीं करने दिया जाता। वहीं अक्षर योग केंद्र की 70 योग शिक्षकों की टीम है, जिनकी मदद के लिए हैल्पर भी नियुक्त किए गए हैं। जो साधकों को योग सिखा रहे हैं। इस आयोजन का एक रोचक पक्ष यह है कि लगभग 50 दिव्यांग बच्चों की दो विशेष टीम भी आयोजन का हिस्सा होंगी। एक भारत से और दूसरी विदेशों से। ये दिव्यांग बच्चे बारह में से छह आसन पूरा करेंगे। ये देख- सुन नहीं सकते। ये बच्चे प्रतियोगिता वाले दिन मेन स्टेज पर प्रदर्शन भी करेंगे।

**80 दिनों तक 12 आसनों का प्रशिक्षण**

इस साल ग्यारहवें विश्व योग दिवस 21 जून को होने वाले इस आयोजन में देश-विदेश के हजारों योग साधक हिमालय सिद्ध अक्षर के मार्गदर्शन में पसीना बहा रहे हैं। इस साल बनने वाले रिकॉर्ड में जो आसन शामिल हैं उनमें भद्रासन, अधोमुख श्वानासन, शलभासन, गरुड़ासन , एक पाद पादांगुष्ठासन, उभय पादांगुष्ठासन, एक पाद राजकपोतासन प्रमुख हैं। वहीं जो पिछले रिकॉर्ड तोड़ने की तैयारी है, उनमें सेतुबंध, सर्वांगासन, वीरभद्रासन व उत्कटासन शामिल हैं। हिमालय सिद्ध अक्षर बताते हैं कि योग के इस महाकुंभ में करीब साठ देशों के योग साधक भाग लेगें। फिलहाल इसमें अमेरिका, यूरोप व एशियाई देशों के लगभग पांच-पांच सीनियर टीचर मूव करेंगे। ए सीनियर योग शिक्षक हैं। वहीं ट्रेंड योग साधकों की संख्या दो हजार के करीब रहेगी।

**-साभार डीटी**

# अंधविश्वास तथा आडम्बरों के घोर विरोधी थे कबीर दास






मध्यकालीन युग के महान कवि संत कबीर दास जी ने अपना सारा जीवन देशाटन करने और साधु-संतों की संगति में व्यतीत कर दिया और अपने उन्हीं अनुभवों को उन्होंने मौखिक रूप से कविताओं अथवा दोहों के रूप में लोगों को सुनाया। अपनी बात लोगों को बड़ी आसानी से समझाने के लिए उन्होंने उपदेशात्मक शैली में लोक प्रचलित और सरल भाषा का प्रयोग किया। उनकी भाषा में ब्रज, अवधी, पंजाबी, राजस्थानी तथा अरबी फारसी के शब्दों का मेल था। अपनी कृति सबद, साखी, रमैनी में उन्होंने काफी सरल और लोक भाषा का प्रयोग किया है। गुरु के महत्व को सर्वोपरि बताते हुए समाज को उन्होंने ज्ञान का मार्ग दिखाया।

मध्यकालीन युग के इन्हीं महान कवि संत कबीर दास जी की जयंती प्रतिवर्ष जएष्ठ माह की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है, जो इस वर्ष 11 जून को मनाई जा रही है। माना जाता है कि इसी पूर्णिमा को विक्रमी संवत 1455 सन 1398 में उनका जन्म काशी के लहरतारा ताल में हुआ था। संत कबीर सदैव कड़वी और खरी बातें करने वाले ऐसे स्वच्छंद विचारक थे, जिन्होंने समाज में फैली कुरीतियों, कर्मकांड, अंधविश्वास, अंधश्रद्धा, आडम्बरों की कड़ी आलोचना करते हुए समाज में प्रेम, सद्भावना, एकता और भाईचारे की अलख जगाई। उन्होंने अपने दोहों और वाणी के माध्यम से धर्म के नाम पर आम जनता

**मध्यकालीन युग के इन्हीं महान कवि संत कबीर दास जी की जयंती प्रतिवर्ष ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है, जो इस वर्ष 11 जून को मनाई जा रही है । माना जाता है कि इसी पूर्णिमा को विक्रमी संवत 1455 सन 1398 में उनका जन्म काशी के लहरतारा ताल में हुआ था । संत कबीर सदैव कड़वी और खरी बातें करने वाले ऐसे स्वच्छंद विचारक थे, जिन्होंने समाज में फैली कुरीतियों, कर्मकांड, अंधविश्वास, अंधश्रद्धा, आडम्बरों की कड़ी आलोचना करते हुए समाज में प्रेम, सद्भावना, एकता और भाईचारे की अलख जगाई । उन्होंने अपने दोहों और वाणी के माध्यम से धर्म के नाम पर आम जनता को दिग्भ्रमित करने वाले काजी, मौलवी, पंडितों, पुरोहितों को आईना दिखाने का भी साहसिक प्रयास किया ।**

को दिग्भ्रमित करने वाले काजी, मौलवी, पंडितों, पुरोहितों को आईना दिखाने का भी साहसिक प्रयास किया। संत कबीर नित्य प्रति सत्संग किया करते थे और लोग दूरदराज से भी उनके प्रवचन सुनने आया करते थे।

उनकी वाणी में ऐसी अद्भुत ताकत थी कि लोग उनका सत्संग सुनने अपने आप ही दूर-दूर से उनकी ओर खिंचे चले आते थे। एक दिन सत्संग खत्म होने के बाद भी एक व्यक्ति वहां बैठा रहा। कबीरदास ने उस व्यक्ति से इसका कारण पूछा तो उसने उत्तर दिया, महाराज! मुझे आपसे कुछ जानना है। दरअसल मैं एक गृहस्थ हूं और परिवार में सभी लोगों से अक्सर मेरा झगड़ा होता रहता है। मुझे समझ ही नहीं आता कि आखिर मेरे यहां गृह क्लेश क्यों होता है और वह किस प्रकार दूर हो सकता है? संत कबीर कुछ देर चुप रहे, फिर उन्होंने अपनी पत्नी को आवाज लगाते हुए कहा कि जरा लालटेन जलाकर लाओ! दोपहर का समय था और बाहर तेज धूप निकली हुई थी लेकिन उनकी पत्नी बिना कोई सवाल पूछे चुपचाप उनके कहेनुसार लालटेन जलाकर ले आई।

वह आदमी भौंचक्का सा यह दृश्य देखते हुए विचार करने लगा कि आखिर संत ने इतनी दोपहर में भी लालटेन क्यों मंगाई है? कुछ मिनटों के बाद कबीरदास ने फिर पत्नी को आवाज लगाई और कहा कि जरा कुछ मीठा दे जाना। पत्नी आई और मीठे के बजाय थोड़ी नमकीन रखकर चली गई। वह व्यक्ति सोचने लगा कि ए संत और इनकी पत्नी शायद पागल हैं, तभी दोपहर के समय लालटेन जलाते हैं और मीठे के बदले यहां नमकीन मिलती है। यही सोचकर उसने चुपचाप वहां से खिसकने के इरादे से कहा कि महाराज! मैं अब चलता हूं। लेकिन कबीरदास ने उससे पूछा कि आपको अपनी समस्या का समाधान मिला या अभी भी कोई संशय शेष है?

उस व्यक्ति को कुछ समझ नहीं आया और वह आश्चर्य से उनकी ओर देखने लगा तो संत कबीर ने उसे समझाते हुए कहा कि जिस प्रकार मैंने दोपहर की रोशनी में भी लालटेन मंगवाई तो मेरी धर्मपत्नी मुझे ताना मारते हुए कह सकती थी कि मैं सठिया गया हूं, जो इस दोपहरी में भी लालटेन मंगवा रहा हूं लेकिन उसने सोचा कि अवश्य ही मुझे किसी काम के लिए लालटेन की जरूरत होगी। इसी प्रकार मेरे मीठा मंग. वाने पर जब वह नमकीन देकर गई तो मैं भी उससे बहस कर सकता था लेकिन मैंने विचार किया कि संभवत: घर में कोई मीठी वस्तु नहीं होने पर ही वह नमकीन देकर गई है। आखिर गृहस्थ जीवन में ऐसे बातों को लेकर तकरार का क्या अर्थ? कबीरदास ने उसे गृहस्थ जीवन का मूल मंत्र समझाते हुए कहा कि अगर पति से कोई गलती हो जाए तो पत्नी संभाल ले और पत्नी से कोई गलती होने पर पति उसे नजरअंदाज कर दे। गृहस्थी में आपसी विश्वास से ही तालमेल बनता है और इससे विषम से विषम परिस्थिति भी स्वत: ही हल हो जाती है।

# गोलीबारी से ऑस्ट्रिया के स्कूल में 11 छात्रों की मौत

## हमलावर स्कूल के छात्र ने खुद को भी मारी गोली



**वियना।** ऑस्ट्रिया के ग्राज शहर में मंगलवार सुबह एक हाई स्कूल में फायरिंग की घटना हुई। इसमें 11 लोगों की मौत हो गई और 28 घायल हो गए। उनमें से चार की हालत बेहद गंभीर है। कुछ लोगों के सिर में भी गोली लगी है।

पुलिस ने इलाके में बड़ा ऑपरेशन शुरू कर दिया है और लोगों से कहा गया है कि वे वहां से दूर रहें। ऑस्ट्रियाई मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक सुबह करीब 10 बजे बोर्ग ड्रेयर्सचुटजेनगैस हाई स्कूल के अंदर गोलियों की आवाजें सुनी गईं। इसके तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची। रिपोर्ट के अनुसार, संदिग्ध हमलावर शायद उसी स्कूल का छात्र था और उसने खुद को गोली मारकर जान ले ली। स्कूल के बाथरूम में उसकी बॉडी मिलने की भी सूचना है। ऑस्ट्रिया के गृह मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि मृतकों की वास्तविक संख्या अभी नहीं बताई जा सकती है, इसके साथ ही घायलों की संख्या की पुष्टि भी नहीं की जा सकती है। पुलिस प्रवक्ता सबरी योर्गुन ने बताया कि पुलिस अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वहां क्या हुआ था। फिलहाल स्पेशल फोर्स कोबरा को मौके पर तैनात किया गया है। ऑस्ट्रियाई चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर भी ग्राज के लिए रवाना हो गए हैं, जहां उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की योजना है। हाई स्कूल में घटी इस घटना की गंभीरता को देखते हुए पूरे इलाके को घेर लिया गया है और पुलिस ने लोगों से शांत रहने और अफवाहों से बचने की अपील की है।

ग्राज ऑस्ट्रिया का दूसरा सबसे बड़ा शहर है, जो देश के दक्षिण-पूर्व में स्थित है और वहां करीब 3 लाख लोग रहते हैं। यूरोपीय यूनियन के विदेश नीति प्रमुख काजा कालास ने कहा कि ऑस्ट्रिया के स्कूल में गोलीबारी की खबर सुनकर बहुत दुखी हूं। हर बच्चे को स्कूल में सुरक्षित महसूस करना चाहिए और उसे भय और हिंसा से मुक्त होकर सीखने में सक्षम होना चाहिए। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं पीड़ितों, उनके परिवारों और ऑस्ट्रियाई लोगों के साथ हैं।

## कैलिफोर्निया: पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर चलाई रबर की गोलियां

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स शहर में पुलिस ने शोरगुल वाले ग्रेनेडों के बाद सबसे सक्रिय प्रदर्शनकारियों पर रबर की गोलियां चलाई है। समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने बताया कि इससे पहले सुरक्षा बलों ने फ्लैश-बैंग ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। बाद में कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने सक्रिय प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया। गौरतलब है कि हिंसा सात जून को तब भड़की जब लॉस एंजिल्स में अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) सेवा की ओर से अवैध प्रवासियों के खिलाफ छापेमारी की गई, जिसके बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पें हुईं। इसी बीच प्रांत के लिए संघीय फंड में कटौती की खबरें भी सामने आईं। अगले दिन व्हाइट हाउस ने शहर में दो हजार नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनाती का ऐलान किया। लॉस एंजिल्स काउंटी के अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने नेशनल गार्ड की तैनाती की मांग नहीं की थी।



कीव। रूसी ड्रोन हमले के दौरान बम आश्रय के रूप में इस्तेमाल किए जा रहे मेट्रो स्टेशन पर आराम करते लोग।

## अमेरिका की राजधानी में सैन्य परेड की तैयारी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका की राजधानी में सेना के 250वें जन्मदिन और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के 79वें जन्मदिन के सम्मान में शनिवार की सैन्य परेड की तैयारी हो रही है। सीक्रेट सर्विस के वाशिंगटन फील्ड ऑफिस के मैट मैककूल ने सोमवार को एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि हम भारी भीड़ के लिए तैयारी कर रहे हैं। अधिकारी के अनुसार 18 मील से अधिक 'एंटी-स्केल फेंसिग' लगाई जाएगी और कई ड्रोन का भी उपयोग किया जाएगा। कोलंबिया का पूरा जिला आम तौर पर ड्रोन के लिए नो-फ्लाई ज़ोन है। सेना के अधिकारियों ने शाम की सैन्य परेड में लगभग दो लाख लोगों के शामिल होने का अनुमान लगाया है और मैककूल ने कहा कि वह इस समारोह में लाखों लोगों आगमन के लिए तैयार हैं। दिन के समय जन्मदिन समारोह और रात के समय परेड में प्रवेश को नियंत्रित करने वाली सुरक्षा चौकियों पर कुल 175 मैग्नेटोमीटर का उपयोग किया जायेगा।

# गाजा में उग्रवादी संगठन की मदद कर रहा इजरायल

## हमास का मुकाबला करने के लिए हाथयार भी दिए

**गाजा।** इजरायल सरकार पर गंभीर आरोप लगे हैं कि उसने गाजा में हमास का मुकाबला करने के लिए एक फलस्तीनी मिलिशिया को हथियार दिए हैं। गाजा में हमास का पिछले 2 दशक से कब्जा है।

इजरायल तमाम कोशिशों के बावजूद हमास का पूरी तरह से खात्मा नहीं कर पाया है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इजरायल ने गाजा में हमास को खत्म करने की जिम्मेदारी 'पॉपुलर फोर्सेज' को दी है। इसका लीडर यासर अबू शबाब है। अबू शबाब खुद को 'आतंकवाद को मिटाने वाला' कहता है, लेकिन कई मानवाधिकार संगठन इसे लुटेरों और अपराधियों का नेता मानते हैं।

### नेतन्याहू बोले: इसमें कोई बुराई नहीं

इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भी पिछले सप्ताह माना था कि उन्होंने गाजा में हमास को कमजोर करने के लिए उनके विरोधी संगठनों को अपना समर्थन दिया है। नेतन्याहू ने कहा कि अगर इससे इजरायली सैनिकों की जान बचती है, तो इसमें क्या गलत है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अबू शबाब एक समय छोटे अपराधों में लिप्त था। कुछ साल पहले हमास की पुलिस ने उसे चोरी और ड्रग्स की तस्करी के आरोप में जेल में डाल दिया था। 2023 के अंत में जब इजरायल और हमास के बीच जंग छिड़ी, तो इजरायली हवाई हमलों की आड़ में वह जेल से फरार हो गया। जेल से भागने के बाद उसने खुद का एक सशस्त्र संगठन पॉपुलर फोर्सेज मिलिशिया खड़ा कर लिया। पॉपुलर फोर्सेज मिलिशिया दक्षिणी गाजा में एक्टिव है। इसमें 100 से ज्यादा मेंबर हैं। ये लड़ाके फलस्तीनी झंडे और 'काउंटर- टेररिज्म यूनिट' के पैच वाली वर्दी पहनते हैं। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि पॉपुलर फोर्सेज इजरायली सेना के नियंत्रण वाले इलाकों में काम कर रही है।

# कैटरीना कैफ बनी मालदीव की ग्लोबल टूरिज्म एम्बेसडर

## भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करने की कोशिश



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ अब मालदीव की ग्लोबल टूरिज्म एम्बेसडर बन गई हैं। मंगलवार को सोशल मीडिया पर यह घोषणा की गई। विजिट मालदीव ने इस खबर को शेयर करते हुए कहा कि वे कैटरीना कैफ को अपने ग्लोबल ब्रांड एम्बेसडर के रूप में पाकर बेहद खुश हैं।

गौरतलब है कि कैटरीना भारत में ब्रांड एंडोर्समेंट की दुनिया का बड़ा चेहरा हैं। कैटरीना ने इस मौके पर कहा कि मालदीव लग्जरी और नेचुरल ब्यूटी का शिखर है, ऐसी जगह जहां सादगी और शांति एक साथ मिलती है। 'सनी साइड ऑफ लाइफ' का फेस बनकर मुझे गर्व महसूस हो रहा है। इस कोलेबोरेशन के जरिए मैं दुनियाभर के लोगों को मालदीव की खासियत और बेहतरीन यात्रा अनुभव से परिचित कराने के लिए उत्साहित हूं। भारत-मालदीव रिश्तों में खटास के बीच आया यह कोलेबोरेशन यह कोलेबोरेशन ऐसे वक्त में हुआ है जब भारत और मालदीव के रिश्तों में पिछले साल जनवरी के बाद से कुछ कड़वाहट देखी गई थी। विजिट मालदीव ने हाल ही में समर सेल कैंपेन लॉन्च किया है ताकि दुनियाभर से ज्यादा से ज्यादा सैलानी मालदीव की खूबसूरती, समृद्ध समुद्री जीवन और लग्जरी अनुभवों को जान सकें। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने मालदीव की यात्रा पर जा सकते हैं। मालदीव नेताओं की आपत्तिजनक टिप्पणियों ने बढ़ाया था विवाद गौरतलब है कि 2024 की शुरुआत में दोनों देशों के रिश्तों में खटास आई थी।

# यमन में 177 अफ्रीकी प्रवासियों को बचाया गया

**अदन।** यमन के सुरक्षा बलों ने सोमवार को रेड सी तट के बाब अल-मंडब क्षेत्र में मानव तस्करी गिरोह से 177 अफ्रीकी प्रवासियों को बचाया, जिसमें कई महिलाएं भी शामिल थीं।

यहां के एक सुरक्षा सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि यमन के सरकारी बलों ने तैज प्रांत के धुबाब तटीय जिले में मानव तस्करी नेटवर्क से कई इथियोपियाई प्रवासियों को मुक्त कराया। यह बचाव अभियान बाब अल-मंडब से लेकर प्रांत लाहज के रस अल-अरह तटीय क्षेत्र तक फैले एक व्यापक सुरक्षा ऑपरेशन का हिस्सा था। सूत्रों के अनुसार यमन की पश्चिमी तटरेखा पर अफीकी और यमनी तस्करों के सहयोग से मानव तस्करी के नेटवर्क सक्रिय हैं। ये गिरोह नाव से आये अवैध प्रवासियों को अपहरण कर निजी ठिकानों में कैद कर उनका शोषण करते हैं। यमनी न्यूज एजेंसी दो दिसम्बर ने इस सुरक्षा अभियान की पुष्टि करते हुए, इसे मानव तस्करी के खिलाफ जारी मुहिम का हिस्सा बताया। पश्चिमी तटीय सुरक्षा क्षेत्र के कमांडर ब्रिगेडियर जनरल मुजाहिद अल-हजौरा ने कहा कि इस अभियान में धुबाब के विभिन्न हिस्सों में तस्करों की ओर से इस्तेमाल किए जाने वाले ठिकानों और हिरासत स्थलों को निशाना बनाया गया तथा 123 पुरुषों और 54 महिलाओं को सफलतापूर्वक मुक्त कराया गया।

# पाक हुआ 76 हजार अरब रुपये का कर्जदार, वित्त मंत्री फिर भी संतुष्ट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सोमवार, 9 जून को इकोनॉमिक सर्वे 2024-25 जारी किया गया। इसे वित्तमंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने पेश किया। सर्वे के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीनों में पाकिस्तान पर कर्ज बढ़कर 76000 अरब पाकिस्तानी रुपये हो गया।

इसमें से 51500 अरब रुपये लोकल बैंकों से और 24500 अरब रुपये देश के बाहर दूसरे देशों या बैंकों से लिया गया है। वित्तमंत्री ने कहा कि पिछले दो सालों से देश की अर्थव्यवस्था में सुधार आया है। मौजूदा वित्त वर्ष में इसमें स्थिरता और मजबूती आई है। नकदी के संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था इस साल 2.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है। पाकिस्तान का वित्तीय वर्ष 1 जुलाई से शुरू होता है, जिसके लिए आज शाम पाकिस्तान का बजट पेश होगा।



### दो साल में अर्थव्यवस्था पटरी पर लौटी

इससे एक दिन पहले इकोनॉमिक सर्वे पेश किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में औरंगजेब ने बताया कि साल 2023 में जीडीपी ग्रोथ 0.2 प्रतिशत थी, जो 2024 में बढ़कर 2.5 प्रतिशत हो गई है। वित्तमंत्री ने कहा, 2025 के लिए हमने 2.7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। यह एक रिकवरी है और स्थाई विकास की दिशा में सही कदम है। अगला वित्तीय वर्ष एक बदलाव की कहानी होगा। वित्त वर्ष 2024-25 में जुलाई से अप्रैल के बीच चालू खाता (करंट अकाउंट) में 1.9 अरब डॉलर का सरप्लस दर्ज हुआ। इसकी मुख्य वजह आईटी सेक्टर से 3.5 अरब डॉलर का होने वाला निर्यात रहा। रेमिटेंस यानी जो लोग दूसरे देशों में पैसा कमाकर पाकिस्तान भेजते हैं, वो इस साल के अंत तक 37 से 38 अरब डॉलर पहुंच सकता है। दो साल पहले यह 27 अरब डॉलर था। 30 जून 2024 तक पाकिस्तान का फॉरेक्स रिजर्व्स यानी विदेशी मुद्रा भंडार 9.4 अरब डॉलर थे। 2023 में पाकिस्तान के पास सिर्फ दो हफ्ते के आयात के लिए ही विदेशी मुद्रा भंडार बचा था।

## अमेरिका में व्यापक यात्रा प्रतिबंध लागू

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से जारी व्यापक यात्रा प्रतिबंध सोमवार से लागू हो गया, जो ट्रम्प-प्रशासन की कड़ी आव्रजन नीति के बीच बढ़ते हंगामे के दौरान आया है। सप्ताहांत में, कैलिफोर्निया में आव्रजन छापों के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान लॉस एंजिलेस में प्रदर्शनकारियों की नेशनल गार्ड से झड़प हुई। न्यूयॉर्क सिटी में सोमवार को प्रदर्शनकारियों ने ट्रम्पटॉवर पर कब्जा कर लिया और हाल ही में हिरासत में लिए गए प्रवासियों की रिहाई की मांग की। करीब 20 मिनट की तनातनी के बाद पुलिस ने करीब 20 लोगों को गिरफ्तार किया। पिछले सप्ताह ट्रम्प ने एक घोषणा पर हस्ताक्षर किए, जिसमें 12 देशों के नागरिकों के अमेरिका में प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया।

## मेलबर्न में कार दुर्घटना में दो लड़कों की मौत

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी मेलबर्न में सोमवार देर रात एक कार दुर्घटना में दो लड़कों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी गिप्सलैंड क्षेत्र में मंगलवार को मेलबर्न से 300 किलोमीटर पूर्व में ओरबोस्ट शहर में एक कार के पेड़ से टकराने की सूचना पर आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। इस हादसे में 18 वर्षीय पुरुष चालक और 15 वर्षीय पुरुष यात्री की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।




# छात्र बदसलूकी पर अमेरिका ने दी सफाई

## अवैध एंट्री बर्दाश्त नहीं, वैध तरीके से आएं, तो स्वागत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के न्यूजर्सी में भारतीय छात्र को जमीन पर पटकने, हथकड़ी लगाने और डिपोर्ट करने के मुद्दे पर भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने मंगलवार को बयान दिया। दूतावास ने कहा कि अमेरिका में अवैध एंट्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अमेरिकी दूतावास ने एक्स पर लिखा-अमेरिका अपने देश में वैध यात्रियों का स्वागत करता है।

हम अवैध एंट्री, वीजा का दुरुपयोग या अमेरिकी कानून के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं करेंगे। इससे पहले भारतीय मूल के अमेरिकी बिजनेसमैन कुणाल जैन ने रविवार को इस घटना वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था। जैन ने एक्स पर लिखा-मैंने न्यूअर्क एयरपोर्ट पर एक युवा भारतीय छात्र को हथकड़ी लगाकर, रोते हुए, अपराधी की तरह ट्रीट होते देखा। जैन ने बताया कि छात्र हरियाणवी में कह रहा था कि मैं पागल नहीं हूं,

### एयरपोर्ट पर छात्र को पटका फिर इंडिया भेजा था

ये लोग मुझे पागल साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। वीडियो में एयरपोर्ट अधिकारियों ने छात्र को जमीन पर पटका और उसे हथकड़ी लगाई। इसके बाद उसे भारत डिपोर्ट कर दिया गया। अभी तक यह साफ नहीं है कि छात्र को किस वजह से डिपोर्ट किया गया। अधिकारियों ने भारतीय छात्र को हथकड़ी लगाकर जमीन पर पटक दिया। छात्र ने कहा कि वो पागल नहीं है, उसे जबरदस्ती पागल साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। कुनाल जैन ने कहा था कि बच्चे वीजा लेकर सुबह फ्लाइट से आते हैं। किसी कारण से इमिग्रेशन अथॉरिटीज को अपने आने का कारण समझा नहीं पाते और शाम की फ्लाइट से हाथ-पैर बांधकर, मुजरिमों की तरह भेज दिए जाते हैं। हर दिन 3-4 ऐसे मामले हो रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में ऐसे केस ज्यादा बढ़ गए हैं। जैन ने भारतीय दूतावास, अमेरिका और भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की। उन्होंने लिखा था कि पता लगाना चाहिए कि इस छात्र का क्या हो रहा है। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर एक्स पर लिखा कि अमेरिका में लगातार भारतीय नागरिकों को अपमानित किया जा रहा है। हर दिन ऐसी खबरें आ रही हैं और नरेंद्र मोदी चुप्पी साधे हुए हैं। मोदी सरकार भारतीयों के सम्मान की रक्षा करने में नाकाम साबित हुई है। हमारी मांग है कि नरेंद्र मोदी को ट्रंप प्रशासन से भारतीयों के अपमान को लेकर बात करनी चाहिए।

